P-01:28 paga09_jhn.qxd 10/24/2025 7:09 PM Page 1


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.uttambharatnews.com
RNI No. DELHIN/2017/75336
email:-uttambharat05@gmail.com

कार्तिक शुक्ल पक्ष चतुर्थी, विक्रम संवत् 2082

वर्ष : 09 अंक : 276
नई दिल्ली
शनिवार, 25 अक्टूबर 2025
मूल्य : 3.00 पृष्ठ : 12


# उत्तम भारत


"सत्य, निष्पक्ष, भारत"

नई दिल्ली व हरियाणा से प्रकाशित • चंडीगढ़ • उत्तर प्रदेश • मध्यप्रदेश • उत्तराखंड • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • छत्तीसगढ़ • जम्मू कश्मीर से प्रसारित





03 दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बीएसएफ कैंप ...
06 बिहार चुनाव : मुद्दों एवं मूल्यों से दूर भागती...
केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बर्लिन में टॉप ... 12


## संयुक्त राष्ट्र की मूल भावना बनाए रखते हुए इसका पुनर्गठन एक चुनौती : जयशंकर

### भारत हमेशा से संयुक्त राष्ट्र और बहुपक्षवाद का प्रबल समर्थक रहा है और आगे भी रहेगा

शैलेन्द्र शर्मा



**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डा.एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र में सुधारों की जोरदार वकालत करते हुए शुक्रवार को कहा कि वैश्विक संस्था की निर्णय लेने की प्रक्रिया मौजूदा वैश्विक प्राथमिकताओं के अनुरूप नहीं है और सभी को उसकी मूल भावना को बनाए रखते हुए इसके पुनर्गठन की चुनौती का सामना करना चाहिए।

डॉ. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर यहां स्मारक डाक टिकट जारी करने के बाद कहा कि दुनिया आज भी कई बड़े संघर्षों का सामना कर रही जो मानव जीवन पर भारी असर डाल रहे हैं। विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के देशों ने इस पीड़ा को महसूस किया है। उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र दिवस पर मैं शांति और सुरक्षा के साथ-साथ विकास और प्रगति के आदर्शों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराना चाहता हूं। भारत हमेशा से संयुक्त राष्ट्र और बहुपक्षवाद का प्रबल समर्थक रहा है और आगे भी रहेगा। विदेश मंत्री ने कहा कि वैश्विक शांति और सुरक्षा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता अन्य बातों के अलावा शांति स्थापना के प्रति हमारे दृढ़ समर्थन में परिलक्षित होती है। संयुक्त राष्ट्र में सुधारों की वकालत करते हुए उन्होंने कहा, इसके साथ ही, हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि संयुक्त राष्ट्र में सब कुछ ठीक नहीं है। इसकी निर्णय प्रक्रिया न तो इसके सदस्यों को प्रतिबिंबित करती है और न ही वैश्विक प्राथमिकताओं को संबोधित करती है। इसकी बहसें तेजी से ध्रुवीकृत होती जा रही हैं और इसका कामकाज स्पष्ट रूप से अवरुद्ध है। किसी भी सार्थक सुधार को सुधार प्रक्रिया के माध्यम से ही बाधित किया जा रहा है। अब, वित्तीय बाधाएँ एक अतिरिक्त चिंता के रूप में उभरी हैं। संयुक्त राष्ट्र को उसके पुनर्निर्माण की कोशिश करते हुए भी कैसे बनाए रखा जाए, यह स्पष्ट रूप से हम सभी के सामने एक बड़ी चुनौती है। डा. जयशंकर ने कुछ देशों की आतंकवाद को लेकर दोहर मानदंड की भी आलोचना की और कहा कि इससे बहुपक्षवाद की विश्वसनीयता प्रभावित होती है। उन्होंने कहा, जब सुरक्षा परिषद का एक वर्तमान सदस्य खुले तौर पर उसी संगठन का बचाव करता है जिसने पहलगाम जैसे बर्बर आतंकवादी हमले की ज़िम्मेदारी ली है, तो इससे बहुपक्षवाद की विश्वसनीयता पर क्या असर पड़ता है? इसी तरह, अगर वैश्विक रणनीति के नाम पर आतंकवाद के पीड़ितों और अपराधियों को एक समान माना जाए, तो दुनिया और कितनी अधिक निंदक हो सकती है। जब स्वयंभू आतंकवादियों को प्रतिबंध प्रक्रिया से बचाया जाता है, तो इसमें शामिल लोगों की ईमानदारी का क्या मतलब है? उन्होंने सवाल किया कि यदि अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना दिखावटी बात हो गई है, तो विकास और सामाजिक-आर्थिक प्रगति की दुर्दशा और भी गंभीर है। सतत विकास लक्ष्य एजेंडा 2030 की धीमी गति ग्लोबल साउथ के संकट को मापने का एक महत्वपूर्ण पैमाना है।

# आरजेडी के जंगलराज ने पीढ़ियों को बर्बाद किया : मोदी

### एनडीए के प्रचंड बहुमत के साथ जारी रहेगा बिहार का विकास : पीएम मोदी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**समस्तीपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को समस्तीपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए जहां जंगलराज की चर्चा करते हुए राजद और कांग्रेस को निशाना साधा, वहीं एनडीए सरकार में किए जा रहे विकास कार्यों की चर्चा की। समस्तीपुर के दुधपुरा पुलिस लाइन मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में जितना पैसा केंद्र से बिहार को मिला था, उससे तीन गुना ज्यादा भाजपा-एनडीए की सरकार में मिला है, जिससे तीन गुना तेज गति से विकास हो रहा है। उन्होंने 2005 की चर्चा करते हुए कहा कि वह अक्टूबर महीना ही था जब नीतीश कुमार के नेतृत्व में जंगलराज को समाप्त किया था और यहां सुशासन की शुरूआत हुई थी। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में एनडीए प्रचंड बहुमत के साथ जीतेगा। पीएम मोदी ने नीतीश कुमार की तारीफ करते हुए कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार को बड़ी मुसीबत से बाहर निकाला है, आप किसी भी दिशा में चले जाइए, आपको या तो केंद्र या फिर राज्य सरकार के विकास का काम चलता दिखेगा। पानी, बिजली, इंटरनेट सिर्फ सुविधा नहीं बल्कि सशक्तिकरण के भी माध्यम हैं। इनसे लोगों को रोजगार मिलता है। पीएम मोदी ने कहा कि आरजेडी और कांग्रेस को अपने-अपने परिवारों के राजनीतिक भविष्य की ही चिंता है। इसलिए आज वो बिहार के नौजवानों के सामने झूठ के नए रिकॉर्ड बना रहे हैं। आरजेडी और कांग्रेस का विकास से छत्तीस का आंकड़ा है। जहां आरजेडी जैसा दल हो वहां कानून व्यवस्था हो ही नहीं सकती। आरजेडी के शासन में यहां रंगदारी, हत्या, फिरौती, अपहरणङ्ग एक उद्योग के रूप में फले-फूले। आरजेडी के जंगलराज ने बिहार की कई पीढ़ियों को बर्बाद कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि इस समय बिहार में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की भी बहुत प्रशंसा हो रही है। बिहार की एक करोड़ 20 लाख बहनों को रोजगार के लिए हर एक बहन के बैंक खाते में 10 हजार रुपए की मदद भेजी गई है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि 14 नवंबर के बाद जब फिर से एनडीए की सरकार बनेगी तो बिहार की लाखों बहनों को रोजगार बढ़ाने के लिए और अधिक प्रोत्साहन दिया जाएगा। पीएम मोदी ने मखाना किसानों के लिए कहा कि हमने नया मखाना बोर्ड बनाया है, ये क्रांति का आरंभ है। हमारी सरकार बिहार के छोटे किसानों और मछुआरों के हितों को प्राथमिकता दे रही है। पीएम किसान सम्मान निधि से हमने छोटे किसानों के बैंक खातों में सीधे पैसा भेजना शुरू किया। बिहार के किसानों के खातों में भी 28 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा जमा किए जा चुके हैं। इससे पहले पीएम मोदी कपूरी ग्राम पहुंचे और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### एनडीए सरकार के लिए विकास सबसे बड़ी प्राथमिकता, राजद ने बिहार को पलायन का अभिशाप दिया : नरेंद्र मोदी

**बेगूसराय।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान में उतरे और चुनावी रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने बेगूसराय में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए सरकार के लिए विकास सबसे बड़ी प्राथमिकता है। जब औद्योगिकीकरण होगा तो नौकरियां भी आएंगी। उन्होंने राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि जंगलराज ने फैक्ट्रियां बंद कर दी थीं और बेगूसराय और बरौनी को पीछे धकेल दिया था, लेकिन आज बेगूसराय औद्योगिक हब बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने जंगलराज को सुशासन में बदला और अब सुशासन को समृद्धि में बदलने का समय है। बेगूसराय में बड़े-बड़े शोरूम खुल रहे हैं। बरौनी रिफाइनरी में हजारों करोड़ का निवेश किया गया और यहां अब पेट्रोकेमिकल्स प्लांट बन रहा है। इससे छोटे उद्योग लगेंगे। उन्होंने कहा कि बरौनी का खाद कारखाना जंगलराज में बंद हो गया था। इसके लिए गैस की जरूरत थी, गैस बिहार में नहीं थी। हमने गैस लाने की योजना बनाई। पश्चिम बंगाल से बिहार के लिए पाइपलाइन बिछाई ताकि नौजवानों को रोजगार मिल सके और किसानों को खाद मिल सके। पीएम मोदी ने महागठबंधन को लठबंधन बताते हुए कहा कि महागठबंधन में एक-दूसरे की खाल खींच रहे हैं। इसमें झटक दल है, लटक दल है, पटक दल है, भटक दल है। ये लोग कैमरे के सामने आकर भले कुछ भी बोल लें। राजद पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इन लोगों ने जेएमएम को पटक दिया।

## रेखा गुप्ता ने छठ घाटों का किया उद्घाटन, आप पर त्योहार की तैयारी को लेकर झूठ फैलाने का लगाया आरोप



**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में कई छठ घाटों का उद्घाटन किया और कहा कि इस साल यह त्योहार पूरी भव्यता से मनाया जाएगा। उन्होंने विपक्षी दल आम आदमी पार्टी (आप) पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि पार्टी के नेता झूठ फैला रहे हैं। आप की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष समेत पार्टी नेताओं ने शहर में छठ की तैयारियों को लेकर भाजपा सरकार पर हमला बोला है। गुप्ता ने कहा कि इस साल छठ की सुंदरता और भव्यता ऐसी होगी जो पहले कभी नहीं देखी गई होगी। उन्होंने कहा, हमारे काम में खामियां निकालने के लिए (सोशल मीडिया पर) वीडियो पोस्ट करने वाले कुछ भी कह सकते हैं लेकिन हमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी सरकार ने दिल्ली में कोई विकास कार्य किए बिना सत्ता में 11 साल बर्बाद कर दिए।

गुप्ता ने लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र में 70 लाख रुपये से निर्मित छठ घाट का उद्घाटन करते हुए कहा, झूठ फैलाना और प्रचार करना उनकी आदत है।

लेकिन भाजपा सरकार जो वादा करती है उसे पूरा करती है। अभी तो केवल आठ महीने हुए हैं और अब भी बहुत काम किया जाना बाकी है। उन्होंने त्योहार से जुड़ी तैयारियों का भी निरीक्षण किया और द्वारका क्षेत्र में दो छठ घाटों का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा, शहर में 1500 छठ घाट तैयार किए जा रहे हैं, जबकि यमुना तट पर 17 स्थानों पर कई किलोमीटर लंबे हिस्से को उत्सव के लिए विकसित किया जा रहा है।

## तनोट माता मंदिर के दर पर राजनाथ सिंह ने टेका माथा, देश की सुरक्षा-समृद्धि के लिए मांगा आशीर्वाद



**उत्तम भारत संवाददाता, जैसलमेर/नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जैसलमेर के दौरे पर हैं। वह शुक्रवार को जैसलमेर स्थित तनोट माता मंदिर गए और माता के दर्शन किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जैसलमेर के तनोट माता मंदिर में दर्शन कर आत्मिक शांति और आशीर्वाद का अनुभव हुआ। इस मंदिर की ऊर्जा अत्यंत अद्भुत और अलौकिक है। राजनाथ सिंह ने मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना की और देश की सुरक्षा एवं समृद्धि के लिए माता से आशीर्वाद मांगा। तनोट माता मंदिर का भारतीय सेना से गहरा ऐतिहासिक संबंध रहा है। 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्धों के दौरान यह मंदिर सैनिकों के लिए आस्था और प्रेरणा का प्रतीक बना रहा। रक्षा मंत्री की यह यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रही बल्कि उन्होंने इसे देश की सीमाओं पर तैनात जवानों की अदम्य भावना और राष्ट्रभक्ति को समर्पित बताया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 23 अक्टूबर की शाम को राजस्थान के जैसलमेर पहुंचे थे। यहां उन्होंने सेना के बड़ाखाना के दौरान सैनिकों के साथ बातचीत की। इस मौके पर राजनाथ सिंह ने कहा कि अब भारत के खिलाफ कोई भी दुस्साहस करने से पहले पाकिस्तान को दो बार सोचना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमारे सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान को कड़ी संदेश दिया है। राजनाथ सिंह ने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी समाप्त नहीं हुआ है, केवल रुका हुआ है। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी दी है कि किसी भी दुस्साहस की स्थिति में उसे और भी कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। हमारे पायलटों ने सिर्फ भारत की ताकत का एक नमूना दिखाया है; यदि अवसर मिला तो वे हमारी असली क्षमता प्रदर्शित करेंगे।

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 10 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया



**उत्तम भारत संवाददाता, चंपावत (उत्तराखंड)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टनकपुर स्थित शारदा घाट में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में भाग लेते हुए 20.50 करोड़ की लागत से बनने वाली 10 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चंपावत में पंतनगर की तर्ज पर कृषि विश्वविद्यालय स्थापित किए जाने और छीनीगोठ क्षेत्र में बाढ़ राहत एवं सुरक्षा कार्य कराए जाने की महत्वपूर्ण घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि चंपावत में प्रस्तावित कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना से न केवल स्थानीय युवाओं को कृषि और संबद्ध विज्ञानों में उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के अवसर मिलेंगे, बल्कि यह संस्था पहाड़ी क्षेत्रों में वैज्ञानिक खेती को प्रोत्साहित करने का एक प्रमुख केंद्र बनेगी। उन्होंने कहा कि पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय ने जिस प्रकार राज्य और देश में कृषि नवाचार को नई दिशा दी है, उसी प्रकार चंपावत का यह विश्वविद्यालय पर्वतीय कृषि अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएगा। सीएम ने कहा कि यह विश्वविद्यालय किसानों के लिए ज्ञान, तकनीक और आत्मनिर्भरता का केंद्र बनेगा। यहाँ से निकलने वाले युवा आधुनिक कृषि पद्धतियों, जैविक खेती और मूल्य संवर्धन के क्षेत्र में नई राहें खोलेंगे। मुख्यमंत्री धामी ने छीनीगोठ और आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ राहत एवं सुरक्षा कार्यों की घोषणा करते हुए कहा कि मानसून के दौरान बार-बार आने वाली बाढ़ से स्थानीय जनता और कृषि भूमि को गंभीर नुकसान उठाना पड़ता है। अब इस क्षेत्र में बाढ़ सुरक्षा तटबंधों, निकासी तंत्र और अन्य संरचनाओं के माध्यम से स्थायी समाधान तैयार किया जाएगा। इन कार्यों से न केवल क्षेत्र की जन-धन की रक्षा होगी, बल्कि किसानों की उपजाऊ भूमि को भी संरक्षित किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने चंपावत को एक आदर्श जिला बनाने का संकल्प लिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्यान, पर्यटन और स्वरोजगार के क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार उत्तराखंड को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने, युवाओं को रोजगार देने और स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए योजनाओं को धरातल पर तेजी से उतारा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चंपावत में विकास कार्यों को गति देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और जलापूर्ति जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता पर है। इस अवसर पर दायित्वधारी श्याम नारायण पांडे, शंकर कोरंगा, जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी, ब्लॉक प्रमुख सुश्री अंचला बोहरा, भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत, जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## सीएम योगी का बड़ा फैसला, 30 वर्ष बाद बढ़ेंगे पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के वित्तीय अधिकार

**✔ लोक निर्माण विभाग के विभागीय अधिकारियों के वित्तीय अधिकारों में पांच गुना तक की वृद्धि किए जाने का निर्णय लिया**



**उत्तम भारत संवाददाता, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक निर्माण विभाग के विभागीय अधिकारियों के वित्तीय अधिकारों में पांच गुना तक की वृद्धि किए जाने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि बदलावों से विभागीय अधिकारियों को निर्णय लेने में अधिक स्वायत्तता प्राप्त होगी। उच्च स्तर पर अनुमोदन की आवश्यकता घटने से निविदा, अनुबंध गठन एवं कार्यारंभ की प्रक्रिया में गति आएगी। यह सुधार वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए प्रशासनिक दक्षता और पारदर्शिता को बढ़ाने में सहायक होगा। शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग की बैठक में यह तथ्य सामने आया कि विभाग के अधिकारियों के वित्तीय अधिकार वर्ष 1995 में निर्धारित किए गए थे। इस बीच निर्माण कार्यों की लागत में पांच गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। कॉस्ट इन्फ्लेशन इंडेक्स के अनुसार वर्ष 1995 की तुलना में वर्ष 2025 तक लगभग 5.52 गुना वृद्धि दर्ज की गई है।

सीएम योगी ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में वित्तीय अधिकारों का पुनर्निर्धारण आवश्यक है, जिससे निर्णय प्रक्रिया में तेजी आए और परियोजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध रूप से किया जा सके। अपर मुख्य सचिव, लोक निर्माण विभाग ने मुख्यमंत्री को सिविल, विद्युत एवं यांत्रिक कार्यों के लिए वित्तीय अधिकारों की वर्तमान व्यवस्था की जानकारी दी। विमर्श के उपरांत निर्णय लिया गया कि सिविल कार्यों के लिए अधिकारियों के वित्तीय अधिकारों की सीमा अधिकतम पांच गुना तक तथा विद्युत एवं यांत्रिक कार्यों के लिए कम से कम दो गुना तक बढ़ाई जाएगी।

मुख्यमंत्री के निर्णय के अनुसार मुख्य अभियंता को अब 2 करोड़ के स्थान पर 10 करोड़ तक के कार्यों की स्वीकृति का अधिकार होगा। अधीक्षण अभियंता को 1 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ तक के कार्यों की स्वीकृति का अधिकार दिया जाएगा। अधिशासी अभियंता के वित्तीय अधिकार 40 लाख से बढ़ाकर 2 करोड़ किए जाएंगे। सहायक अभियंता को भी सीमित दायरे में टेंडर स्वीकृति एवं छोटे कार्यों की अनुमति देने के अधिकार बढ़ाए जाएंगे। बता दें कि यह पुनर्निर्धारण तीन दशकों के बाद होने जा रहा है। बैठक में उत्तर प्रदेश अभियंता सेवा (लोक निर्माण विभाग) (उच्चतर) नियमावली, 1990 में संशोधन के माध्यम से विद्युत एवं यांत्रिक संवर्ग की सेवा संरचना, पदोन्नति व्यवस्था तथा वेतनमान के पुनर्गठन से जुड़े प्रस्तावों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि नियमावली में किया जा रहा यह संशोधन विभागीय अभियंताओं की सेवा संरचना को वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के उद्देश्य से किया गया है। संशोधित नियमावली में विद्युत एवं यांत्रिक संवर्ग में पहली बार मुख्य अभियंता (स्तर-एक) का नया पद सम्मिलित किया गया है। इसके साथ मुख्य अभियंता (स्तर-दो) और अधीक्षण अभियंता के पदों की संख्या में वृद्धि की गई है। नवसृजित पदों को नियमावली में समाहित करते हुए उनके पदोन्नति स्रोत, प्रक्रिया और वेतनमान को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है, जिससे सेवा संरचना अधिक पारदर्शी और संगठित हो सके।

## केंद्र ने महाराष्ट्र, उप्र में जैव विविधता संरक्षण के लिए 1.36 करोड़ जारी किए



**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण (एनबीए) ने महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में जमीनी स्तर पर जैव विविधता संरक्षण के प्रयासों को समर्थन देने के लिए 1.36 करोड़ रुपये जारी किए हैं। पर्यावरण मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

मंत्रालय के अनुसार, यह राशि दोनों राज्यों के जैव विविधता बोर्ड के माध्यम से तीन जैव विविधता प्रबंधन समितियों को दी जाएगी जो क्रमशः महाराष्ट्र के सातारा जिले के साखरवाडी गांव, पुणे जिले के कुंजिरवाडी गांव और उत्तर प्रदेश के एटा जिले के कासगंज क्षेत्र में हैं। प्रत्येक समिति को 45.50 लाख रुपये प्राप्त होंगे।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह राशि जारी किया जाना सरकार की समान लाभ-साझेदारी, संरक्षण और जैव विविधता के सतत उपयोग के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। बयान में बताया गया कि यह भुगतान एक्सेस एंड बेनिफिट शेयरिंग (एबीएस) का प्रतिनिधित्व करता है। एक वाणिज्यिक इकाई ने मिट्टी और औद्योगिक अपशिष्ट के नमूनों से सूक्ष्मजीवों का उपयोग करके फ्रुक्टो-ओलिगोसैकेराइड्स उत्पाद तैयार किए, जिसके बाद यह राशि तय की गई। इन निधियों का उपयोग जैविक विविधता अधिनियम, 2002 की धारा 44 और संबंधित राज्य जैव विविधता नियमों में सूचीबद्ध गतिविधियों के लिए किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि यह पहल स्थानीय समुदायों को, भारत की जैविक धरोहर के संरक्षक के रूप में मान्यता देने और उन्हें प्रोत्साहित करने की दिशा में राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण के प्रयासों को रेखांकित करती है। इसके साथ ही यह कदम भारत के राष्ट्रीय जैव विविधता लक्ष्य-13 की पूर्ति में भी योगदान देगा, जो राष्ट्रीय जैव विविधता रणनीति एवं कार्य योजना (2024-2030) के तहत निर्धारित किया गया है।

# संस्कृति विवि के विद्यार्थियों को मिला इलेक्ट्रिक वाहनों का व्यावहारिक प्रशिक्षण



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय ने ऑटोमोटिव स्किल्स डेवलपमेंट काउंसिल (एएसडीसी) और वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड के साथ साझेदारी में इलेक्ट्रिक वाहन के व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस प्रशिक्षण सत्र में आयशर मोबाइल ईवी वैन का उपयोग किया गया। पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों ने इस मोबाइल ईवी वैन का बारीकी से और व्यवहारिक दृष्टि से अध्यन कर एक उपयोगी अनुभव हासिल किया।

इस पहल का उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहन तकनीक, जो गतिशीलता के भविष्य को आकार देने वाला एक तेज़ी से विकसित होता क्षेत्र है, का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करके छात्रों की तकनीकी दक्षताओं को बढ़ाना था। विशिष्ट अतिथि एएसडीसी की परियोजना प्रमुख सुश्री कीर्ति ने प्रमुख ईवी घटकों और उनके कार्यों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से बताया जिससे उनको इलेक्ट्रिक वाहनों की मूलभूत संरचना को समझने में मदद मिली।

वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड के तकनीकी प्रशिक्षक अज़हरुद्दीन अब्बासी ने व्यावहारिक प्रदर्शन किए और परिचालन प्रोटोकॉल, सुरक्षा प्रथाओं और टिकाऊ एवं इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में उभरते रुझानों की व्याख्या की, जिससे छात्रों को उद्योग-उन्मुख मूल्यवान जानकारी मिली। इस अवसर पर बोलते हुए, संस्कृति इंक्युबेशन सेंटर के सीईओ डॉ. गजेंद्र सिंह ने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह पहल संस्कृति विश्वविद्यालय की उद्योग-उन्मुख, कौशल-आधारित शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जो यह सुनिश्चित करती है कि छात्र ऑटोमोटिव क्षेत्र की उभरती माँगों को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार हों। एएसडीसी और वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड के साथ यह सहयोग शैक्षणिक शिक्षा और व्यावहारिक उद्योग आवश्यकताओं के बीच की खाई को पाटने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है, जो नवाचार और रोजगारपरकता को बढ़ावा देने में संस्कृति विश्वविद्यालय की भूमिका को सुदृढ़ करता है।

# ऐतिहासिक यादगारी यात्रा दिल्ली से पटना साहिब तक चरण सुहावे गुरु चरन यात्रा

*** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बेसिक शिक्षा विभाग एवं राज्यमंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग ने की कोटवन बार्डर पर यात्रा की अगवानी**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** भगवान श्रीकृष्ण जी की पावन जन्मस्थली में सिख समुदाय की आस्था और श्रद्धा का प्रतीक चरण सुहावे गुरु चरन यात्रा पवित्र जोड़ा साहिब का कोटवन बार्डर पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बेसिक शिक्षा विभाग संदीप सिंह एवं राज्यमंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग बलदेव सिंह औलख जी ने भव्य स्वागत किया। ऐतिहासिक यादगारी यात्रा दिल्ली से पटना साहिब तक चरण सुहावे गुरु चरन यात्रा, गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज और खालसा की माता साहिब कौर जी के 'पवित्र जोड़ा साहिब' को लेकर गुरुद्वारा मोती बाग साहिब दिल्ली से तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब तक जाएगी। उन्होंने कोसीकलां में गुरू गोबिद सिंह जी महाराज और खलसा की माता साहिब कौर जी की ऐतिहासिक पद यात्रा (पवित्र जोड़ा साहिब गुरु चरन यात्रा) दिल्ली से पटना साहिब तक का हार्दिक स्वागत अभिनन्दन किया।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने पवित्र यात्रा पर फूल बरसाए, सभी को पटुका पहनाकर स्वागत किया तथा यात्रा को हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष श्री निर्भय पांडेय, चेयरमैन श्री धर्मवीर अग्रवाल, श्री मौनी बाबा, श्री इंद्रजीत सिंह, श्री कुलवीर सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता आदि ने भव्य स्वागत किया। स्वागत के दौरान श्रद्धा, भक्ति और एकता का यह अनुपम संगम दिखाई दिया।

सिखों के दशम गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज और माता साहिब कौर जी के पवित्र जोड़ों को लेकर दिल्ली से यात्रा शुरू हुई है और एक नवंबर को गुरु जी के जन्मस्थान तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब में जाकर संपन्न होगी। यात्रा फरीदाबाद, कोसीकलां, मथुरा, आगरा, बरेली, महगापुर, लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, सासाराम होते हुए पटना पहुंचेगी।

इस अवसर पर माननीय प्रभारी मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि दिल्ली से आरंभ होकर बिहार स्थित तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब तक जाने वाली यह महान यात्रा से ब्रज क्षेत्र गुरु चरणों की धूल से पावन हो उठा है। जिस नगर में गुरु के पवित्र चरण रुकें, वह नगर अपने आप ही तीर्थ बन जाता है और आज मथुरा श्रद्धालुओं के लिए एक महान तीर्थ स्थल बन चुका है। राज्यमंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग बलदेव सिंह औलख ने कहा कि आज जब यह पवित्र जोड़ा साहिब यहाँ पहुँचा है, तो दशमेश पिता का सम्पूर्ण तेज, त्याग और बलिदान हमारे बीच साकार हो उठा है। उन्होंने धर्म, राष्ट्र और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने मुगल अत्याचार के विरुद्ध बलिदान दिया। चेयरमैन श्री धर्मवीर अग्रवाल ने कहा कि इस यात्रा में माता साहिब कौर जी का भी पवित्र जोड़ा साहिब शामिल है। माता साहिब कौर जी को खालसा पंथ की माँ होने का गौरव प्राप्त है। जब गुरु जी ने खालसा पंथ की स्थापना की, तो उन्होंने माता साहिब कौर जी से 'अमृत' में पताशे डलवाए, ताकि खालसा के अनुयायियों में वीरता के साथ-साथ मिठास और करुणा भी बनी रहे। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि ब्रजवासियों की ओर से यात्रा का भव्य स्वागत किया गया है, जो हम सभी के लिए सौभाग्य का विषय है। यह यात्रा पवित्र और पावन का स्वरूप है। कार्यक्रम में तरूण सेठ, शिवकांत चौधरी, महेशपाल, बलवीर सिंह, जगजीत सिंह, कुंदन सिंह, जसविंदर सिंह, सचनूर सिंह, गुरूदीप सिंह, विनय उपाध्याय, दीपक बड्गुर्जर, सौरभ जैन, मनोज ढल, सतपाल सिंह, हरपाल सिंह, मलिक अरोड़ा आदि ने स्वागत किया।

# चखना सेंटर पर चला पुलिस का डंडा, बार वालो को मिल रहा संरक्षण

*** आखिर गरीब कैसे चलाएगा परिवार**

**राजनांदगांव।** शहर में पुलिस द्वारा चखना दुकान लगाने वाले गरीबों पर लगातार प्रहार करते नजर आ रही है। आज सीएसपी वैशाली जैन के आदेश पर बसंतपुर पुलिस द्वारा मोहरा स्थित फ्लाईओवर के नीचे लगाए गए चखना दुकान वालों पर कार्रवाई की गई और उन्हें डराया और धमकाया भी जा रहा है कि यदि आप शाम तक दुकान नहीं हटाओगे तो आपका ठेला और पूरा सामान जप्त कर लिया जाएगा। जिसके डर से बेचारे गरीब अब अपना घर परिवार चलाने में परेशानी का सामना करेंगे। वही दूसरी ओर पुलिस द्वारा बीयर बार एवं ढाबा संचालकों को पूरी छूट और संरक्षण देकर रखे हैं। अंजोरा से लेकर चिलोला तक ढाबा संचालको द्वारा रात 2:00 बजे तक ढाबों का संचालन किया जा रहा हैं, जहां पुलिस वाले भी मजा उड़ाते दिख रहे हैं, वही बीयर बार वाले रात 3:00 बजे तक अपनी बार खोलकर खुले आम जाम से जाम टकराने का काम करवा रहे हैं। वही आज 2 से 3 चखना दुकान चलाने वाले लोगों पर बसंतपुर थाना द्वारा जबरदस्ती मामला बनाया जा रहा है। उक्त गरीबों पर धारा 151 और 36 च की कार्यवाही की जा रही है, जिससे दुकान लगाने वालो पर आक्रोश है। भाजपा सरकार लगातार कह रही है कि हम गरीबों के मसीहा हैं और गरीबों की हर संभव मदद करने को तैयार हैं। लेकिन दूसरी ओर राजनांदगांव पुलिस उन पर कार्रवाई करने से बाज नहीं आ रही है। चखना दुकान और ठेका खुमचा लगाने वाले छोटे दुकानदारो को रोज परेशान किया रहा हैं। पुलिस द्वारा उन्हें आए दिन किसी ना किसी बहाने से परेशान किया जा रहा है। वहीं शहर की बड़ी-बड़ी होटलों सहित ढाबा में खुलेआम नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। जिस पर पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। जिसे भी उन गरीब दुकानदारों में आक्रोश देखा जा रहा है। इन सबके बीच विपक्ष की भूमिका निभा रही कांग्रेस पार्टी क्या उन गरीब और ठेला खुमचा निकलने वाले दुकानदारों के लिए उनका हक दिलाने मैदानी लड़ाई लड़ेगी या फिर उन गरीबों को सिर्फ वोट बैंक समझकर चुनाव के समय में ही याद करेगी। पुलिस क्यों नहीं बंद कराती शराब दुकान एक गरीब दुकानदार ने बताया कि हम ठेला लगाकर अपना और अपने परिवार का पेट पलते हैं। हमारी क्या गलती है कि हम ठेला निकाल कर सामान बेच रहे हैं। हम तो किसी भी व्यक्ति को यह नहीं कहते कि हमारे यहां पर बैठकर शराब पीये, वे ही शराब दुकान से शराब लाते हैं, रस्ते में पीते हैं और हमारी दुकान से चखना ले जाते हैं, यदि पुलिस को हमारे द्वारा सामान बेचने में इतना ही कष्ट हो रहा है तो शराब दुकान को बंद करवा कर दिखाए। हम गरीबों पर ही दबाव बनाकर और कार्यवाही करके उन्हें वाहवाही लूटना आता है। जबकि शहर में कई होटलें है जो रातभर चालू रहती है, उस पर क्यों कार्यवाही नहीं की जाती।

# छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ में फूड पॉइजनिंग से पांच की हुई मौत, 20 से ज्यादा ग्रामीण बीमार

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर और बीजापुर जिले की सरहद पर बसे अबूझमाड़ के गांव में फूड पॉइजनिंग होने से पांच ग्रामीणों की मौत हो गई। जबकि 20 से ज्यादा ग्रामीण बीमार हैं। नारायणपुर और बीजापुर जिले की स्वास्थ्य विभाग की टीम गुरुवार शाम को गांव पहुंची और लोगों के इलाज में तत्पर है।

यह मामला नारायणपुर जिले के ओरछा ब्लॉक के डूंगा गांव के घोट पारा का है। 14 अक्टूबर को इस गांव में एक ग्रामीण के घर तेरहवीं का कार्यक्रम था, जिसमें पूरा गांव शामिल हुआ था। यहां खाना खाने के बाद अचानक ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ने लगी थी। ग्रामीणों को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। गांव वाले पहले गांव में ही सिरहा गुनिया से इलाज करवा रहे थे। इसके बाद 14 अक्टूबर से लेकर 20 अक्टूबर के बीच 2 महीने की बच्ची बेबी, बुधरी (25), बुधराम (24), लख्खे (45) और उर्मिला (25) की मौत हो गई। अभी भी 20 से अधिक ग्रामीण बीमार है। 25 से ज्यादा ग्रामीण फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए थे। स्वास्थ्य विभाग को जैसे ही ग्रामीणों की मौत और बीमार होने की खबर मिली तो यहां पर स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है। यह गांव नारायणपुर और बीजापुर जिले के सीमा पर है, इसलिए दोनों जिलों नारायणपुर और बीजापुर जिले की स्वास्थ्य विभाग की टीम गुरुवार शाम को गांव पहुंची।

नारायणपुर सीएमएचओ डॉ. टीआर कंवर के अनुसार दूषित खाना खाने से ग्रामीणों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों का मेडिकल चेकअप किया गया, जिसमें 20 ग्रामीण उल्टी-दस्त से ग्रसित मिले। दो ग्रामीणों को मलेरिया की शिकायत थी, जबकि अन्य तीन ग्रामीण किसी दूसरी बीमारी से जूझ रहे थे। इनमें से एक महिला को भैरमगढ़ स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया है।

# 1956 से पहले पिता की मृत्यु हुई तो बेटी को संपत्ति में हिस्सा नहीं: छग हाईकोर्ट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने कहा कि यदि पिता की मृत्यु 1956 से पहले हुई है, तो बेटी को उनकी पैतृक संपत्ति में हिस्सा नहीं मिलेगा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 से पहले मिताक्षरा कानून लागू होगा। यह फैसला सरगुजा जिले की रघमनीया के मामले में आया, जिन्होंने 2005 में अपने पिता की संपत्ति में हिस्सा मांगा था। उनके पिता सुधिन की मृत्यु 1950-51 में हुई थी। निचली और अपील अदालत ने उनकी याचिका खारिज कर दी। 13 अक्टूबर को जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास ने फैसला बरकरार रखा। कोर्ट ने कहा कि 1956 से पहले मिताक्षरा कानून के तहत केवल बेटे को संपत्ति मिलती थी। बेटी को अधिकार तभी मिलता, जब कोई बेटा न हो। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के दो फैसलों का हवाला दिया, जिसमें कहा गया कि 1956 से पहले की संपत्ति पुरुष उत्तराधिकारियों को मिलती थी। चूंकि रघमनीया के पिता की मृत्यु 1956 से पहले हुई और उनके एक बेटे थे, इसलिए रघमनीया को हिस्सा नहीं मिलेगा। यह फैसला पुरानी संपत्ति पर बेटियों के दावों को स्पष्ट करता है।

यह मामला सरगुजा जिले की रहने वाली रघमनीया का है, जिन्होंने 2005 में अपने पिता की पैतृक संपत्ति में हिस्सा मांगते हुए दीवानी वाद दायर किया था। उनके पिता, सुधिन की मौत करीब 1950-51 में हुई थी. उन्होंने कहा कि वह अपने पिता की संपत्ति की कानूनी उत्तराधिकारी हैं, लेकिन निचली अदालत और अपील अदालत दोनों ने उनकी याचिका खारिज कर दी। 13 अक्टूबर को जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की बेंच ने इन फैसलों को बरकरार रखते हुए कहा कि अगर कोई हिंदू पुरुष, जो मिथाक्षरा कानून के अधीन है, 1956 से पहले मरता है, तो उसकी संपत्ति केवल पुत्र को मिलेगी. बेटी को अधिकार तभी मिलेगा जब कोई बेटा न हो। कोर्ट ने इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के दो बड़े फैसलों का हवाला भी दिया अर्शनूर बनाम हरपाल कौर 2020 और एक अन्य केस, जिनमें कहा गया था कि 1956 से पहले विरासत में मिली संपत्ति का हक़ केवल पुरुष उत्तराधिकारियों को ही मिलेगा। चूंकि रघमनीया के पिता की मौत 1956 से पहले हुई थी और वह अपने पीछे एक बेटा छोड़ गए थे, इसलिए अदालत ने कहा कि रघमनीया को संपत्ति में कोई हिस्सा नहीं बनता। हाईकोर्ट ने निचली अदालतों के फैसलों को सही ठहराते हुए कहा कि उन्होंने ÷कानून का सही अनुप्रयोग÷ किया है। यह फैसला उन तमाम मामलों पर रोशनी डालता है जहाँ बेटियाँ अपने पिता की पुरानी संपत्ति पर दावा करती हैं। अब साफ है 1956 से पहले हुई मौतों के मामलों में बेटी का हक़ लागू नहीं होगा।

# ग्राम सालिहाभाटा में भव्य जिला स्तरीय किसान सम्मेलन संपन्न

**-अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह ने किसानों से किया सीधा संवाद**

**-सरसों बीज का वितरण और समस्याओं का किया त्वरित निराकरण**

**कोरबा।** किसान हितों को सशक्त बनाने और ग्रामीण विकास की गति को तेज़ करने के उद्देश्य से ग्राम सालिहाभाटा, विकासखंड पोड़ी-उपरोड़ा में जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में जिले के विभिन्न ग्रामों से सैकड़ों की संख्या में किसान, कृषि अधिकारी और ग्रामीणजन सम्मिलित हुए।

उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत कोरबा के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह उपस्थित रहे। उनके साथ कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों, तथा कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। इसके पश्चात कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को नई तकनीकी पद्धतियों, फसल संरक्षण, जल संरक्षण, पशुपालन संवर्धन तथा सरकारी योजनाओं के लाभ के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. पवन कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ÷किसान हमारे देश की रीढ़ हैं। उनकी तरक्की ही भारत के विकास की सच्ची पहचान है। शासन की योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुँचना चाहिए, ताकि कृषि क्षेत्र आत्मनिर्भर बन सके।÷ डॉ. सिंह ने मंच से ही उपस्थित किसानों की समस्याएँ सुनीं और कई मामलों में तत्काल निराकरण के निर्देश भी जारी किए। ग्रामीणों ने उनकी संवेदनशील पहल की सराहना करते हुए कहा कि डॉ. सिंह ने किसानों के बीच जाकर जो संवाद स्थापित किया, वह प्रशंसनीय है।

कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग द्वारा सरसों बीज का वितरण भी किया गया, जिससे किसानों में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल रहा। किसानों ने इस पहल को ÷रबी सीजन की नई उम्मीद÷ बताया। पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उपायों पर मार्गदर्शन दिया, वहीं कृषि वैज्ञानिकों ने जलवायु आधारित खेती, जैविक खेती और फसल विविधिकरण को अपनाने पर जोर दिया। समारोह के अंत में डॉ. पवन कुमार सिंह ने कहा कि जिला पंचायत स्तर पर किसान कल्याण के लिए और अधिक प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। किसानों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है।

# चांचौड़ा थानांतर्गत अड़ीबाजी कर पैसे मांगे जाने व मारपीट के प्रकरण में फरार अंतिम आरोपी गिरफ्तार



**गुना।** पुलिस अधीक्षक श्री अंकित सोनी के दिशा निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा जिले में अपराध एवं अपराधियों पर एक अभियान के रूप में कार्यवाहियां की जा रहीं हैं। इसी तारतम्‍ य में अतिरिक्‍ त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी चांचौड़ा श्री मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण में जिले के चांचौड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार मेहरा के नेतृत्‍ व में बीनागंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अजयप्रताप सिंह और उनकी टीम द्वारा अड़ीबाजी कर पैसे मांगे जाने व मारपीट के एक प्रकरण में फरार अंतिम आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 11 अगस्‍ त 2025 को फरियादी दीपक पुत्र संतोष शर्मा निवासी ग्राम अजगरा थाना चांचौड़ा के द्वारा चांचौड़ा थाना क्षेत्र की बीनागंज चौकी पर रिपोर्ट करते हुए बताया था कि दिनांक 10 अगस्‍ त 2025 की रात वह बीनागंज-चांचौड़ा में दूध देकर वापस अपने गांव जा रहा था, रास्‍ ते में पैट्रोल पंप पर मोटर सायकिल में पैट्रोल लेने के दौरान जयसिंहपुरा का तरूण राजपूत एवं बीनागंज का गौरव शाक्‍ यवार अपने अन्‍ य तीन साथियों के साथ दो मोटर सायकिलों से उसके पास आये और शराब पार्टी के लिये 1000 रूपये मांगे, उसने पैसे नहीं दिये और अपने गांव के लिये निकल गया तो वह भी उसका पीछा करने लगे और चारनपुरा ब्रिज के ऊपर उसे रोक लिया और पैसे लेकर ही जाने देने का बोलते हुए उसके साथ लात-घूसों से मारपीट करने लगे लेकिन इस बीच उसके कुछ परिवारजन को आते देख वह वहां से भाग गये थे। इस घटना की रिपोर्ट पर से आरोपीगण तरूण राजपूत, गौरव शाक्‍ यवार एवं अज्ञात अन्‍ य तीन के विरुद्ध चांचौड़ा थाने में अपराध क्रमांक 309/25 धारा 119(1), 126(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण में पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए चार आरोपी गौरव शाक्‍ यवार, तरुण राजपूत, राजेश सहरिया एवं देवू उर्फ देव साहू को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। प्रकरण में फरार शेष व अंतिम आरोपी तरुण मीना की पुलिस द्वारा सरगर्मी से तलाश की जा रही थी, जिसके तहत बीती रात आरोपी के संबंध में मुखबिर सूचना पर बीनागंज चौकी पुलिस द्वारा तत्पर और प्रभावी कार्यवाही कर प्रकरण में करीबन ढाई माह से फरार अंतिम आरोपी तरुण पुत्र घनश्याम मीना उम्र 18 साल निवासी ग्राम खातोली थाना चांचौडा को भी गिरफ्तार कर लिया गया एवं जिसे आज माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया है। चांचौड़ा थाना पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार मेहरा के नेतृत्व में बीनागंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अजयप्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक सुनील रघुवंशी, आरक्षक अजय समाधिया एवं आरक्षक शुभम मिश्रा की महत्‍ वपूर्ण भूमिका रही है।

# बेहट पुलिस ने चेकिंग के दौरान पकड़ा चोर, चार मोटरसाइकिल की बरामद




**उत्तम भारत संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग के दौरान सहारनपुर से उसण्ड जाने वाले रास्ते पर सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से आते एक व्यक्ति को पुलिस ने रोका और जांच की तो पता लगा कि वह चोरी की बाइक पर है और गहन जानकारी करने पर मालूम हुआ कि ओर भी बाइके मोटरसाइकिल कलसिया जाने वाले नहर के रास्ते पर खंडहर में अलग-अलग स्थान से चोरी की गई चार मोटरसाइकिलें भी बरामद हुई। कोतवाली प्रभारी सतपाल सिंह भाटी ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति की पहचान समीर पुत्र इंतजार निवासी ग्राम सूमली थाना कोतवाली देहात के रूप में हुई पुलिस ने बरामद चारों मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में लेते हुए अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर दिया।

# इंदौर एयरपोर्ट की रैंकिंग गिरी, सर्विस क्वालिटी सर्वे में देश में चौथे नंबर पर पहुंचा

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर शहर स्थित देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की रैंकिंग में गिरावट दर्ज की गई है। एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी (एएसक्यू) सर्वे की तीसरी तिमाही (जुलाई से सितंबर) की रिपोर्ट के अनुसार इंदौर एयरपोर्ट देश में एक पायदान नीचे खिसककर चौथे स्थान पर पहुंच गया है। पिछली तिमाही में यह तीसरे स्थान पर था जबकि पहली तिमाही में भी चौथे स्थान पर रहा था। इंदौर एयरपोर्ट को अपनी एशिया पैसेफिक की रैंकिंग में भी पांच स्थान का नुकसान हुआ है। इस सूची में एशिया पेसेफिक के 98 एयरपोर्ट में इंदौर 58वें स्थान से फिसलकर 63वें स्थान पर आ गया है।

दरअसल, एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा गुरुवार की रात को एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी (एएसक्यू) सर्वे की रिपोर्ट जारी की गई, जिसमें इंदौर एयरपोर्ट को चौथी रैंकिंग मिली है। उसे कुल पांच में से 4.93 अंक मिले हैं। जबकि पुणे को 4.96 अंक मिले हैं। देश में अभी पुणे पहले, जबकि गोवा और वाराणसी के एयरपोर्ट क्रमश दूसरे, तीसरे नंबर पर हैं। अच्छी बात यह है कि गोवा और वाराणसी से इंदौर एयरपोर्ट के अंकों में महज 0.1 का अंतर है। गोवा और वाराणसी को 4.94 अंक मिले हैं। इंदौर को दूसरी तिमाही में भी इतने ही अंक मिले थे।

गौरतलब है कि एयरपोर्ट पर सालाना यात्रियों की संख्या 18 लाख से अधिक होने पर एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) द्वारा एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी (एएसक्यू) सर्वे किया जाता है। इसे इंटरनेशनल रैंकिंग सर्वे भी कहा जाता है। एशिया पैसेफिक के 18 देशों के कुल 98 एयरपोर्ट पर यह सर्वे होता है। इसके अंतर्गत भारत में प्रमुख 16 एयरपोर्ट आते हैं। इसमें टीम के सदस्य आकर एयरपोर्ट पर यात्रियों से फीडबैक ले लेते हैं। भारत के शेष घरेलू एयरपोर्ट्स पर कस्टमर सैटिस्फेक्शन सर्वे होता है। कुछ साल पहले इंदौर घरेलू एयरपोर्ट की लिस्ट में टॉप 10 में रहा था।

इस सर्वे में 31 बिंदुओं पर यात्रियों से फीडबैक लिया जाता है, लेकिन इस बार 24 बिंदुओं पर पिछली तिमाही की तुलना में अंक कम मिले हैं। जिसमें सबसे अधिक शॉपिंग और वेल्यू फॉर मनी शापिंग में सबसे कम नंबर मिले हैं। वहीं जिस वॉशरूम और टॉयलेट की उपलब्धता और साफ-सफाई को लेकर लोग ट्विट पर लगातार सवाल उठाते हैं। उसमें बीते तिमाही की तुलना में अधिक अंक मिले हैं। यानी एयरपोर्ट पर इसमें सुधार हुआ है। प्रबंधन का कहना है कि हम सुधार करेंगे और फिर से शीर्ष रैंकिंग प्राप्त करेंगे।

**चूहे के काटने की घटना का असर-**

दरअसल, सितंबर 2025 में एयरपोर्ट पर एक यात्री को चूहे के काटने की घटना ने भी इंदौर एयरपोर्ट की छवि को नुकसान पहुंचाया है। घटना के बाद प्रबंधन ने ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर को हटाया और सफाई व पेस्ट कंट्रोल कंपनियों पर जुर्माना लगाया था। यात्री ने आरोप लगाया कि उसे एयरपोर्ट के मेडिकल रूम में तुरंत रैबीज का इंजेक्शन नहीं मिला और बेंगलुरु पहुंचने के बाद उसे इलाज कराना पड़ा।

देश के टाप 10 एयरपोर्ट- पुणे, गोवा, वाराणसी, इंदौर, चेन्नई, देहरादून, कोलकाता, रायपुर, भुवनेश्वर और पटना। इंदौर एयरपोर्ट वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में यात्री सुविधाओं में मामूली सुधार कर देश के शीर्ष तीन एयरपोर्ट में तो समाविष्ट हो गया, लेकिन शीर्ष स्थान हासिल नहीं कर पाया था। अब तीसरी तिमाही की रिपोर्ट में इंदौर एयरपोर्ट को चौथी रैंकिंग मिली है।

इंदौर एयरपोर्ट पर एक दिन पहले ही नए एयरपोर्ट डायरेक्टर के रूप में सुनील मग्गीरवार ने पद संभाला है, जिसके बाद ये रैंकिंग आई है। एयरपोर्ट अधिकारी का कहना है कि आने वाले समय में और निवेश और सुधार करके इंदौर एयरपोर्ट को फिर से देश के शीर्ष तीन एयरपोर्ट में लाने का प्रयास किया जायेगा। उनका कहना है कि यात्रियों की सुविधा और अनुभव ही एयरपोर्ट की रैंकिंग में सबसे बड़ा कंट्रीब्यूशन होता है। इंदौर एयरपोर्ट प्रशासन ने भविष्य में यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए कई योजनाएं बनाई हैं। इनमें नए लाउंज, पार्किंग व्यवस्था सुधार, बेहतर शॉपिंग जोन और तकनीकी उन्नयन शामिल हैं। इन सुधारों के बाद उम्मीद है कि अगले सर्वे में इंदौर एयरपोर्ट फिर से देश के शीर्ष तीन एयरपोर्ट में शामिल होगा।

**इन 31 बिंदुओं पर होता है सर्वे-**

- हवाई अड्डे पर पहुंचने में आसानी।- टर्मिनल पर पहुंचने के लिए साइन बोर्ड।- हवाई अड्डे पर पहुंचने के लिए परिवहन साधन का मूल्य।- अपने चेक इन क्षेत्र को तलाशने में आसानी।- चेक इन पर प्रतीक्षा समय, सामान ड्रॉप करना सहित चेक इन स्टाफ की शिष्टता और मदद करने का रवैया।- सुरक्षा स्क्रीनिंग में प्रतीक्षा समय।- सुरक्षा जांच स्टाफ की शिष्टता और मदद करने का रवैया।- कस्टम और पासपोर्ट काउंटर पर प्रतीक्षा।- कस्टम और पासपोर्ट काउंटर स्टाफ की शिष्टता और मदद करने का रवैया।- रेस्तरां, बार, कैफे का मूल्य के अनूकूल होना।- शॉपिंग और डाइनिंग स्टाफ की शिष्टता और मदद करने का रवैया।- गेट क्षेत्रों में प्रतीक्षा की सुविधा।- गेट क्षेत्रों में सीटों की उपलब्धता।- अपना रास्ता तलाशने में आसानी।- उड़ान की जानकारी की उपलब्धता।- टर्मिनल में चलने की दूरी अन्य उड़ानों से कनेक्शन करने में आसानी।- वाई-फाई सेवा की गुणवत्ता।- चार्जिंग स्टेशनों की उपलब्धता।- मनोरंजन और विश्राम के विकल्प।- टॉयलेट की उपलब्धता और स्वच्छता।- स्वास्थ्य संबंधी सुरक्षा स्वच्छता।- माहौल और वातावरण।- हवाई अड्डे के स्टाफ की शिष्टता और मदद करने का रवैया।

# बिहार चुनाव में जमालपुर बनी हॉट सीट, विश्वास और वफादारी की होगी अग्निपरीक्षा

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में जमालपुर सीट रोचक हो गई है। महागठबंधन में सीट बदलने और टिकट कटने से समीकरण उलट गए। कांग्रेस के मौजूदा विधायक डॉ. अजय सिंह का टिकट काटकर सीट इंडियन इंक्लूसिव पार्टी को दी गई, जिसने नरेंद्र तांती को उम्मीदवार बनाया। जेडीयू के बागी और पूर्व मंत्री शैलेश कुमार ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में ताल ठोक दी, जिससे मुकाबला त्रिकोणीय हो गया। डॉ. अजय सिंह का टिकट कटने से कांग्रेस समर्थकों में नाराजगी है। नगर कमेटी अध्यक्ष साई शंकर समेत पूरी टीम ने इस्तीफा दे दिया। सवर्ण मतदाता इस फैसले से नाखुश हैं, जो वोटों का संतुलन बिगाड़ सकता है। शैलेश कुमार के निर्दलीय उतरने से मुकाबला और रोचक हो गया। उनका संगठनात्मक नेटवर्क और स्थानीय प्रभाव मजबूत है। यह सीट अब खुला मैदान बन गई है। नरेंद्र तांती पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे पूरे समाज के उम्मीदवार हैं और जनता विकास व ईमानदारी को चुनेगी। विरोधियों को आयातित बताकर उन्होंने जनता का भरोसा जीतने की बात कही। सवर्ण मतदाताओं की नाराजगी वोटों को प्रभावित कर सकती है। डॉ. अजय सिंह का सवर्ण वोटबैंक अब किस ओर जाएगा, यह बड़ा सवाल है। जमालपुर अब राजनीतिक प्रयोगशाला बन गया है। बागी नेता भावनाओं को अपने पक्ष में करने की कोशिश में हैं, जबकि नया चेहरा बदलाव की उम्मीद जगाता है। यह चुनाव विश्वास, वफादारी और नाराजगी की परीक्षा बन गया है।इसके आगे की कहानी भी है, क्योंकि हालात को और दिलचस्प बना दिया है जेडीयू के बागी और पूर्व मंत्री शैलेश कुमार ने। उन्होंने पार्टी से नाराज होकर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में उतरने का ऐलान कर दिया है। शैलेश कुमार का संगठनात्मक नेटवर्क मजबूत है और उनका स्थानीय प्रभाव भी कम नहीं। उनके मैदान में आने से मुकाबला अब त्रिकोणीय हो गया है। महागठबंधन बनाम एनडीए बनाम निर्दलीय बागीज अब जमालपुर चुनाव में तीन कोण पर खड़े हैं। राजनीति के जानकारों के मुताबिक, यह सीट अब सीधी लड़ाई नहीं रह गई, बल्कि हर वर्ग और हर जातीय समीकरण के लिए खुला मैदान बन गई है।जमालपुर का यह चुनाव अब महज एक विधानसभा सीट का मुकाबला नहीं, बल्कि एक राजनीतिक प्रयोगशाला बन चुका है। जहां एक तरफ बागी नेता जनता की भावनाओं को अपने पक्ष में करने की कोशिश में हैं, वहीं दूसरी ओर नया चेहरा बदलाव की उम्मीद के साथ मैदान में उतरा है। इस सीट का नतीजा यह तय कर सकता है कि बिहार की राजनीति में पुराना जनाधार ज्यादा असरदार है या नई सामाजिक इंजीनियरिंग1 इस बार जमालपुर में सिर्फ वोट नहीं पड़ने वाले- यहां विश्वास, वफादारी और नाराजगी, तीनों की परीक्षा एक साथ होने जा रही है। महागठबंधन के उम्मीदवार नरेंद्र तांती पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन उनके तेवर आत्मविश्वास से भरे हैं। एक साक्षात्कार में कहा- पार्टी ने सोच-समझकर मुझे टिकट दिया है। मैं सिर्फ तांती समाज का नहीं, बल्कि पूरे समाज का उम्मीदवार हूं। महागठबंधन का पूरा कैडर मेरे साथ है और जनता जनार्दन का आशीर्वाद भी मिल रहा है। नरेंद्र तांती का मानना है कि मतदाता इस बार जाति से ऊपर उठकर विकास और ईमानदारी को मुद्दा बनाएंगे। उन्होंने विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा, वे सब इंपोर्टेड उम्मीदवार हैं जो खुद इलाके के वोटर नहीं हैं। जनता ऐसे लोगों पर भरोसा नहीं करेगी।

सवर्णो में असंतोष से बदल सकता है खेल

हालांकि, राजनीतिक हलकों में यह चर्चा तेज है कि कांग्रेस के टिकट कटने से सवर्ण मतदाता नाराज हैं। यह असंतोष वोटों के समीकरण को बदल सकता है। डॉ. अजय सिंह का जनाधार भले सीमित रहा हो, लेकिन उनके समर्थन में एक स्थायी सवर्ण वोटबैंक माना जाता था। अब यह वोट किस ओर जाएगा-यही इस चुनाव का सबसे बड़ा सवाल है। सवाल यह है कि सवर्ण असंतोष, बागी उम्मीदवार और नए चेहरे की तिकड़ी मिलकर चुनावी नतीजों की दिशा किस ओर मोड़ देगी?

# पुलिस के हत्थे चढ़े लाखों के गहने चुराने वाले

**जयपुर।** जयपुर पुलिस ने धाबाईजी का खुर्रा के घरों में लगातार हो रही चोरियों का पुलिस ने खुलासा किया है। माणक चौक थाना पुलिस ने बदमाश के कब्जे से 35 लाख रुपए कीमत के गहने भी बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपी ने रेकी के बाद कई मकानों में घुसकर चोरी की वारदातें करना कबूल किया है। जो नशे की लत के चलते चोरी किए सामान को बेच देता था। डीसीपी (नॉर्थ) करण शर्मा ने बताया चोरी के मामले में आरोपी रेहान (20) पुत्र मोहम्मद आरिफ निवासी ईदगाह गलता गेट को अरेस्ट किया गया है। पिछले काफी दिनों से धाबाईजी का खुर्रा के घरों में लगातार चोरी हो रही थी। 14 अक्टूबर को माणकचौक थाने में शेखर शुक्ला ने भी चोरी का मामला दर्ज करवाया था। घरवालों की मौजूदगी में खिड़की तोड़कर घुसा बदमाश करीब 35 लाख रुपए कीमत के गहने चोरी कर ले गया।लगातार हो रही चोरियों के खुलासे के लिए एसएचओ (माणकचौक) राकेश ख्यालिया के नेतृत्व में टीम लगाई गई।

P-03:28 paga09_jhn.qxd 10/24/2025 8:27 PM Page 1



# दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बीएसएफ कैंप में जल परियोजना की शुरूआत की

**लिशा शर्मा**

**उत्तम भारत, नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को पश्चिमी दिल्ली के छावला स्थित एक सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) कैंप में पाइप से पानी पहुंचाने की परियोजना की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने अर्धसैनिक बल के जवानों के साथ भाई दूज का त्योहार भी मनाया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 25वीं बटालियन 1982 में स्थापित हुई थी, तब से लेकर अब तक इस कैंप में पाइपलाइन से पानी की आपूर्ति नहीं होती थी। अधिकारियों ने बताया कि 11 अगस्त को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए कैंप के अपने पिछले दौरे के समय मुख्यमंत्री ने कैंप को पाइप से पानी मुहैया कराने का वादा किया था। परियोजना के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि इस पाइपलाइन को द्वारका जल शोधन संयंत्र से जोड़ा जाएगा और इससे पड़ोसी गांवों में जलापूर्ति व्यवस्था



सुधरेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बीएसएफ अधिकारियों के अनुरोध पर दिल्ली सरकार कैंप परिसर में खेलों के लिए एक सिंथेटिक ट्रैक बिछाने का काम भी कराएगी। गुप्ता ने शिविर के अपने पिछले दौरे के दौरान कहा था, ह्ययहां से लौटने के बाद सबसे पहले मैं आपके शिविर में पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराने का आदेश पारित करूंगी। अगली बार जब मैं आपके पास आऊंगी तो इसके लिए कार्य आदेश लेकर आऊंगी।

# महापौर ने छठ महापर्व की तैयारियों के बीच प्रमुख छठ घाटों का किया निरीक्षण

**दीया शर्मा**

**उत्तम भारत, नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने आगामी छठ महापर्व के तहत शुक्रवार को राजधानी के प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण किया। महापौर ने श्याम घाट, राम घाट तथा बुराड़ी से सोनिया विहार तक विभिन्न छठ घाटों पर चल रही तैयारियों का जायजा लिया। महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि छठ महापर्व दिल्लीवासियों की आस्था और एकता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम द्वारा छठ पूजा के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, जल निकासी और आवागमन की सुगमता से संबंधित तैयारियों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। महापौर ने बताया कि निगम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि छठ घाटों के आसपास स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, फॉगिंग और



कचरा प्रबंधन के लिए विशेष टीमें तैनात की जाएं।

निगम के सफाई कर्मचारी निरंतर घाटों की सफाई और कचरा उठाने का कार्य कर रहे हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। महापौर ने कहा की इस बार छठ महापर्व के सफल आयोजन के लिए अभूतपूर्व इंतजाम किए जा रहे हैं। निगम का प्रयास है कि प्रत्येक व्रती और श्रद्धालु को स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण मिले। उन्होंने कहा कि दिल्ली के हर छठ घाट पर हो रहा यह भव्य आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह दिल्ली की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक एकता को भी सशक्त बनाता है। महापौर ने अंत में नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और छठ पूजा के दौरान पर्यावरण के प्रति जागरूक रहें ताकि यह पर्व श्रद्धा, स्वच्छता और समरसता का संदेश दे सके। निरीक्षण के दौरान संगठन मंत्री पवन राणा, जिला अध्यक्ष यूके चौधरी, सिविल लाइन वार्ड समिति के अध्यक्ष गुलाब सिंह राठौर, पार्षद अनिल त्यागी, राजपाल राणा, सागर त्यागी, कार्यालय प्रभारी ब्रजेश राय तथा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आत्ममंथन की ज्योति से आलोकित निरंकारी संत समागम की तैयारियाँ समापन की ओर

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन छत्रछाया में 78वां वार्षिक निरंकारी संत समागम 31 अक्टूबर से 3 नवम्बर, 2025 तक संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा (हरियाणा) में अद्भुत दिव्यता और भव्यता के साथ आयोजित होने जा रहा है। आत्मीयता के इस उत्सव में देश-विदेश से असंख्य श्रद्धालु भाग लेकर आनंद का अनुभव प्राप्त करेंगे। श्रद्धा, समर्पण के साथ हजारों श्रद्धालुजन अपने-अपने क्षेत्रों से आकर पूर्ण तन्मयता और समर्पण भाव के साथ दिन रात सेवाओं में रत हैं; जिससे यह आयोजन अपनी अंतिम तैयारियों की ओर अग्रसर है।

यह समागम केवल एक धार्मिक या वार्षिक आयोजन नहीं, अपितु ज्ञान, प्रेम और भक्ति का ऐसा पावन संगम है, जो ब्रह्मज्ञान द्वारा आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनता है। यहाँ श्रद्धालु न केवल आध्यात्मिक जागृति पाते हैं, बल्कि मानवता, विश्वबंधुत्व और आपसी सौहार्द की भावनाओं को भी आत्मसात करते हैं। यह आयोजन ह्यआत्ममंथनह्व की वह दिव्य भूमि है, जहाँ प्रत्येक साधक अपने अंतर्मन में झाँकने, आत्मचिंतन करने और आत्मिक चेतना को जागृत करने की प्रेरणा प्राप्त करता है।

यह सम्पूर्ण आयोजन सतगुरु माता जी की दिव्य प्रेरणा और आशीर्वाद से संचालित हो रहा है। सतगुरु की यही मंगलकामना रहती है कि हर श्रद्धालु इस समागम में प्रेम, सम्मान और समुचित सुविधा का अनुभव



करते हुए आध्यात्मिक रूप से परिपूर्ण हो। संत निरंकारी मंडल के सचिव श्री जोगिंदर सुखीजा के अनुसार एक समय पर जो स्थल केवल एक सामान्य मैदान था, वह अब संतो की कर्मठ सेवा भावना के कारण एक भव्य शामियानों की सुंदर नगरी में परिवर्तित हो चुका है। यह दिव्य वातावरण प्रत्येक आगंतुक को अपनी ओर आकर्षित करता है।

समागम स्थल को एक दिव्य नगरी का रूप दिया गया है। विशाल पंडालों में भक्तों के लिए सुव्यवस्थित बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। समागम मंच पर हो रहे प्रेरणादायक प्रवचन, भावपूर्ण भजन और विचारों को समूचे परिसर में और अधिक प्रभावी रूप से दशार्ने हेतु समूचे परिसर में अत्याधुनिक एल.ई.डी. स्क्रीन स्थापित की जा रही हैं, जिससे दूरस्थ स्थानों पर बैठे श्रद्धालु भी उसी भाव, ऊर्जा और अनुभूति से सत्संग का लाभ प्राप्त कर सकें। पूरे समागम परिसर को चार प्रमुख खंडों में विभाजित किया गया है, जिससे संचालन, आवागमन और सुविधाओं का समुचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। पिछले वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, इस वर्ष भी मुंबई के श्रद्धालु भक्तों द्वारा निर्मित मुख्य स्वागत द्वार अपनी कलात्मक भव्यता के साथ समागम की आध्यात्मिक रूपरेखा का प्रतिबिंब बनकर उभरा है। यह द्वार न केवल सौंदर्य का प्रतीक है, बल्कि समर्पण, सेवा और सृजनशीलता का सजीव उदाहरण भी है। जैसे-जैसे समागम में श्रद्धालुओं की संख्या निरंतर बढ़ रही है, वैसे-वैसे यह स्वागत द्वार भी अपने स्वरूप, विस्तार और गरिमा में और अधिक भव्यता धारण करता जा रहा है, मानो यह समस्त मानवता को प्रेम, अपनत्व और समभाव से आमंत्रित करने हेतु तत्पर हो।

इस पावन संत समागम में हर सज्जन महात्मा एवं श्रद्धालु भक्त का सादर आमंत्रण है। आइए, इस आत्मिक मिलन और भक्ति के महासंगम का हिस्सा बनें, सतगुरु के दिव्य दर्शन करें, उनके अमृतमय प्रवचनों का लाभ प्राप्त करें, और आत्मा को परमात्मा से जोड़ने की इस अनुपम यात्रा में सहभागी बनकर जीवन को धन्य करें। निसंदेह यह संत समागम केवल एक आयोजन नहीं बल्कि आत्म मंथन, आत्मबोध और आंतरिक शुद्धि का अवसर है।

# सेन्ट्रल पार्क पॉकेट -7 सेक्टर 82 नोएडा में 23 वा छठ पूजा का आयोजन के लिए घाट की तैयारी पूरी

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली/ नोएडा।** सेन्ट्रल पार्क पॉकेट -7 सेक्टर 82 नोएडा में 23 वा छठ पूजा का आयोजन के लिए घाट की पूरी तैयारी कर लिया गया है छठ पूजा समिति पॉकेट 7 सेक्टर 82 नोएडा के अध्यक्ष शैलेन्द्र मिश्रा ने कहा कि हर साल के तरह इस साल भी २३वा छठ पूजा का आयोजन 25.10.2025 को नहाई खाई 26.10.2025 को खरना एवं 27.10.2025 डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा एवं 28.10.2025 को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर समापन होगा जिसमे सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा जिसमें चार गायक एवं. चार साज बाद क रहेगा 27.10.2025 समय शाम 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक होगा जिसमें कलाकार धीरज मिश्रा,दीपक



झा,पूजा मिश्रा,एवं अनु प्रिया रहेंगे शैलेन्द्र मिश्रा अध्यक्ष छठ समिति पॉकेट 7 सेक्टर 82 नोएडा ने कहा कि घाट में गंगाजल की व्यवस्था की गई है एवं साफ सफाई की व्यवस्था नोएडा प्राधिकरण के तरफ से किया गया है सुरक्षा के लिए ए सी पी एवं थानाध्यक्ष फेस 2 से बात हो गई है एवं पूजा विसर्जन के बाद प्रसाद की दो हजार ठ कु वा की व्यवस्था है भारत सरकार एवं राज्य सरकार से आग्रह की छठ पूजा पर सरकारी छुट्टी की घोषणा करे छठ पूजा समिति के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे जिसमें शैलेन्द्र मिश्रा अध्यक्ष विजय झा कोषाध्यक्ष,पंकज झा, मुरारी झा, शिवा चौधरी,संतोष यादव, रंजीत पटेल. अनूप सिंह. हरि शंकर. विपिन झा.दिलीप राय. संजय पांडेय. बलराम कर्ण. गोरे कुमार. पपु सिंह. कुमर कांत झा राम भरोस झा.राम बाबु झा अशोक दास विजेन्दर सिंह काफी लोग उपस्थित रहेंगे।

# भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने अजमल खां पार्क स्थित छठ घाट का किया निरीक्षण

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता और नई दिल्ली से लोकसभा सांसद बांसुरी स्वराज ने शुक्रवार को करोल बाग विधानसभा क्षेत्र के अजमल खां पार्क स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाट की सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर बांसुरी स्वराज ने कहा कि यह केवल सफाई नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति के प्रति आस्था और सेवा



का संकल्प है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि छठ पूजा से पहले सभी तैयारियां समय पर पूरी की जाएं ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। सांसद ने कहा कि दिल्ली छठ महापर्व की तैयारियों में जुटी है। ऐसे में स्वच्छता अभियान के तहत श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु श्रमदान कर परिसर की सफाई में सहयोग किया, ताकि श्रद्धालु निर्बाध रूप से पूजा-अर्चना कर सकें। उन्होंने कहा कि यह पावन अवसर मातृशक्ति की आस्था, पर्यावरणीय संतुलन और लोकपरंपरा की अद्भुत एकता का उत्सव है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र बब्बर, पार्टी कार्यकर्ता एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# त्योहार में भीड़ बढ़ने से दिक्कत, लेकिन डीटीसी बसों की संख्या में कोई कमी नहीं

**नई दिल्ली।** राजधानी में सार्वजनिक परिवहन को लेकर आई कुछ मीडिया रिपोर्ट्स पर दिल्ली सरकार ने सफाई दी है। सरकार ने स्पष्ट कहा है कि दिल्ली में डीटीसी बसों की कोई कमी नहीं है। राजधानी दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन को लेकर आई कुछ मीडिया रिपोर्ट्स पर दिल्ली सरकार ने सफाई दी है। सरकार ने स्पष्ट कहा है कि दिल्ली में डीटीसी बसों की कोई कमी नहीं है और सभी रूटों पर बस सेवाएं पूरी तरह सुचारू और नियमित रूप से चल रही हैं। परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार लगातार रूटों को बेहतर बनाने और बसों की संख्या बढ़ाने पर काम कर रही है ताकि यात्रियों को किसी भी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने कहा हम हर रूट पर बेहतर कनेक्टिविटी, कम वेटिंग टाइम और आरामदायक सफर सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। सरकार ने कहा है कि त्योहारी सीजन में यात्रियों की संख्या बढ़ने की वजह से कुछ लोगों को हल्की असुविधा हो सकती है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि बसों की कमी है। राजधानी के हर रूट पर डीटीसी और क्लस्टर बसें सामान्य रूप से चलाई जा रही हैं। आईआईटी दिल्ली के सहयोग से बस मार्गों का पुनर्गठन किया जा रहा है ताकि सेवाएं यात्रियों की जरूरत के हिसाब से हों और प्रतीक्षा समय कम किया जा सके। नई बसें खासकर बाहरी इलाकों में चलाई जा रही हैं ताकि वहां के लोगों को भी अच्छी सुविधा मिल सके।सरकार ने साफ किया है कि किसी भी मार्ग पर बस सेवा बंद नहीं की गई है। ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों में पहले की तरह बसें चल रही हैं। इसके साथ ही, यात्रियों की सुविधा के लिए नए बस क्यू शेल्टर (बस स्टॉप) भी बनाए जा रहे हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि रेखा गुप्ता सरकार का लक्ष्य एक सुरक्षित, पर्यावरण-हितैषी और भरोसेमंद परिवहन व्यवस्था देना है। उन्होंने कहा दिल्ली में हर नागरिक को बेहतर बस सेवा मिले, इसके लिए हम फ्लीट बढ़ा रहे हैं, रूट सुधार रहे हैं और यात्रियों की जरूरत के हिसाब से सेवाएं व्यवस्थित कर रहे हैं।

# उत्तर रेलवे ने दिल्ली क्षेत्र से 28 विशेष रेलगाड़ियां चलाईं, बिहार के भावपूर्ण गीतों और धुनों से छठ के लिए जाने वाले यात्रियों का स्वागत किया गया

- कल दिल्ली क्षेत्र से 30 विशेष रेलगाड़ियां चलाई गईं
- दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर उदघोषणा प्रणालियों के माध्यम से पारंपरिक भोजपुरी छठ गीत बजाए जा रहे हैं

त्योहारों के मौसम में यात्रियों की भारी भीड़ को नियंत्रित और व्यवस्थित करने के लिए भारतीय रेलवे देश भर में 12,000 से ज्यादा स्पेशल ट्रेनें चला रहा है। इसी व्यापक प्रयास को जारी रखते हुए, उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल ने कल चलाई गई30 स्पेशल ट्रेनों के बाद आज दिल्ली क्षेत्र से 28 स्पेशल ट्रेनें सफलतापूर्वक चलाईं। यह प्रयास छठ श्रद्धालुओं को सुरक्षित और आरामदायक तरीके से उनके घरों तक पहुँचाने पर केन्दित है। आज चलाई गईं स्पेशल रेलगाड़ियों का विवरण निम्नानुसार है :-

नई दिल्ली: 8 विशेष ट्रेनें + 1 अनिर्धारित ट्रेन ऑन डिमांड
आनंद विहार टर्मिनल: 7 विशेष ट्रेनें
शकूरबस्ती : 5 विशेष ट्रेनें
दिल्ली जंक्शन: 3 विशेष ट्रेनें
हजरत निजामुद्दीन : 2 विशेष ट्रेनें
शामली : 1 विशेष ट्रेन
रोहतक : 1 विशेष ट्रेन

यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए ये विशेष सेवाएं प्रमुख गंतव्यों तक चलाई जा रही हैं ।

**स्टेशनों पर एक अनोखा सांस्कृतिक स्वागत**

एक अनूठी और हृदयस्पर्शी पहल के तहत, दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशनों - नई दिल्ली, आनंद विहार टर्मिनल, निजामुद्दीन और गाजियाबाद में स्टेशन उदघोषणा प्रणालियों के माध्यम से पारंपरिक भोजपुरी छठ गीत बजाए जा रहे हैं । लोक आस्था का महापर्व छठ , अपने मधुर लोकगीतों के बिना अधूरा है।

यह अनूठी पहल यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने और श्रद्धालुओं को बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान से जोड़ने के लिए की गयी है ।जैसे ही ट्रेनें स्टेशनों पर पहुँचती हैं, यात्रियों का स्वागत इन परिचित धुनों से होता है, जो स्टेशन के माहौल को तुरंत बदल देती हैं और यात्रियों को त्योहार की भावना से जोड़ देती हैं।

**यात्रियों ने रेलवे की व्यवस्था की सराहना की**

यात्रियों ने बेहतर व्यवस्था और सांस्कृतिक स्वागत के लिए रेलवे की सराहना की:

नई दिल्ली से बिहार के अभयपुर जा रही एक महिला यात्री कुसुम देवी ने कहा, "जब छठ के गीत कानों में पड़ते हैं तो बहुत अच्छा लगता है , यह एक यादगार अनुभव है। इस बार भारतीय रेलवे की व्यवस्थाएँ बेहतरीन हैं।"

सीवान की एक यात्री कुमारी शोभा ने कहा, " छठ पर्व हमारे दिल के बहुत करीब है, बिहारियों के लिए इसका विशेष महत्व है । इस बार इतनी अच्छी व्यवस्था के लिए मैं भारतीय रेलवे की आभारी हूँ।"

सीवान के एक अन्य यात्री संदीप कुमार सिंह ने परिचालन दक्षता को सराहते हुए कहा, "रेलवे ने टिकट व्यवस्था, सफाई, मोबाइल शौचालय, कतार व्यवस्था, अतिरिक्त टिकट काउंटर जैसी व्यापक व्यवस्थाएँ की हैं। इस बार रेलवे ने हमारे छठ पर्व को खास बना दिया है।"

छठ पूजा श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा सुरक्षित, कुशल और सांस्कृतिक रूप से अनुकूल यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है ।

# दिल्ली पुलिस ने आईएसआईएस मॉड्यूल का पदार्फाश किया, 2 संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए आईएसआईएस से जुड़े दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों संदिग्ध आतंकियों का नाम अदनान है। इनमें से एक दिल्ली का रहने वाला है, जबकि दूसरा मध्य प्रदेश का रहने वाला है।

पुलिस के मुताबिक, दोनों संदिग्ध आतंकियों को फिदायीन हमले की ट्रेनिंग दी जा रही थी और उनका निशाना दिल्ली था। उन्होंने दिल्ली के भीड़भाड़ वाले इलाकों में आईईडी ब्लास्ट जैसे हमले की योजना बनाई थी।

गिरफ्तारी दिल्ली के सादिक नगर और भोपाल से हुई।

फिलहाल, दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की टीम दोनों संदिग्ध आतंकियों से पूछताछ कर रही है, ताकि उनके मकसद और योजनाओं के बारे में जानकारी हासिल की जा सके।

इससे पहले, सितंबर में भी स्पेशल सेल ने एक बड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया था, जिसमें कई राज्यों से पांच संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार सभी आरोपियों की उम्र 20 से 26 वर्ष के बीच थी और उन्हें दिल्ली, झारखंड, तेलंगाना और मध्य प्रदेश से पकड़ा गया था।

## समाचार

### आदर्श नगर में महिला की चाकू मारकर हत्या, मामले में तीन लोग पकड़े गए

**नई दिल्ली।** दिल्ली के आदर्श नगर इलाके में 30 साल की एक महिला मृत पायी गयी जबकि दूसरी घायल मिली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस घटना के बारे में जानकारी बृहस्पतिवार रात 9.30 बजे के आसपास मिली। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मृत महिला की पहचान निर्मला के रूप में जबकि घायल महिला की पहचान खजूरी खास की रहने वाली फिरोजी (30) के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर घायल मिली फिरोजी को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने बताया कि तीन संदिग्धों को पकड़ लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

### दिल्ली हवाईअड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने सात करोड़ रुपये से अधिक का नशीला पदार्थ जब्त किया

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे पर दो भारतीय पुरुष यात्रियों के पास से सात करोड़ रुपये से ज्यादा की कीमत का नशीला पदार्थ जब्त किया गया है। सीमा शुल्क विभाग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन लोगों को सोमवार को थाईलैंड के बैंकॉक से आने के बाद रोका गया। सीमा शुल्क अधिकारियों ने उनके निजी सामान और अन्य समानों का एक्स-रे से निरीक्षण किया जिसके बाद मादक पदार्थ बरामद हुआ। विभाग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि इन यात्रियों के पास मौजूद भूरे और नीले रंग के ट्रॉली बैग की जांच करने पर प्लास्टिक के चार पाउच मिले जिनमें हरे रंग का नशीला पदार्थ था। संदेह है कि 7,213 ग्राम वजन का यह पदार्थ गांजा (मारिजुआना) हो सकता है। इसमें कहा गया, जब इस सामग्री का नैदानिक परीक्षण किया गया, तो प्रथम दृष्टया यह गांजा/मारिजुआना जैसा लगा। साथ ही पोस्ट में बताया गया है कि जब्त किए गए पदार्थ की कीमत लगभग 7.21 करोड़ रुपये है। विभाग ने आगे बताया कि दोनों यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### रोहिणी में डूबने से छह साल की बच्ची की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी में छह साल की एक बच्ची की अपने घर के पास भरे पानी में गिरकर डूबने से मौत हो गई। यहां एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह घटना बृहस्पतिवार शाम रमा विहार इलाके में घटी। पुलिस के अनुसार, पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) पर बृहस्पतिवार शाम छह बजे सूचना मिली कि एक नाबालिग लड़की लापता हो गई है। रमा विहार पहुंची पुलिस की एक टीम ने आसपास के विभिन्न इलाकों में तलाश अभियान शुरू किया। अधिकारी ने कहा, तलाशी के दौरान टीम को लड़की अपने घर के पास भरे पानी में डूबी मिली। लड़की को संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि इलाके में पानी भरा हुआ था और संदेह है कि लड़की अपने घर के बाहर खेलते समय गलती से पानी में गिर गई। अधिकारी ने बताया कि परिजन ने पहले तो पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया, लेकिन बाद में सहमति दे दी। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में जांच और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### डीकेवीआईबी की बैठक में कौशल वृद्धि योजना को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड (डीकेवीआईबी) की शुक्रवार को दिल ली के उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की अध्यक्षता बैठक हुई। बैठक में कुटीर उद्योगों के लिए कौशल वृद्धि योजना को मंजूरी देने जैसे कई फैसले किए गए। यह बैठक कश्मीरी गेट स्थित निगम भवन में हुई। सिरसा ने कहा कि हमारे सतत प्रयासों से दिल्ली के कारीगर, बुनकर और हस्तशिल्प उद्योग को नई ऊर्जा और पहचान मिलेगी। सिरसा ने कहा कि आज तीन साल नौ महीने बाद डीकेवीआईबी की बैठक हुई। बैठक में हस्तशिल्प, ग्रामोद्योग और खादी के समुचित विकास को सुनिश्चित करने के लिए डीकेवीआईबी के एमडी महेश कुमार के साथ-साथ राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि बैठक में कई बड़े महत्वपूर्ण फैसले लिए गए, जिसमें कुटीर उद्योगों के लिए कौशल वृद्धि योजना को मंजूरी दी गई। यह सुनिश्चित किया गया की दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम के साथ सहयोग करके डीकेवीआईबी क्नॉट प्लेस में एक बड़ा एम्पोरियम/शॉप खोलेगा, जिससे स्वदेशी को बढ़ावा दिया जाए। इसके साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण फैसले लिए गए।

### जेएनयू छात्र संघ के लिए चार नवंबर को होंगे मतदान, जारी हुआ पूरा शेड्यूल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव 2025-26 के लिए मतदान चार नवंबर को होंगे। चुनाव समिति की ओर से छात्रसंघ चुनावों को लेकर संभावित शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इसके मुताबिक, 24 अक्टूबर यानी शुक्रवार को अस्थायी मतदाता सूची प्रदर्शित की जाएगी और शाम पांच बजे तक इसमें संशोधन होंगे। वहीं, शनिवार यानी 26 अक्टूबर को दोपहर दो से शाम पांच बजे तक नामांकन पत्र जारी होंगे। इसके बाद 27 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके तहत सुबह 9:30 से शाम पांच बजे तक छात्र नामांकन कर सकेंगे। इसके बाद 28 अक्टूबर को सुबह 10 बजे वैध नामांकनों की सूची प्रदर्शित की जाएगी। बताया गया कि दोपहर दो से पांच बजे तक नामांकन वापसी की प्रक्रिया चलेगी और इसी दिन शाम सात बजे उम्मीदवारों की अंतिम सूची प्रदर्शित की जाएगी। आठ बजे उम्मीदवारों के साथ प्रेस वार्ता होगी। वहीं, 29 से 31 अक्टूबर तक स्कूल जनरल बॉडी मीटिंग (जीबीएम) की जाएगी। एक नवंबर को विश्वविद्यालय की जीबीएम और दो नवंबर को शाम आठ बजे से प्रेजिडेंशियल डिबेट की जाएगी। इसके बाद चार नवंबर को सुबह नौ से शाम 5:30 बजे तक मतदान होंगे और रात नौ बजे से मतगणना शुरू होगी। छह नवंबर परिणाम जारी कर दिए जाएंगे।

### नवंबर में फिर से खुल सकता है दिल्ली चिड़ियाघर, बर्ड फ्लू की वजह से था बंद

**नई दिल्ली।** बर्ड फ्लू के प्रकोप के बाद लगभग दो महीने से बंद दिल्ली स्थित राष्ट्रीय प्राणी उद्यान एक और दौर की जांच के बाद नवंबर के दूसरे सप्ताह में फिर से खुल सकता है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चिड़ियाघर के निदेशक संजीत कुमार के अनुसार, चौथे दौर के नमूने 30 अक्टूबर को एकत्र किये जाएंगे और छह से सात दिनों के भीतर रिपोर्ट आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, "जांच रिपोर्ट यदि नेगेटिव आती है तो चिड़ियाघर को फिर से खोलने पर विचार किया जाएगा।" रंगीन सारस (पेंटेड स्टॉर्क) और काले सिर वाला बगुला (ब्लैक-हेडेड आइबिस) सहित कई पक्षियों की मौत के बाद 30 अगस्त को चिड़ियाघर को बंद कर दिया गया था। 28 और 31 अगस्त के बीच एकत्र किए गए नमूनों में एच5एन1 एवियन इन्फ्लूएंजा की पुष्टि हुई, जिसके बाद इसे बंद करने का निर्णय लिया गया। अंतिम 'पॉजिटिव' मामला एक सितंबर को पाया गया था। उसके बाद, पक्षी गृह और अन्य पिंजरों में बिना बारी लिए गए नमूनों के परीक्षण की रिपोर्ट नेगेटिव थी।

# ठगी के रुपयों को ट्रांसफर करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** साइबर ठगी के मामले पर शिकंजा कसते हुए गुरुग्राम पुलिस की साइबर अपराध शाखा (पूर्व) ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरटीओ की फर्जी वेबसाइट का लिंक भेजकर मोबाइल फोन हैक करने और ठगी की रकम ट्रांसफर करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। फर्जी वेबसाइट से फोन हैक कर की थी ठगी शिकायतकर्ता ने 27 अगस्त को साइबर अपराध थाना पूर्व में दी गई शिकायत में बताया था कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने व्हाट्सऐप पर आरटीओ की फर्जी वेबसाइट का लिंक भेजकर उसका मोबाइल फोन हैक कर लिया। इसके बाद उसके खाते से रकम ट्रांसफर कर ली गई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। भिवाड़ी से पकड़े गए दोनों आरोपी साइबर एसीपी प्रियांशु दिवान के नेतृत्व में निरीक्षक अमित कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान कर राजस्थान के भिवाड़ी से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 33 वर्षीय पवन भिवाड़ी में ई-मित्र की दुकान चलाता है। 28 वर्षीय विक्की निवासी गांव घटाल, जिला अलवर (राजस्थान) के रूप में हुई है। बैंक खाते बेचकर करते थे साइबर ठगी पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी पवन के बैंक खाते में ठगी की रकम में से चार लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे। पवन ने अपना बैंक खाता आरोपी विक्की को दस प्रतिशत कमीशन पर बेच दिया था। वहीं विक्की ने यह खाता आगे किसी अन्य व्यक्ति को 20प्रतिशत कमीशन पर बेच दिया था, जिसके जरिए ठगी का पैसा घूमाता था । पुलिस ने बरामद किए मोबाइल, भेजा जेल पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपियों को 24 अक्तूबर को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। साइबर अपराध थाना पूर्व की टीम अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपियों ने अब तक कितने लोगों को इस तरीके से निशाना बनाया है और ठगी की रकम किन खातों में पहुंचाई गई। पुलिस के अनुसा मामले में अन्य आरोपियों और गैंग के नेटवर्क का भी पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक या वेबसाइट पर अपनी निजी जानकारी या बैंक विवरण साझा न करें और संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी साइबर थाने में संपर्क करें।

# पलवल पुलिस ने 110 किलो गांजा समेत दो तस्कर किए गिरफ्तार

**पलवल।** जिले में नशे के खिलाफ चल रहे अभियान को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के निर्देशन में क्राइम ब्रांच पलवल ने मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 50 लाख रुपये मूल्य का 109.856 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। यह अब तक की बड़ी बरामदगियों में से एक मानी जा रही है।पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम ने दो तस्करों को दबोचने में सफलता हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार 24 अक्टूबर की सुबह क्राइम ब्रांच प्रभारी दीपक गुलिया, सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मण सिंह और टीम अपराधों की रोकथाम के लिए बाबरी मोड़, होडल क्षेत्र में मौजूद थी।

तभी टीम को गुप्त सूचना मिली कि सुंदर पुत्र देवीराम और उमेद पुत्र कलवा, निवासी गांव अलावलपुर थाना चांदहट, अपनी स्कार्पियो गाड़ी में भारी मात्रा में गांजा लेकर कोसी (उत्तर प्रदेश) की ओर से पलवल आ रहे हैं।सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने करमन बॉर्डर टोल टैक्स के पास नाकाबंदी की। थोड़ी देर बाद संदिग्ध गाड़ी को रोककर दोनों आरोपियों को काबू किया गया। डीएसपी होडल सुरेंद्र कुमार की मौजूदगी में गाड़ी की तलाशी ली गई, जिसमें पांच प्लास्टिक के कट्टों में भरा कुल 109.856 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। बरामद नशीले पदार्थ की कीमत लगभग 50 लाख रुपये बताई जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे यह गांजा उड़ीसा से लेकर आए थे और इसे पलवल व आसपास के इलाकों में बेचने की योजना थी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर रिमांड पर लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, ताकि नशे की सप्लाई के बड़े नेटवर्क तक पहुंचा जा सके। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने कहा कि नशा तस्करों को केवल जेल की सलाखों के पीछे नहीं भेजा जाएगा, बल्कि उनकी अवैध संपत्तियों को भी जब्त कर नष्ट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में नशे का कारोबार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# फरीदाबाद में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 'चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा' का स्वागत किया

- गुरुओं की वाणी हमेशा करती रहती है हमारा मार्गदर्शन : नायब सैनी



फरीदाबाद, 24 अक्टूबर (वेब वार्ता)। दिल्ली के गुरुद्वारा मोतीबाग साहिब से तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब तक निकली 'चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा' शुक्रवार को फरीदाबाद पहुंची। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिख वेशभूषा में यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में गुरु गोबिंद सिंह जी और माता साहिब कौर के पवित्र जोड़ा साहिब शामिल हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि गुरुचरण यात्रा का स्वागत करने का मुझे सौभाग्य मिला, ये मेरे लिए गौरव का क्षण है। हरियाणा की धरती एक गौरवशाली क्षण का साक्षी बन रही है। उन्होंने कहा कि गुरु जी की कुबार्नी और वीरता पर सभी भारतवासियों को गर्व है। उन्होंने क्रूर मुगलों के खिलाफ युद्ध लड़ा, चार साहिबजादों सहित पूरा परिवार बलिदान कर दिया। विश्व में ऐसी मिसाल कहीं नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि दिल्ली से प्रारंभ ये महान यात्रा बिहार में गुरु जी के जन्म स्थान पटना साहिब तक जाएगी और फरीदाबाद को दिल्ली के प्रवेश द्वार के रूप में भी जाना जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रवेश द्वार पवित्र जोड़ा साहब के माध्यम से साक्षात गुरु जी के चरणों की धूल को अपने मस्तक पर धारण कर रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और इस यात्रा के आयोजकों का दिल से आभार जताया और धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि गुरुओं की वाणी हमेशा हमारा मार्गदर्शन करती रही है। गुरु गोबिंद सिंह जी सिर्फ सिखों के नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र के मार्गदर्शक हैं। इस यात्रा में माता साहिब कौर जी का पवित्र जोड़ा साहब शामिल होना सौभागय की बात है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा एक नवंबर से 24 नवंबर तक प्रदेश में गुरु तेग बहादुर जी का 350वां प्रकाश पर्व मनाया जाएगा। हमारी सरकार ने पवित्र भूमि चिल्ला साहिब जहां गुरु नानक देव जी ने तपस्या की थी, वह भूमि पवित्र गुरुद्वारा साहिब के नाम की है। इसके अलावा हरियाणा सरकार ने 1984 के दंगों के पीड़ित 121 परिवारों के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का भी निर्णय किया है। उन्होंने इस यात्रा में शामिल सभी संत गणों, आयोजकों और देश-विदेश से आए सभी श्रद्धालुओं का अभिनंदन और स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य रुप से पूर्वमंत्री व विधायक मूलचंद शर्मा, पूर्वमंत्री सीमा त्रिखा, मीडिया एडवाइजर राजीव जेटली सहित अनेकों भाजपा नेतागण व विधायकगण मौजूद रहे। गौरतलब है कि गुरुवार रात को बदरपुर बार्डर से चरण सुहावे यात्रा ने फरीदाबाद में प्रवेश किया था और सेक्टर 37 से होते हुए यह यात्रा गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सेक्टर 15 में कुछ देर रुकने के बाद मध्य रात्रि को गुरुद्वारा दरबार साहिब में पहुंची थी। यात्रा में दशम पिता गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज और खालसा की माता साहिब कौर के पवित्र जोड़ा साहिब को लेकर निकली यात्रा का जगह जगह गुरु की प्यारी संगत ने स्वागत किया।

# नाबालिग बेटी के साथ गलत हरकत करने वाला पिता पहुंचा जेल

**फरीदाबाद।** 14 साल की नाबालिग बेटी के साथ गलत हरकत करने के आरोप में भूपानी थाना पुलिस ने उसके ही पिता को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। मामला तब उजागर हुआ जब बच्ची ने दर्द की शिकायत अपने पड़ोस की एक बुजुर्ग महिला से की। जानकारी के अनुसार, आरोपी व्यक्ति भूपानी थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में अपनी दो बेटियों के साथ रहता था। वह ऑटो चालक है और नशे का आदी है। घर में लड़ाई झगड़ा करता है। उसकी पत्नी करीब एक साल पहले झगड़े और मारपीट से परेशान होकर चार बच्चों को लेकर अलग हो गई थी, जबकि दो बेटियां पिता के पास रह गईं। नशे का आदी पिता घर में अकसर गुस्से में रहता था। उसने अपनी 14 साल की बेटी को अपनी गंदी नीयत का शिकार बना डाला। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। इसलिए बेटी ने किसी को नहीं बताया। पिता ने आठ-नौ दिन तक उसके साथ गलत हरकत की। पिता की हरकत से वह बीमार हो गई। उसके शरीर में दर्द रहने लगा। डॉक्टर के पास गई तो खुली पोल करीब पांच दिन पहले बच्ची के शरीर में दर्द होने लगा। यह बात उसने पड़ोस की बुजुर्ग महिला को बताया। वह उसे डॉक्टर के पास लेकर गई। जांच के दौरान डॉक्टर ने बताया कि बच्ची के साथ गलत व्यवहार किया गया है। डॉक्टर की सलाह पर जब महिला ने बच्ची से पूछताछ की, तो उसने बताया कि पिता ने ही उसके साथ गंदी हरकत की है। बुजुर्ग महिला ने पुलिस को दी सूचना महिला ने तुरंत इस मामले की सूचना भूपानी थाना पुलिस को दी। पुलिस ने बच्ची का मेडिकल परीक्षण करवाया और मजिस्ट्रेट के सामने उसका बयान दर्ज कराया।

# गुरुग्राम जिला प्रशासन ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए बढ़ाई सख्ती

- डीसी ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए दिशा निर्देश
- प्रदूषण नियंत्रण के लिए ग्रैप-टू के नियमों की सख्ती से पालना जरुरी

**गुरुग्राम।** जिला में बढ़ते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए उपायों को और सख्ती से लागू करने के उद्देश्य से डीसी अजय कुमार ने शुक्रवार को अधिकारियों की एक बैठक की अध्यक्षता की। लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि ग्रेडिड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के दूसरे चरण में निर्धारित सभी निदेर्शों का पालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डीसी अजय कुमार ने कहा कि जिला गुरुग्राम में ग्रेप-2 की पाबंदी लागू हो गई हैं, जिसके लिए हमें प्रदूषण नियंत्रण उपायों को पूरी गंभीरता से अपनाना होगा। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, शहरी निकायों सहित अन्य संबंधित विभागाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए कि वे जिला में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सख्त कदम उठाएं। सभी विभाग जिला में एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी वायु गुणवत्ता सूचकांक को नियंत्रित रखने लिए जमीनी स्तर पर मिलकर काम करें। डीसी ने निर्देश दिए कि शहर की सभी प्रमुख सडकों और औद्योगिक इलाकों में धूल नियंत्रण उपायों पर विशेष ध्यान दिया जाए।

एनएचएआई और नगर निगम को सडकों व राष्ट्रीय राजमार्गों पर धूल के हॉटस्पॉट चिन्हित कर नियमित साफ-सफाई और पानी का छिडकाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डीसी ने पुलिस विभाग से कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए, जिससे वायु प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित किया जा सके। डीसी अजय कुमार ने कहा कि कूड़ा या किसी भी प्रकार के अपशिष्ट जलाने की घटनाओं पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। विभागों को ऐसे मामलों पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण विभाग यह सुनिश्चित करें कि 500 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र में होने वाले सभी निर्माण कार्यों का विवरण ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज किया जाए।

डीसी अजय कुमार ने कहा कि प्रशासन के प्रयास तभी सार्थक होंगे जब जनता भी सक्रिय सहयोग देगी। उन्होंने गुरुग्रामवासियों से अपील की कि वे अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखें, कूड़ा न जलाएं और वाहन प्रदूषण को नियंत्रित रखने के लिए नियमित सर्विसिंग कराएं। उन्होंने नागरिकों से यह भी अनुरोध किया कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, ताकि सभी के सम्मिलित प्रयासों से पर्यावरण की गुणवत्ता सुधारी जा सके। बैठक में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से क्षेत्रीय अधिकारी कृष्ण यादव व आकांक्षा तंवर, डीआरओ विजय यादव सहित नगर निगम गुरुग्राम, नगर निगम मानेसर, जीएमडीए तथा एनएचएआई के अधिकारी मौजूद रहे।

# फरीदाबाद : चार्ज बढ़ोतरी व समस्याओं के विरोध में बीपीटीपी के खिलाफ प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद में मूलभूत सुविधाओं सहित अन्य समस्याओं को लेकर शुक्रवार को बीपीटीपी बिल्डर के खिलाफ सेक्टर-75 से 89 की रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी के लोगों ने पैदल मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कई सोसायटियों के लोग इस पैदल मार्च में शामिल हुए और अपना विरोध दर्ज करवाया। सोसायटी के लोग डिस्कवरी चौक के पास इक्कठा हुए और यहां से पोस्टर व बैनर लेकर नारेबाजी करते हुए पैदल सेक्टर-76 स्थित नेक्सट डोर पहुंचे। लोगों ने बताया कि यहां बीपीटीपी बिल्डर का आफिस है। मौके पर आफिस के अंदर किसी को जाने नहीं दिया गया। लोगों को बताया गया कि अंदर आफिस में कोई नहीं है। सभी पर ताले लगे हुए हैं। लोगों ने यहां करीब एक घंटे तक प्रदर्शन किया परंतु कोई उनकी समस्याएं सुनने नहीं आया। इसको लेकर जल्द ही आगे की रुपरेखा तय की जाएगी। विनोद नागर, सूरज चंदीला, सेक्टर-85, बीपीटीपी डी ब्लाक आरडब्ल्यूए के प्रधान एडवोकेट ज्ञानेंद्र खटाना, सुमेर खत्री, रविंद्र चौधरी ने बताया कि बीपीटीपी बिल्डर द्वारा एक के बाद एक चार्ज बढ़ा दिए गए हैं। सबसे पहले सडक की मरम्मत के नाम पर चार्ज वसूली के नोटिस भेजे गए। इसके बाद पेयजल सप्लाई के नाम पर बिल भेज दिए गए जबकि यहां पानी के मीटर है ही नहीं। अब मैनटेनेंस चार्ज बढ़ाया जा रहा है। इस तरह के चार्ज बढ़ाने के पीछे सही कारण नहीं बताए जाते। रणबीर डागर, सीमा, एनके शर्मा, पवन नागर, निरंजन, विश्वास भारती, अशोक, राजबीर ने बताया कि मौके पर सोसायटी में जरूरी सुविधाएं नहीं हैं। सुविधाएं दीं तो नहीं जा रही हैं लेकिन चार्ज बढ़ाए जा रहे हैं। इससे लोगों में रोष है। लोगों ने इस संबंध में बिल्डर को पत्र भी भेजा है लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका।

# फरीदाबाद : महिला आयोग की अध्यक्ष ने किया जिम का औचक निरीक्षण, महिला ट्रेनर की तैनाती के निर्देश

- महिला आयोग की चेयरमैन ने जिम संचालकों को दिया एक महीने का समय

**फरीदाबाद।** हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने शुक्रवार को एनआईटी-5 स्थित एक जिम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिम ट्रेनर और वहां जिम कर रही महिलाओं से बातचीत की। इस दौरान रेनू भाटिया ने जिम ट्रेनर से पूछा कि क्या उनके जिम में महिला ट्रेनर मौजूद है या नहीं। इस पर जिम ट्रेनर ने बताया कि वर्तमान में जिम में रोजाना 15 से 18 महिलाएं एक्सरसाइज करने आती हैं, लेकिन अभी कोई महिला ट्रेनर नहीं है। इस पर चेयरपर्सन ने उन्हें महिला ट्रेनर रखने के लिए कहा। उन्होंने जिम में मौजूद एक महिला से भी बातचीत की और पूछा कि क्या जिम में किसी तरह की परेशानी या अनुचित व्यवहार का सामना तो नहीं करना पड़ता है। इस पर महिला ने कहा कि ऐसा कभी कुछ नहीं हुआ। महिला ने बताया कि जिम में महिला ट्रेनर होनी चाहिए, ताकि महिलाओं को सुविधा और सुरक्षा महसूस हो। मीडिया से बातचीत में रेनू भाटिया ने कहा कि भाई-दूज के अवसर पर महिला आयोग ने महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान के मद्देनजर यह पहल शुरू की है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ महीनों में कई ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें पुरुष जिम ट्रेनरों ने महिलाओं के साथ छेड़छाड़, रिलेशनशिप में फंसाना या फरार होने जैसी घटनाएं की हैं। इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए महिला आयोग ने यह निर्णय लिया है कि अब हर जिम में मेल ट्रेनर केवल पुरुषों के लिए और फीमेल ट्रेनर केवल महिलाओं के लिए होगी। रेनू भाटिया ने कहा कि यह कदम केवल औपचारिकता के लिए नहीं, बल्कि क्वालिफाइड महिला ट्रेनर रखने के लिए उठाया गया है। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा सभी जिम संचालकों को एक महीने का समय दिया जाएगा, ताकि वे महिला ट्रेनर की नियुक्ति कर सकें। यदि इस अवधि के बाद भी कोई जिम महिला ट्रेनर नहीं रखता या केवल खानापूर्ति के लिए गैर-योग्य महिला को रखता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पत्रकारों को मिलेगी सुरक्षा: पुलिस कमिश्नर

- मृतक पत्रकार के बच्चे की पढ़ाई और सरकारी योजनाओं से होगी मदद- जिलाधिकारी
- इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब ने पत्रकारों हमले से आक्रोश
- प्रतिनिधिमंडल ने हत्या के आरोपियों को जल्द सजा दिलाने की मांग शोक सभा में मृतक पत्रकार को दी गई श्रद्धांजलि





**उत्तम भारत संवाददाता, प्रयागराज।** जिले में पत्रकारों की सुरक्षा व्यवस्था का पुलिस कमिश्नर ने आश्वासन दिया साथ ही जिलाधिकारी में मृतक पत्रकार के परिजनों को ज्यादा से ज्यादा सहायता दिलाने का भी वादा भी किया।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात पत्रकार एल.एन. सिंह उर्फ पप्पू की धारदार हथियार से की गई निर्मम हत्या ने पूरे शहर को झकझोर दिया है। पत्रकारों की सुरक्षा और अन्य मांगों को लेकर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब का एक प्रतिनिधि मंडल संयोजक वीरेन्द्र पाठक की अगुवाई में जिलाधिकारी और पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र सिंह से मिला। पुलिस कमिश्नर ने पत्रकारों की सुरक्षा का आश्वासन दिया साथ ही आगे ऐसी घटनाएं न घाटी इसके लिए पूरा प्रयास किए जाने की बात कही। दूसरी तरफ जिलाधिकारी ने मृतक परिवार को सरकारी सहायता के अलावा बच्चों की शिक्षा आदि व्यवस्था किए जाने की बात कही उन्होंने कहा कि शासन और प्रशासन की नीतियों के तहत ज्यादा से ज्यादा सहायता परिवार को दी जाएगी। प्रयागराज के सबसे पॉश इलाके में हुई इस सनसनीखेज वारदात ने न केवल कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं, बल्कि पत्रकारिता जगत में गहरा आक्रोश और शोक की लहर दौड़ गई है।

घटना के बाद शुक्रवार की सुबह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब की एक आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्लब के संयोजक वीरेंद्र पाठक ने की। बैठक में शहर के वरिष्ठ, युवा और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकारों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराई जाए ताकि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय मिल सके। मृतक पत्रकार के परिजनों को शासन की ओर से उचित आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। घटना स्थल से अस्पताल तक ले जाने में हुई देरी की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए। बैठक में पत्रकारों ने घटना पर गहन चर्चा करते हुए चार प्रमुख बिंदुओं पर सर्वसम्मति व्यक्त की —

पत्रकार एल.एन. सिंह हत्याकांड की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इसी क्रम में शुक्रवार को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब से जुड़े पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस कमिश्नर प्रयागराज जोगिंदर कुमार और जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा से मिला। पत्रकारों ने दोनों अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि शासन मृतक पत्रकार के परिवार को समुचित आर्थिक सहायता दे तथा हत्याकांड की गहन जांच कर शीघ्र पदार्फाश किया जाए। पत्रकारों ने कहा कि शासन द्वारा पत्रकारों की सहायता के लिए निर्धारित राशि बेहद कम है, जिसे बढ़ाया जाना चाहिए ताकि दिवंगत पत्रकारों के परिवार को वास्तविक राहत मिल सके। अधिकारियों ने पत्रकारों को आश्वासन दिया कि मृतक पत्रकार के परिजनों को हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी और इस जघन्य हत्याकांड के पीछे के कारणों का शीघ्र खुलासा किया जाएगा। अब पत्रकारों ने हत्याकांड में शामिल अन्य सहयोगियों की भी गिरफ्तारी की मांग की है, ताकि पूरे प्रकरण का सच सामने आ सके। बैठक व प्रतिनिधिमंडल में वीरेंद्र पाठक, अनुपम शुक्ल राजेन्द्र गुप्ता, दिनेश तिवारी, मो आमिर, कुलदीप शुक्ला, नीतेश सोनी, शैलेश कुमार, आरव भारद्वाज, गगन सिंह, विकास मिश्रा, विनीत शेट्टी, पवन मिश्रा, शमशाद अहमद, मोहम्मद अनवर खान, पवन उपाध्याय, इमरान यूसुफी, पंकज गुप्ता, प्रवीण मिश्रा, सलमान अहमद, तारकेश्वर नाथ पांडे, धीरज कुमार, दिव्यांश पांडे, जिया सिद्दीकी, जैदुल्लाह, मनोज कुमार, अभिनव केसरवानी, फरहान अली, भेलचंद्र पांडे , संजीव मिश्रा आयुष श्रीवास्तव , रचना त्रिवेदी , मोहम्मद आरिज, पवन पटेल, पवन पाल, मोहम्मद लइक, सौरभ , शकील एहमद , आशीष भट, संतोष सिंह श्यामू कुशवाहा , सहित अनेक मीडिया कर्मी बैठक और प्रतिनिधि मंडल में शामिल रहे।

## समाचार

# दो तस्करों से सौ किलो गांजा बरामद

**पलवल।** क्राइम ब्रांच पलवल ने उड़ीसा से लाई गई गांजा की बड़ी खेप पकड़ी है। पुलिस ने स्कॉर्पियो गाड़ी से करीब 109 किलो गांजा बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में एसपी वरुण सिंगला ने यह जमकारी दी। एसपी ने बताया कि क्राइम ब्रांच प्रभारी दीपक गुलिया की टीम ने शुक्रवार सुबह बाबरी मोड़, होडल पर नाकाबंदी के दौरान एक कार से 109.856 किलोग्राम गांजा बरामद किया।टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि दो युवक सुंदर और उमेद, निवासी अलावलपुर उड़ीसा से गांजा लेकर पलवल की ओर आ रहे हैं। सूचना के बाद करमन बॉर्डर के पास नाकाबंदी की गई और दोनों को वाहन समेत दबोच लिया गया। डीएसपी होडल सुरेंद्र कुमार की मौजूदगी में तलाशी के दौरान पांच प्लास्टिक कट्टों में गांजा मिला, जिसकी बाजार कीमत लगभग 50 लाख रुपए बताई गई है। शुरूआती पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे इस नशीले पदार्थ को आस-पास के इलाकों में सप्लाई करने वाले थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर रिमांड मांगा है ताकि तस्करी के नेटवर्क की पूरी जानकारी जुटाई जा सके। एसपी वरुण सिंगला ने कहा कि नशा कारोबारियों को जेल भेजने के साथ उनकी अवैध संपत्तियों को भी जब्त कर ध्वस्त किया जाएगा।उन्होंने लोगों से अपील की कि नशे से जुड़ी किसी भी गतिविधि की सूचना हेल्पलाइन नंबर 1933 पर दें। सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा।

# फरीदाबाद : कैंसर के प्रति स्कूली बच्चों व कर्मचारियों को किया जागरुक

**फरीदाबाद।** केंद्रीय विद्यालय एन.एच.-3 में शुक्रवार को एक कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों और कर्मचारियों को कैंसर के कारणों, रोकथाम और प्रारंभिक निदान के बारे में जागरूक करना था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह संदेश फैलाना था कि जागरूकता और समय पर कार्रवाई जीवन बचा सकती है। सत्र की शुरूआत प्रधानाचार्य द्वारा एक संक्षिप्त परिचय के साथ हुई, जिन्होंने स्वस्थ जीवन शैली बनाए रखने और नियमित चिकित्सा जांच के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रुप में डॉ. आर तुलसी कुमारी, प्रिवेंटिव कैंसर विशेषग्य ने विभिन्न प्रकार के कैंसर, उनके लक्षणों, निवारक उपायों और प्रारंभिक निदान की आवश्यकता के बारे में बताया। कक्षा 11 और 12 के छात्रों ने ह्यप्रारंभिक निदान जीवन बचाता हैह्न विषय पर सूचनात्मक स्किट और पोस्टर प्रस्तुत किए। छात्रों की जागरूकता का आकलन करने और सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें छात्रों ने अपने विचार और अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरुण मित्र ,उपायुक्त केंद्रीय विद्यालय संगठन, गुरुग्राम संभाग ने अपने विचारों से विद्यार्थियों को संबोधित एवं प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# पानीपत में वायु गुणवत्ता खराब स्तर पर , प्रदूषण नियंत्रण को प्रशासन अलर्ट: जिला उपायुक्त

**पानीपत।** एनसीआर के अंतर्गत आने वाले जिला पानीपत में वायु गुणवत्ता खराब होने पर पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीक्यूएम) ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के स्टेज-टू को तत्काल प्रभाव से लागू करने के आदेश जारी किए हैं। जिला उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बुधवार को कहा कि जिला पानीपत भी एनसीआर क्षेत्र में शामिल है, अतः ग्रैप-स्टेज टू की पाबंदियां की जिले में प्रभावी ढंग से पालना सुनिश्चित करने के संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से ग्रैप स्टेज-टू और टू के तहत जारी नागरिक चार्टर का पालन करने की अपील की गई है। डीसी ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोग की सब-कमेटी ने भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और आईआईएम के पूवार्नुमानों तथा दिल्ली के प्रदूषण स्तर की समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया है। पूवार्नुमानों के अनुसार आने वाले दिनों में वायु गुणवत्ता में और गिरावट की संभावना है। इन परिस्थितियों के मद्देनजर आयोग द्वारा ग्रेप टू की पाबंदियां लगाने के आदेश जारी किए गए हैं। इससे पहले 14 अक्टूबर को स्टेज-वन लागू किया गया था। अब स्टेज-टू के तहत अतिरिक्त कदम भी उठाए जाएंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रैप के स्टेज- वन और टू के तहत निर्धारित पाबंदियां लागू की जाएंगी। निर्माण एवं ध्वंस गतिविधियों पर निगरानी और धूल नियंत्रण उपायों को सख्ती से लागू किया जाएगा। सड़क की सफाई और पानी का छिड़काव बढ़ाया जाएगा। कोयला, लकड़ी और अन्य ठोस ईंधनों के उपयोग पर निगरानी रखी जाएगी। कचरा जलाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा दिया जाएगा और निजी वाहनों के उपयोग को कम करने की अपील की जाएगी।

# पानीपत: शराब के नशे में दोस्त की हत्या कर शव नहर में फैंकने वाला काबू

**पानीपत।** पानीपत पुलिस ने बुड़शाम गांव निवासी प्रदीप की हत्या के आरोपी को मंगलवार की रात को गिरफ्तार कर लिया है। एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि थाना समालखा में गांव बुड़शाम निवासी महिला रानी पत्नी बीरभान ने 13 सितंबर को दी शिकायत में बताया था कि उसका लड़का प्रदीप पसीना रोड पर स्थित कनोडिया कंपनी में काम करता है। प्रदीप 10 सितंबर को कंपनी जाने की बात कहकर घर से निकला था लेकिन घर नहीं लौटा। थाना समालखा में महिला रानी की शिकायत पर गुमशुदगी का अभियोग दर्ज कर पुलिस ने तलाश शुरू कर दी थी। प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने विभिन्न तकनीकि पहलुओं पर जांच करते हुए अहम जानकारी जुटा मंगलवार रात को गांव हड़ताड़ी निवासी श्रवण को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने गांव निवासी अंकुश उर्फ बहादुर के साथ मिलकर प्रदीप की हत्या कर शव नहर में फैकने बारे स्वीकारा।

P-05:28 paga09_jhn.qxd 10/24/2025 8:13 PM Page 1



# शिक्षक चुनाव को लेकर कांग्रेस ने बनाई रणनीति बैठक कर किया मंथन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल:** शिक्षक चुनाव के लिए कांग्रेस ने भी अपनी कमर कस ली है। 11 की 11 सीटों पर प्रत्याशी मैदान मे उतारेगी। इसी को लेकर पार्टी के ज़िम्मेदारों ने सम्भल पहुंचकर स्थानीय पदाधिकारियों संग बैठक करते हुए रणनीति बनाकर मंथन किया।

जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त रूप से एक मीटिंग जिला कार्यालय चंदौसी रोड संभल पर हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉक्टर अमित कुमार राय व चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉक्टर आजाद बैग की उपस्थिति में शिक्षक चुनाव को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। डॉक्टर अमित कुमार राय ने बताया की यह चुनाव एक महत्वपूर्ण चुनाव है और हम 11 की 11 सीटों पर एमएलसी का चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आरिफतुर्की एवं शहर अध्यक्ष शिवकिशोर गौतम आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर कोस्तुभ रस्तोगी, डीके वाल्मीकि, अशरफअंसारी, मनोज चौधरी, साहू संजीव कुमार, सलीम सैफी, मोअज्जम हुसैन, सुभानी, जयप्रकाश सहगल, बब्बू, कलीम, भूरा, संजय सक्सेना, अमित कुमार उठवाल, इफ्तिखार हुसैन, इशरत जहां, रानी परवीन, नीलम खतीजा, रईस मसूदी, नोमान हैदर, सुनील कुमार, मास्टर अरकान, युनुस अंसारी, पुरुषोत्तम पाल, फाजिल अंसारी, फिरासत अली, यासीन, अंजार मंसूरी, फुरकान कुरैशी, सरफराज आदि मौजूद रहे।

# लाठी डण्डो से हमला करने वाले नामजद आरोपियों को जुनावई पुलिस ने किया गिरफ्तार



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** थाना जुनावई पुलिस ने चार वांछित आरोपियों को धर दबोचा। जिनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। 23 अक्टूबर 2025 को थाना जुनावई पर श्रीकान्त शर्मा पुत्र स्वः श्री शंकर शर्मा निवासी ग्राम ढढवारा थाना जुनावई जनपद सम्भल की तहरीरी सूचना कि आरोपीगण ने लाठी डन्डे, फरसा आदि लेकर एक राय होकर वादी के घर में घुस जाना व त्योहार मनाने हेतू दारु पीने के लिये पांच सो रुपये मांगना, रुपये देने से मना कर करने पर आरोपीगण द्वारा पीड़ित व पीड़ित के परिवार के सदस्यों के साथ गाली गलौच करते हुए लाठी डन्डो से मारपीट करना व फरसे से वादी को जान से मारने के लिये वादी के सिर पर वार करना तभी वादी द्वारा अपनी बाजू से फरसे के वार को रोका जिससे वादी की बाजू कट जाने और गहरा घाव हो जाने वादी को बचाने वादी की बेटी के साथ भी मारपीट करना जिससे वादी की बेटी का गम्भीर रुप से घायल हो जाना व आरोपीगण उपरोक्त के द्वारा पीड़ित व पीड़ित के परिजनों को जान से मारने धमकी देकर भाग जाने के सम्बन्ध में थाना जुनावई पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस ने पूरन पुत्र महावीर निवासी ग्राम ढढवारा थाना जुनावई जनपद सम्भल, सतीश पुत्र महावीर निवासी ग्राम ढढवारा थाना जुनावई जनपद सम्भल, रामभरोसे पुत्र कल्याण निवासी ग्राम ढढवारा थाना जुनावई जनपद सम्भल, अवधेश पुत्र कल्याण निवासी ग्राम ढढवारा थाना जुनावई जनपद सम्भल को गिरफ्तार किया है।

# बाज़ार मे छेड़छाड़ करने वाला युवक हयातनगर पुलिस ने दबोचा




**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** मिशन शक्ति टीमथाना हयातनगर जनपद सम्भल पुलिस द्वारा 01 युवक को बाजार मे लडकियो/महिलाओ पर अश्लील टिप्पणी व छींटाकसी करते हुए गिरफ्तार किया है।

बताते चलें कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज - 5.0 ) के तहत पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनृकृति शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी कुलदीप सिंह के कुशल निर्देशन तथा सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार भाटी के पर्यवेक्षण मे थाना हयातनगर मिशन शक्ति की टीम द्वारा कस्बा हयातनगर से लडकियो/महिलाओ पर अश्लील टिप्पणी व छींटाकसी करते हुए गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया गया है। पकड़े गए युवक का नाम शाहजेब पुत्र असलम नि0 दीपा सराय थाना सम्भल जनपद सम्भल बताया जाता है। गिरफ्तार करने वाली मिशन शक्ति टीम मे उ0नि0 रेनू राठी थाना हयातनगर जनपद सम्भल, कां0 आदित्य, मय का0 नीरज कुमार आदि रहे।

# 28 पव्वे देशी शराब के साथ युवक आया पुलिस की गिरफ्त मे



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** थाना हयातनगर जनपद सम्भल पुलिस द्वारा युवक को 28 पव्वे देशी शराब इंडियन टाईगर मसाला के गिरफ्तार किया गया। कृष्ण कुमार विश्नोई पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल द्वारा जनपद मे अपराधो की रोकथाम एंव अपराधियो पर प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु अवैध शराब की ब्रिकी के सम्बंध मे चलाये हयातनगर जनपद सम्भल जा रहे अभियान के अनुपालन मे अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) कुलदीप सिंह के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार भाटी के पर्यवेक्षण मे थाना हयातनगर पुलिस द्वारा पवन पुत्र विपिन नि0 मौ0 शाहजीपुरा सरायतरीन कस्बा व थाना हयातनगर नवाब गार्डन के सामने वाली गली से गिरफ्तार किया गया। युवक के खिलाफ आबकारी अधि0 मे अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे कां0 ओमकार सिंह थाना हयातनगर, का0 जितेन्द्र कुमार थाना हयातनगर जनपद सम्भल शामिल रहे।

# एनजीओ से मांगे विकसित भारत और आत्म निर्भर उत्तर प्रदेश के लिए सुझाव



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर भारत आत्मा निर्भर उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प विजन डॉक्यूमेंट/2047 के सुझाव फीडबैक के संबंध में जनपद के एनजीओ,आईएमए, नीमा, गायत्री परिवार तथा रामलीला कमेटी सम्भल एवं अन्य संस्थाओं साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने कहा कि नीति का निर्माण पूर्व में ऊपरी स्तर पर होता था तथा नीतियां ऊपर से होकर निचले स्तर तक पहुँचती थीं परन्तु केन्द्र सरकार की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्थानीय समस्याओं को ध्यान में रखते हुए स्थानीय लोगों के सुझाव प्राप्त किये जा रहे हैं ताकि स्थानीय लोगों के सहयोग से स्थानीय समस्याओं को दूर करने तथा विकास करने के लिए नीति का निर्माण किया जा सके। उन्होंने बताया कि एक सिम से तीन सुझाव दिये जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी एनजीओ, संस्थानों के लोगों द्वारा जनपद के विकास के लिए ज्यादा से ज्यादा सुझाव फीडबैक दिलाने का कार्य किया जाए। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार एवं सतेन्द्र पाल सिंह एवं आईएमए, नीमा, एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# खाद की दुकानों पर नगर मजिस्ट्रेट ने की छापामार कार्यवाही होगी गहनता से जांच



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** नगर मजिस्टेव्ट ने खाद की दुकानों पर छापामार कार्यवाही करते हुए गुणवत्ता को चैक करते हुए भण्डारे का निरीक्षण कर संचालकों से जानकारी की।

शुक्रवार को नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार द्वारा शाम को थाना रायसत्ती क्षेत्र अंतर्गत अनीस खाद भंडार और ताहिर खाद भंडार की दुकानों एवं गोदाम का निरीक्षण किया गया। ताहिर खाद भंडार में कुछ कमी पाए जाने के कारण जांच हेतु जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया गया है।

कल जिला कृषि अधिकारी द्वारा ताहिर खाद भंडार एवं अनीस खाद भंडार की गहनता से जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# ब्याज़ खोरों का सम्भल मे फलफूल रहा है धंधा मजबूरियों को उठा रहे हैं फायेदा

*** पुलिस प्रशासन को समय रहते उठाना चाहिए ऐसे लुटेरों के खिलाफकदम**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** मजबूरी और वक्त का नाजायज़ फायदा उठाकर एक के नौ करने के लिए ब्याज़ खोरो की सम्भल मे बाढ़ सी आ गई है। जिधर देखों ब्याज़ खोर ताक लगाये मौके के इंतेज़ार मे हैं कि कोई मिले और फंसाया जाये। न जाने कितने लोग वक्त की मजबूरियों का शिकार होकर सब कुछ दांव पर लगा चुके हैं लेकिन ब्याज़ खोरो से पीछा ही नही छुट पा रहा है। ऐसे ऐसे लोग ब्याज़ खोरी का धंधा चला रहे हैं कि जिनके उपर शक तक नहीं किया जा सकता लेकिन जब कोई मामला फंसता है तो पोल पट्टी खुल जाती है। यह ब्याज़ खेर अब इस नौबत पर आ गये हैं कि रकम न चुका पाने पर बहाने से कुछ भी स्टाम्प लिखवता लेते हैं और सादे पेपर पर भी हस्ताक्षर कराकर मजबूरी का फायेदा उठाकर खूब कमर तोड़ रहे हैं। सम्भल मे इन दिनों कई चेहरे टॉप पर हैं जिनके ब्याज़ खोरी के धंधे ऐसे चल रहे हैं कि जैसे पानी बह रहा हो। इनका न कोई कारोबार है और फैक्ट्री लेकिन ज़रा सा कह कर देखों फिर क्या हैं जितनी चाहों उतनी रकम मिनटों मे ब्याज़ खोरों से मिल जायेगी। लेकिन समय निकलने पर ऐसा मजबूरी का फायेदा उठायेंगे कि प्रोपट्री तक अपने कब्ज़े मे कर लेंगे या फिर आपको मजबूरन प्रोपट्री बैचकर ब्याज़ खोरों का कर्ज़ा उतारना पड़ेगा, फिर चाहे आपके बच्चे भीख मांगे या फिर आपको अपना मकान बैचकर किराये के घरों के ठोकरे खानी पड़ें। बिना किसी कारोबार के ब्याज़ खोरों के ठाट बाट और अन गिनत बढ़ती हुई सम्पत्तियों की जांच की जाये तो दूध का दूध और पानी का पानी हो सकता है। बिना किसी लाईसेंस के साहूकारी करने वाले ऐसे ब्याज़ माफ़िआओं को स्थानिय पुलिस प्रशासन को समय रहते कठोर कार्यवाही करने की ज़रूरत है। एक ऐसा मामला सरायतरीन चकली का निकलकर सामने आया है जहां के एक व्यक्ति को छह लाख के छत्तीस चुकाने पड़े।

# आज होगा सम्भल के तीर्थो की 24 कोसिय परिक्रमा का शुभारम्भ

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** 24 कोसिय परिक्रमा समिति की एक आवश्यक बैठक प्राचीन श्री वंश गोपाल तीर्थ पर परम पूजनीय स्वामी श्रीमान भगवत प्रिय के सानिध्य मे और परिक्रमा समिति के अध्यक्ष हृदेश यादव की अध्यक्षता मे संपन्न हुई।

बैठक में बोलते हुए परिक्रमा के प्रभारी राजेश सिंघल जी ने कहा कि कल रात्रि को परिक्रमा के निमित्त आए श्रद्धालुओं की व्यवस्था के लिए रात्रि में भजन कीर्तन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था श्री वंश गोपाल तीर्थ पर रहेगी तदोपरांत 25 तारीख के प्रातः काल में श्री वंश गोपाल तीर्थ से परिक्रमा प्रारंभ होगी परिक्रमा वंश गोपाल तीर्थ से प्रारंभ होकर भुवनेश्वर तीर्थ क्षेमनाथ तीर्थ से भवानीपुर शिव मंदिर होते हुए रात्रि विश्राम चंद्रेश्वर महादेव मंदिर चंद्रयान में करेंगी र 26 तारीख के प्रातः काल वहां से परिक्रमा पुनः प्रारंभ होकर अपने गंतव्य के लिए धर्म कूप का मंदिर हयात नगर करते हुए पुनः वंश गोपाल पर आकर संपन्न होगी। समिति के संरक्षक छत्रपाल जी ने सभी परिक्रमा से संबंधित व्यवस्थाओं के विषय में चर्चाके विषय में चर्चा करके जिम्मेदारी सौपी। समिति के संरक्षक कमलकांत तिवारी ने इस परिक्रमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अति प्राचीन और पौराणिक परिक्रमा है इसे करने वाले व्यक्ति को मन वांछित फल की प्राप्ति होती है कमल कांत तिवारी जी उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वह परिक्रमा में सम्मिलित होकर धर्म लाभ उठाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से कशिश कौशल एडवोकेट, गोपाल शर्मा, सुशील शर्मा सुमित सर्राफ, पुष्प लता पाल एडवोकेट, मनोज राणा, मुकेश गोयल, जबर सिंह विजयपाल, छोटू यादव, सुरेंद्र यादव बैठक का सफल संचालन गणेश शर्मा द्वारा किया गया।

# जिला पंचायत वार्ड नंबर 4 में चुनावी सरगर्मी, सचिन चौधरी की दावेदारी ने बढ़ाया जोश



**उत्तम भारत संवाददाता**

**छुटमलपुर/सहारनपुर।** जिला पंचायत चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं, और इस बार वार्ड नंबर 4 में चुनावी माहौल खासा गर्म है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला उपाध्यक्ष सचिन चौधरी की समाजवादी पार्टी से संभावित दावेदारी ने क्षेत्र में नई रौनक ला दी है। युवा और ऊर्जावान सचिन चौधरी की मजबूत नेतृत्व शैली और जनता से सीधा जुड़ाव उन्हें इस चुनाव में एक मजबूत दावेदार बना रहा है। उनकी सक्रियता ने वार्ड नंबर 4 में चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है, और लोग उनके पक्ष में गोलबंद होते दिख रहे हैं।सचिन चौधरी की लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वार्ड के अधिकांश मतदाता उनके समर्थन में खड़े हैं। सूत्रों की मानें तो समाजवादी पार्टी उन्हें वार्ड नंबर 4 से जिला पंचायत सदस्य के लिए प्रत्याशी बना सकती है। उनके समर्थक गांव-गांव, घर-घर जाकर लोगों से समर्थन मांग रहे हैं। सचिन की नई सोच और क्षेत्र के विकास के लिए उनके विजन ने मतदाताओं में उत्साह जगाया है। खासकर युवा वर्ग और किसान समुदाय उन्हें एक ऐसे नेता के रूप में देख रहा है, जो उनकी समस्याओं को समझकर समाधान कर सकता है।चौधरी की दावेदारी ने पुराने और अनुभवी दावेदारों के लिए चुनौती खड़ी कर दी है।

उनकी सक्रियता और जनता से जुड़ाव ने चुनावी मुकाबले को और रोमांचक बना दिया है। वार्ड नंबर 4 के मतदाता बदलाव की उम्मीद में सचिन को एक मजबूत विकल्प मान रहे हैं। उनके समर्थक न केवल वोटरों को एकजुट करने में जुटे हैं, बल्कि स्थानीय मुद्दों जैसे सड़क, पानी, और शिक्षा जैसी समस्याओं पर भी खुलकर चर्चा कर रहे हैं। सचिन ने भी भरोसा जताया है कि अगर उन्हें मौका मिला, तो वे वार्ड के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।हालांकि, चुनावी मैदान में जीत का रास्ता आसान नहीं है। अनुभवी प्रत्याशियों की मौजूदगी और राजनीतिक समीकरण इस मुकाबले को कांटे का बना रहे हैं। क्या सचिन चौधरी का जोश और जनता का समर्थन उन्हें जीत दिला पाएगा? यह सवाल हर किसी के मन में है। फिलहाल, उनकी दावेदारी ने वार्ड नंबर 4 में चुनावी माहौल को पूरी तरह गरमा दिया है। मतदाताओं का रुझान और समर्थन देखकर लगता है कि सचिन चौधरी इस बार के जिला पंचायत चुनाव में एक बड़ा उलटफेर कर सकते हैं। अब यह वक्त ही बताएगा कि वार्ड नंबर 4 की जनता किसे अपना प्रतिनिधि चुनेगी।

# 29 अक्टूबर को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय द्वारा 29 अक्टूबर 2025 को एक रोजगार मेले का आयोजन क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर में प्रातः 10:00 बजे किया जाएगा। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की लगभग 10 कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी।

सहायक निदेशक सेवायोजन अनिल कुमार गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो 10वीं, 12वीं, आईटीआई, स्नातक इत्यादि पास एवं 18 से 35 वर्ष की आयु के हों तो रोजगार मेले में भाग ले सकते है। प्रतिभागी इच्छुक अभ्यर्थियों को rojgaarsangam.up.gov.in पर पंजीकरण करना अनिवार्य है।

## वक्फ संपत्ति में फर्जी गिफ्ट डीड बनवाने के आरोप में मौलाना तौकीर रजा के करीबी नफीस पर मुकदमा दर्ज

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली में मौलाना तौकीर रजा के करीबी नफीस की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बरेली पुलिस ने नफीस और उनकी पत्नी फरहत बेगम के खिलाफ वक्फ संपत्ति में फर्जी गिफ्ट डीड बनवाने और कब्जा करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

मुकदमे की शुरुआत पीड़ित मोहम्मद कमर अख्तर की तहरीर पर हुई। तहरीर में बताया गया कि नन्हों कुजडी, जिन्हें मोहम्मद कमर अख्तर दादी कहते थे, ने अपनी मृत्यु से पहले वक्फ संख्या 26ए की संपत्ति को शिकायतकर्ता के दादा साबिर हुसैन और उनके तीन बेटों (साकिर हुसैन, जाकिर हुसैन और नासिर हुसैन) के नाम वसीयत कर दी थी।

वक्फ संख्या 26ए की संपत्ति में 95 गज का मकान बना हुआ है, जबकि नीचे 5 दुकानें हैं। इनमें से एक दुकान में नन्हों कुजडी खुद सब्जी की दुकान चलाती थीं। उनकी खुद कोई संतान नहीं थी, इसलिए साबिर हुसैन को वह अपना मुंहबोला भाई मानती थीं।

शिकायतकर्ता का कहना है कि उसके पिता साकिर हुसैन का नफीस की दुकान पर आना-जाना था। नफीस ने अपने विश्वास में लेकर साल 1996 में उस वक्फ संपत्ति को 30 साल के लिए अपनी पत्नी फरहत बेगम के नाम लीज पर लिया था। शिकायतकर्ता के पिता के 2022 में निधन के बाद नफीस और फरहत बेगम ने धोखाधड़ी कर फर्जी गिफ्ट डीड तैयार कर संपत्ति को अपने दोनों बेटों (नौमान खान और फरहान खान) के नाम करा लिया और उस पर कब्जा जमा लिया। इसी को लेकर मोहम्मद कमर अख्तर ने बरेली पुलिस में शिकायत की है। उसने पुलिस से अनुरोध किया है कि वक्फ संपत्ति उसे वापस दिलाई जाए और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

फिलहाल, मोहम्मद कमर अख्तर की शिकायत पर तौकीर रजा के करीबी नफीस के खिलाफ बरेली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

## शामली मुठभेड़ : 1 लाख का इनामी बदमाश फैजल ढेर, एक सिपाही घायल

**शामली।** उत्तर प्रदेश के शामली में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। गुरुवार देर शाम झिंझाना थाना क्षेत्र में पुलिस और एसओजी टीम के साथ हुई मुठभेड़ में कुख्यात संजीव जीवा गैंग का शूटर और 1 लाख रुपए का इनामी बदमाश फैजल मारा गया। इस दौरान एक सिपाही घायल हुआ, जबकि बदमाश का एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा।मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने एसओजी टीम के साथ झिंझाना थाना क्षेत्र के गांव वेदखेड़ी के निकट, भोगीमाजरा से मछरोली मार्ग पर घेराबंदी कर दी। तभी उनका सामना मेरठ निवासी इनामी बदमाश फैजल से हो गया। पुलिस और एसओजी को देख फैसल ने उन पर फायरिंग कर दी।

इसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग कर दी। पुलिस की गोली लगने से फैजल घायल हो गया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने फैजल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई।

फैजल पर हत्या और लूट सहित 18 मुकदमे दर्ज थे। डेढ़ माह पहले ही उसके साथी शाहरुख पठान को भी एसटीएफ ने मुठभेड़ में मार गिराया था, जिसके बाद से उसकी तलाश की जा रही थी।

मुठभेड़ के दौरान थाना प्रभारी वीरेंद्र कसाना और एसओजी प्रभारी कुलदीप सिंह बाल-बाल बचे, लेकिन एसओजी टीम के कांस्टेबल दीपक पैर में गोली लगने से घायल हो गए। उन्हें तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मौके से दो फैक्ट्री मेड पिस्टल, 5 जिंदा और खोखा कारतूस, एक लूटी गई बाइक और एक अन्य बाइक भी बरामद की है। फैजल का एक अन्य साथी गन्ने के घने खेत का फायदा उठाकर फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस टीमें लगातार कॉम्बिंग कर रही हैं।

एसपी शामली नरेंद्र प्रताप ने बताया कि फरार बदमाश की तलाश की जा रही है। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया जा रहा है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फैजल काफी दिनों से फरार चल रहा था। एसओजी की टीम उसकी तलाश में जुटी थी। पुलिस और एसओजी की टीम उसे गिरफ्तार करने गई थी, लेकिन उसने पहले फायरिंग कर दी।

## हरदोई में पुलिस मुठभेड़: दो बदमाश गिरफ्तार, 14 हजार नकदी और हथियार बरामद

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो बदमाश घायल हो गए। मुठभेड़ कोतवाली देहात क्षेत्र के सीतापुर रोड पर रंजीतपुरवा के पास हुई। पुलिस ने मेवाराम और अभिषेक नाम के इन दोनों बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ के दौरान ये बदमाश घायल हो गए थे, इनके पैर में गोली लगी है। दोनों पर 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस ने मौके से एक पिकअप वाहन, 14 हजार रुपए की नकदी, दो अवैध तमंचे, दो जिंदा कारतूस और चार खोखा कारतूस बरामद किए। पुलिस के अनुसार, यह मुठभेड़ उस समय हुई जब कोतवाली देहात पुलिस को सूचना मिली कि कुछ बदमाश सीतापुर रोड क्षेत्र में लूट की घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं।

# श्रद्धालुओं के लिए नहर में बनायी गयी अस्थायी कृत्रिम झील

*** छठ पूजा की तैयारियों को नगर निगम दे रहा अंतिम रुप**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** मानकमऊ और बाबा लालदास घाट पर छठ पूजा की तैयारियों को नगर निगम ने अंतिम रुप दे रहा है। मानकमऊ घाट तक पहुंचने के लिए जहां करीब सात मीटर चौड़ा रैम्प पुल से उतरने के लिए बनाया गया है। वहीं नहर में पानी न होने के कारण करीब 120 मीटर लंबी और 40 मीटर चौड़ी कृत्रिम झील बनायी गयी है। नगरायुक्त शिपू गिरि ने अधिकारियों को तैयारियों में कोई कोताही ने बरतने के निर्देश देते हुए सभी तैयारियों को शीघ्र पूरा करने को कहा है।

छठ पूजा की तैयारियों के लिए गत सप्ताह महापौर डॉ.अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने छठ पूजा समिति तथा क्षेत्रीय पार्षदों के साथ मानकमऊ घाट का निरीक्षण किया था। मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद ने बताया कि छठ समिति के सुझाव पर महापौर डॉ. अजय कुमार ने निर्माणाधीन पुल से एक बड़ा रैम्प बनाने के निर्देश दिए थे। चूंकि नदी पर नया पुल निर्माणाधीन होने के कारण घाट तक श्रद्धालुओं के पहुंचने का मार्ग अवरुद्ध हो गया है। उन्हीं आदेशों के अनुक्रम में पुल से करीब सात मीटर चौड़ा अस्थायी रैम्प निगम के निर्माण विभाग द्वारा बनाया गया है। इसके अलावा घाट की लंबाई भी 20 मीटर बढ़ायी गयी है।



सिंचाई विभाग द्वारा नहर की सफाई कराये जाने के कारण सिंचाई विभाग द्वारा छठ पूजा के लिए पानी छोड़ने में असमर्थता व्यक्त किये जाने पर नहर में करीब 120 मीटर लंबी और 40 मीटर चौड़ी कृत्रिम झील बनायी गयी है। अधिशासी अभियंता जल वी बी सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पानी रोकने के लिए दोनों ओर दीवार बनाने का काम सिंचाई विभाग द्वारा कराया गया है। जबकि उसमें पानी भरने की व्यवस्था निगम के जलकल विभाग द्वारा की गयी है। इसके लिए तीन समरसेबल सैट लगाये गए है तथा पास ही स्थित एक बड़े नलकूप का सीधा कनेक्शन भी नहर में किया गया है। उन्होंने बताया कि 24 घण्टे जनरेटर और ऑपरेटर की भी व्यवस्था रहेगी। श्रृद्धालुओं के बनायी गयी कृत्रिम झील में करीब एक मीटर गहरा पानी रहेगा।

उन्होंने बताया कि पथ प्रकाश एवं सजावट की व्यवस्था भी गत वर्षो की अपेक्षा और बेहतर की जा रही है। दो तोरणद्वार बनाये गए हैं तथा मानकमऊ चौक से छठ घाट पर लड़ियों से सजावट की जा रही है। बिजली के खंभों पर फोकस लाइट भी रहेगी। इसके अलावा शुद्ध पेयजल के लिए प्याऊ तथा महिलाओं के कपड़े बदलने के लिए अस्थायी चेंजिंग रुम की भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि 26 अक्तूबर तक सभी तैयारियां पूरी कर ली जायेंगी।

मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल ने बताया कि मुख्य घाट के अलावा आसपास युद्ध स्तर पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया है, साफ सफाई के लिए घाट स्थल पर उबड़-खाबड़ स्थल को समतल किया गया है। इसके अलावा बाबा बाड़ा लालदास पर भी घाट तथा नदी की विशेष रुप से सफाई करायी गयी है।

P-06:28 paga09_jhn.qxd 10/24/2025 6:19 PM Page 1



## सम्पादकीय

# हलाल के चिंतित मायने

उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हलाल प्रमाणन वाले उत्पाद इस्तेमाल नहीं करने का आह्वान किया है। उन्होंने इसे आतंकवाद, इस्लामी धर्मान्तरण, लव जेहाद आदि हिन्दू-विरोधी गतिविधियों से जोड़ा है। योगी के मुताबिक, इस प्रमाणन का काफी पैसा आतंकवाद और धर्मान्तरण पर खर्च किया जाता है। यह देश की जनसंख्या के समीकरण बदलने की इस्लामी साजिश है। बिहार में चुनाव का मौसम है और योगी भाजपा के स्टार प्रचारकों में एक हैं। उन्होंने राजनीतिक इस्लाम का मुद्दा भी उठाया है। चूंकि योगी आदित्यनाथ धुर हिन्दूवादी नेता हैं और उन्होंने 2023 से उप्र में हलाल प्रमाणन पर पाबंदी थोप रखी है, लिहाजा उनके आरोप और आह्वान सियासी भी हो सकते हैं। चुनाव के दौरान हिन्दू-मुसलमान ध्रुवीकरण के वह सूत्रधार रहे हैं, लेकिन देश में हलाल प्रमाणन की सिर्फ 4 संस्थाएं हैं। चारों इस्लामी हैं। सरकार इस प्रमाणन से तटस्थ रही है। सवाल किया जा सकता है कि ऐसा क्यों? जबकि भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय ने ही इन निजी संस्थाओं को हलाल प्रमाणन के लिए अधिकृत किया है, लिहाजा ये किसी भी संदर्भ में अवैध नहीं हैं। भारत सरकार की अनुमति के बिना हलाल ठप्पे वाले उत्पादों का निर्यात नहीं किया जा सकता। हलाल प्रमाणन सिर्फ मांस तक ही सीमित नहीं है। हालांकि इस प्रमाणन का चलन 1974 में मांस के लिए ही हुआ था, लेकिन 1993 में अन्य उत्पादों पर भी लागू कर दिया गया। अब दूध, दही, पनीर जैसे डेयरी उत्पाद, बिस्कुट, चिप्स, कोल्ड ड्रिंक, मसाले, तेल सरीखे शाकाहारी उत्पाद, फलियां, मेवे, अनाज और चीनी आदि भी हलाल प्रमाणन के दायरे में हैं। यह दलील दी जाती रही है कि उत्पादों में हराम अथवा निषिद्ध सामग्री (सूअर का मांस और शराब आदि) का उपयोग तो नहीं किया गया, उसके लिए हलाल प्रमाणन अनिवार्य है। बेहद अहम सवाल है कि माचिस, चाय की प्याली, सरिया, सीमेंट, फ्लैट आदि में गैर-इस्लामी सामग्री का कैसे इस्तेमाल किया जा सकता है? लेकिन उन पर भी यह प्रमाणन अनिवार्य है। हास्यास्पद है कि स्कूल, अस्पताल और अर्थव्यवस्था को भी हलाल करार देने की कोशिशें जारी हैं। कुछ कामयाब भी रही हैं। केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर रघुराम राजन ने यह विचार दिया था कि बैंकिंग क्षेत्र को भी हलाल प्रमाणन के दायरे में लाया जाए। यह दीगर है कि ऐसा राजनीतिक तौर पर संभव नहीं हो सका। कई दवाएं और सौन्दर्य प्रसाधन के उत्पाद हलाल की निगरानी में हो सकते हैं, क्योंकि उनमें गैर-इस्लामी, निषिद्ध सामग्री इस्तेमाल की जाती रही है। यह सार्वजनिक मान्यता भी है। भारत में करीब 3200 उत्पाद हलाल के ठप्पे के साथ बिकते हैं। हलाल प्रमाणन की अर्थव्यवस्था ही करीब 8 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच चुकी है। कंपनियां इस प्रमाणन के लिए करीब 66, 000 करोड़ रुपए खर्च करती हैं। क्या इस पूरी अर्थव्यवस्था का कोई अधिकृत ऑडिट कराया जाता है? दो अहम सवाल प्रासंगिक हैं। एक, भारत सरकार के पास जांच का सम्यक आधारभूत ढांचा है, तो ऐसा प्रमाणन सरकार या उसकी एजेंसियां क्यों नहीं जारी कर सकतीं? दूसरे, यह लाइसेंस जमीयत उलेमा ए हिन्द, हलाल इंडिया प्रा. लिमि., ह्यजमीयत उलेमा ए महाराष्ट्र और ह्यहलाल सर्टिफिकेशन सर्विसेज इंडिया प्रा. लिमि. इन चार संस्थाओं को ही क्यों दिए गए? क्या इनके पास हलाल जांचने और तय करने की तमाम कसौटियां उपलब्ध हैं? किसी गैर-इस्लामी संस्था को यह लाइसेंस क्यों नहीं दिया जा सकता? वह ज्यादा तटस्थ और ईमानदार साबित हो सकती है।

## विशेष

# दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता सुधार के दावे हुए फेल

**दिल्ली की हवा दिवाली के बाद बेहद जहरीली**

दिवाली के बाद दिल्ली और एनसीआर के लोगों को एक बार फिर जहरीली हवा का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासनिक दावों और नीतिगत बदलावों के बावजूद, राजधानी में वायु गुणवत्ता लगातार गिरती जा रही है। स्विस शोध कंपनी आक्यू एयर द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली विश्व के सबसे प्रदूषित शहरों में नंबर-1 पर पहुंच गई है, जबकि कोलकाता दूसरे स्थान पर है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, पिछले चार वर्षों में दिवाली के बाद वायु गुणवत्ता सबसे खराब रही है।

**पटाखों की रोकथाम फेल, पॉल्यूशन पीक पर**

सरकारी घोषणाओं और सुप्रीम कोर्ट द्वारा पटाखों पर लगे प्रतिबंध के बावजूद दिल्ली में दिवाली की रात धड़ाधड़ पटाखे फूटे। इसका असर अगले दिन की हवा पर साफ दिखा-दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 500 के पार चला गया, जो ह्यगंभीरह्न श्रेणी में आता है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और दिल्ली सरकार ने पब्लिक एडवाइजरी जरूर जारी की, लेकिन लोगों के व्यवहार में ज्यादा बदलाव नहीं आया।

**स्वास्थ्य संकट और प्रशासनिक चिंताएं**

> **दिवाली के बाद लगातार बढ़ते प्रदूषण स्तर ने साफ कर दिया है कि जनता और प्रशासन दोनों को मिलकर प्रभावी समाधान अपनाने होंगे। ऐसे समय में केवल जागरूकता या प्रतीकात्मक प्रतिबंध काफी नहीं, बल्कि खेतों में पराली जलाने की रोकथाम, वैकल्पिक ऊर्जा और कड़े कानून ही दिल्ली को प्रदूषण के अभिशाप से बचा सकते हैं।**

शहर की हवा में जहरीले पार्टिकुलेट मैटर (पीएम2.5 और पीएम10) खतरनाक स्तर पर पहुंच गए हैं, जिससे सांस संबंधी बीमारियों, दमा और हार्ट की समस्याएं बढ़ रही हैं। अस्पतालों में मरीजों की तादाद बढ़ गई है और डॉक्टर लोगों को घर में रहने, मास्क पहनने एवं एयर प्यूरीफायर इस्तेमाल करने की सलाह दे रहे हैं। दिल्ली सरकार ने निर्माण कार्यों पर अस्थायी रोक और स्कूलों में छुट्टी की घोषणा की, लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि ये कदम अस्थायी हैं और स्थायी समाधान की जरूरत है।

**सख्त कदमों की मांग**

पर्यावरणविदों और स्थानीय नागरिकों ने सरकार की वायु गुणवत्ता सुधार योजनाओं को कागजी करार दिया है। दिवाली के बाद लगातार बढ़ते प्रदूषण स्तर ने साफ कर दिया है कि जनता और प्रशासन दोनों को मिलकर प्रभावी समाधान अपनाने होंगे। ऐसे समय में केवल जागरूकता या प्रतीकात्मक प्रतिबंध काफी नहीं, बल्कि खेतों में पराली जलाने की रोकथाम, वैकल्पिक ऊर्जा और कड़े कानून ही दिल्ली को प्रदूषण के अभिशाप से बचा सकते हैं।

**निष्कर्ष:**

दिल्ली में दिवाली के बाद वायु गुणवत्ता सुधारने के दावे एक बार फिर निरर्थक साबित हुए हैं। आंकड़े और विशेषज्ञ दोनों संकेत देते हैं कि केवल घोषणाओं से काम नहीं चलेगा-पुख्ता और वैज्ञानिक उपायों की दरकार है, वरना हर दिवाली के बाद दिल्ली के लोगों को ऐसी ही जहरीली हवा से जूझना होगा।

# बिहार चुनाव: मुद्दों एवं मूल्यों से दूर भागती राजनीति

**-ललित गर्ग-**

बिहार में चुनावी रणभेरी बज चुकी है। हर दल अपने-अपने घोषणापत्र, नारों और वादों के साथ जनता को लुभाने में जुटा है। मंचों पर भाषणों की गरमी है, प्रचार रथ दौड़ रहे हैं, लेकिन इस शोर में सबसे बड़ी कमी है-जनता के असली मुद्दों की आवाज। राजनीति का यह शोर विकास की असली जरूरतों को दबा रहा है। बिहार जैसे राज्य में जहां गरीबी, बेरोजगारी, अपराध, और सामाजिक पिछड़ापन अब भी विकराल रूप में मौजूद हैं, वहां चुनावी विमर्श का इनसे विमुख होना चिंताजनक है। यह लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व चुनाव का विरोधाभास ही नहीं, दुर्भाग्य है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर क्यों बिहार चुनाव में कोई भी दल उन मुद्दों को ईमानदारी से नहीं उठा रहा जो सीधे-सीधे जनता के जीवन से जुड़े हैं? क्यों शराबबंदी, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा, अपराध-माफिया शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे वास्तविक सवाल राजनीतिक एजेंडे से गायब हैं?

बिहार में शराबबंदी एक बड़ा सामाजिक और राजनीतिक मुद्दा रहा है। यह मुद्दा केवल कानून का नहीं, बल्कि नैतिकता, सामाजिक सुधार और जनजीवन की स्थिरता से जुड़ा हुआ है। शराबबंदी की सफलता या विफलता को लेकर जनता के मन में अनेक प्रश्न हैं, क्योंकि इस नीति ने जहां कई परिवारों को विनाश से बचाया, वहीं भ्रष्टाचार, अवैध तस्करी और पुलिसिया मनमानी को भी जन्म दिया। दिलचस्प यह है कि इस बार के चुनाव में लगभग सभी प्रमुख दल इस मुद्दे से दूरी बनाए हुए हैं। एनडीए खेमे के नेता खुलकर इस पर बोलने से बच रहे हैं। केवल प्रशांत कुमार जैसे कुछ नेता हैं जो पूर्ण शराबबंदी की पुनः स्थापना का नारा उठा रहे हैं। यह सवाल उठता है, अगर शराबबंदी सचमुच जनता के हित में थी, तो सत्ता पक्ष इससे डर क्यों रहा है? क्या यह स्वीकारोक्ति है कि कानून तो बनाया गया, लेकिन उसका क्रियान्वयन असफल रहा? शराबबंदी क्यों जरूरी है, उस महिला से पूछिये, जिसकी बिछुए शराब पीने से लिये उसके पति ने बेच दी। ऐसी त्रासद घटनाएं बिहार के जन-जन में देखने को मिलती है।

वैसे तो हर एक का जीवन अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरा रहता है। हमारा हर दिन भी कई विरोधाभासों के बीच बीतता है। आज तो हमारी सारी नीतियों में हमारे सारे निर्णयों में, हमारे व्यवहार में, हमारे कथन में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित है। लेकिन बिहार चुनाव ऐसे विरोधाभास के कारण कथनी करनी के अंतर का अखाड़ा ही बनते हुए प्रतीत होते हैं। यही कारण है कि हमारे जीवन में सत्य खोजने से भी नहीं मिलता। राजनेताओं एवं राजनीतिक दलों का व्यवहार दोगला हो गया है। उनके द्वारा दोहरे मापदण्ड अपनाने से हर नीति, हर निर्णय समाधानों से ज्यादा समस्याएं पैदा कर रहे हैं। चुनाव एवं चुनावी मुद्दें समस्याओं के समाधान का माध्यम बनने चाहिए, लेकिन वे समस्याओं को बढ़ाने का जरिये बनते रहे हैं। यही कारण है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, महिला-सुरक्षा, अपराध-नियंत्रण की प्राथमिकता के नारे हमारे लिए स्वप्न ही बने हुए हैं।

ये तो कुछ नमूने हैं जबकि स्वतंत्रता के 78 वर्ष बाद भी हमें अहसास नहीं हो रहा है कि हम स्वतंत्र हैं। राजनीतिक विरोधाभासों और विसंगतियों से उत्पन्न समस्याओं से हम आजाद नहीं हुए हैं। हमारे कर्णधारों के चुनावी भाषणों में आदर्शों का व्याख्यान होता है और कृत्यों में भुला दिया जाता है। सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि हम हर स्तर पर वैश्वीकरण व अपने को बाजार बना रहे हैं। अपने को, समय को पहचानने वाला साबित कर रहे हैं। पर हमने अपने आप को, अपने भारत को, अपने बिहार को, अपने पैरों के नीचे की जमीन को नहीं पहचाना। नियति भी एक विसंगति का खेल खेल रही है। पहले जेल जाने वालों को कुर्सी मिलती थी, अब कुर्सी पाने वाले जेल जा रहे हैं। यह नियति का व्यंग्य है या सबक? पहले नेता के लिए श्रद्धा से सिर झुकता था अब शर्म से सिर झुकता है। जिन्दा कौमें पांच वर्ष तक इन्तजार नहीं करतीं, हमने 15 गुना इंतजार कर लिया है। यह विरोधाभास नहीं, दुर्भाग्य है, या सहिष्णुता कहें? जिसकी भी एक सीमा होती है, जो पानी की तरह गर्म होती-होती 50 डिग्री सेल्सियस पर भाप की शक्ति बन जाती है। बिहार इस नियति से कब मुक्त होगा, यही इस चुनावों में विमर्श का सबसे बड़ा मुद्दा होना चाहिए।

बिहार की सबसे बड़ी त्रासदी बेरोजगारी है। लाखों युवाओं के पास न काम है, न अवसर। हर चुनाव में इस पर वादे किए जाते हैं, लेकिन परिणाम लगभग शून्य रहते हैं। प्रदेश के नौजवान पलायन को मजबूर हैं, मजदूरी के लिए दूसरे राज्यों का रुख करते हैं। चुनावी सभाओं में नौकरियों का झांसा तो मिलता है, लेकिन ठोस योजनाएं और नीतियां कहीं दिखाई नहीं देतीं। राजनीतिक दलों के पास न तो रोजगार सृजन की दीर्घकालिक योजना है, न शिक्षा और कौशल विकास को जोड़ने की कोई ठोस रणनीति। चुनावी भाषणों में ह्यबिहार के विकासह्न की बातें होती हैं, लेकिन युवा भविष्य की वास्तविक चिंता कहीं नहीं झलकती। बिहार में महिला सुरक्षा, अपराध और माफिया तंत्र का प्रश्न भी उतना ही ज्वलंत है। हाल के वर्षों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में लगातार वृद्धि हुई है। भूमि विवादों, रंगदारी और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त अपराधियों की गतिविधियाँ अब भी जारी हैं। मगर किसी भी दल की ओर से इन पर कोई ठोस नीति या वचन नहीं दिखाई देता।

राजनीतिक दल जानते हैं कि इन विषयों पर बात करना असुविधाजनक है, क्योंकि यह सीधा शासन व्यवस्था की विफलता को उजागर करता है। इसलिए वे इन पर मौन साधे हुए हैं। अपराध और महिला सुरक्षा पर चुप्पी बताती है कि सत्ता प्राप्ति की होड़ में संवेदनशीलता की कोई जगह नहीं बची है। बिहार की राजनीति आज भी जातीय समीकरणों और तुष्टिकरण की जकड़ में फंसी हुई है। विकास और सुशासन की बातें केवल नारों तक सीमित हैं। उम्मीदवार चयन से लेकर प्रचार तक, हर जगह जातीय गणित प्राथमिकता में है। परिणाम यह है कि मुद्दे हाशिये पर चले जाते हैं और वोट बैंक की राजनीति सर्वोच्च स्थान पा लेती है। विकास के नाम पर किए गए बड़े-बड़े दावे चुनाव बीतते ही धुंधले पड़ जाते हैं। गांवों में आज भी सड़कें टूटी हैं, अस्पतालों में डॉक्टर नहीं हैं, स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं, और प्रशासनिक तंत्र भ्रष्टाचार से ग्रस्त है। ऐसे में जब राजनीतिक दल मुद्दों पर संवाद करने के बजाय केवल आरोप-प्रत्यारोप में व्यस्त हों, तो जनता का विश्वास कमजोर पड़ना स्वाभाविक है। आज बिहार को ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है जो चुनाव को जन-कल्याण के दृष्टिकोण से देखे, न कि केवल सत्ता प्राप्ति की दौड़ के रूप में। शराबबंदी, रोजगार, अपराध-मुक्ति, महिला सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दे बिहार राज्य की आत्मा हैं। इन्हें नजरअंदाज करना, बिहार के भविष्य को अंधेरे में धकेलने जैसा है। विकास का अर्थ केवल सड़कें और पुल नहीं, बल्कि मानव विकास है, जहां हर व्यक्ति सुरक्षित, शिक्षित, रोजगारयुक्त और सम्मानजनक जीवन जी सके। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि जनता अब केवल नारों से नहीं, परिणामों से प्रभावित होती है। बिहार चुनाव हमें यह सोचने पर विवश करता है कि क्या राजनीति अब केवल सत्ता का खेल बनकर रह गई है? क्या लोकतंत्र का मूल उद्देश्य जनसेवा-अब खो गया है? जब जनता के असली मुद्दे, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा और सामाजिक न्याय, चुनावी भाषणों से गायब हो जाएं, तब यह लोकतंत्र के क्षरण का संकेत है। जरूरत है कि राजनीतिक दल फिर से उन बुनियादी प्रश्नों पर लौटें, जिन पर बिहार का वर्तमान और भविष्य निर्भर करता है। यदि वे ऐसा नहीं करते, तो बिहार की जनता का यह चुनाव एक बार फिर केवल चेहरों और गठबंधनों का उत्सव बनकर रह जाएगा, जहाँ जनहित और जनसरोकार फिर से पीछे छूट जाएंगे। बिहार को नारों नहीं, नीतियों की राजनीति चाहिए और यह तभी संभव है, जब मुद्दों पर बात करने का साहस राजनीति में लौट आए।

# गाँव पेटवाड़ से चीफ जस्टिस तक : जस्टिस सूर्यकांत की प्रेरक यात्रा

**-डॉ. सत्यवान सौरभ-**

हरियाणा के हिसार ज़िले का छोटा-सा गाँव पेटवाड़ आज पूरे देश में गर्व और प्रेरणा का प्रतीक बन गया है। इस गाँव की मिट्टी ने वह रत्न दिया है जिसने मेहनत, सादगी, ईमानदारी और निष्ठा के बल पर वकालत से लेकर देश के सर्वोच्च न्यायिक पद तक की यात्रा पूरी की-जस्टिस सूर्यकांत, जो अब भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बने हैं। यह उपलब्धि केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि उस हरियाणवी संस्कृति, उस परिवार और उस शिक्षा की है जिसने अपने संस्कारों से न्याय, सेवा और समर्पण की भावना को जन्म दिया।

जस्टिस सूर्यकांत का जीवन किसी प्रेरक कथा से कम नहीं। चार भाई-बहनों (कमला देवी, ऋषिकांत, देवकांत, शिवकांत, सूर्यकांत) में सबसे छोटे सूर्यकांत ने बचपन से ही मेहनत, अध्ययन और संयम को अपने जीवन का आधार बना लिया था। उनके पिता पंडित मदन गोपाल जी एक साहित्यप्रेमी और नैतिक मूल्यों वाले व्यक्ति थे। वे अपने बच्चों को हमेशा शिक्षा और ईमानदारी का पाठ पढ़ाते थे। उनके जीवन का बड़ा हिस्सा लोगों को सही राह दिखाने और समाज में नैतिकता की मशाल जलाए रखने में बीता। पंडित मदन गोपाल जी के जीवन के संस्कारों का ही परिणाम है कि उनके पुत्र सूर्यकांत ने न केवल अपने परिवार का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे हरियाणा और देश को गौरवान्वित किया।

गाँव पेटवाड़ की सादगी, खेतों की मिट्टी की खुशबू, और ग्रामीण जीवन की कठिनाइयाँ शायद वही प्रेरणास्रोत बनीं जिनसे सूर्यकांत ने अपनी राह तय की। गाँव से निकलकर उन्होंने अपनी शिक्षा और वकालत की यात्रा शुरू की। यह आसान सफर नहीं था-न साधन, न सुविधा-लेकिन था अटूट विश्वास और कर्मनिष्ठा। शुरूआती दिनों में उन्होंने सामान्य परिस्थितियों में रहकर अध्ययन किया और धीरे-धीरे अपने ज्ञान और तर्कशक्ति से सबका ध्यान खींचा।

1984 में सूर्यकांत ने वकालत के क्षेत्र में कदम रखा। उन्होंने हरियाणा और पंजाब हाईकोर्ट में वकालत करते हुए न केवल अनेक महत्वपूर्ण मामलों को सुलझाया बल्कि गरीबों और वंचितों के पक्ष में अपनी आवाज बुलंद की। उनकी पहचान एक संवेदनशील, निष्पक्ष और गहराई से सोचने वाले अधिवक्ता के रूप में बनी। बाद में जब वे न्यायिक सेवा में आए तो उन्होंने न्यायालय को केवल निर्णय का स्थान नहीं, बल्कि न्याय और मानवीय मूल्यों का मंदिर माना। उनकी कार्यशैली में सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उन्होंने कभी भी अपने पद को प्रतिष्ठा का साधन नहीं बनाया, बल्कि सेवा का माध्यम माना। चाहे मामला गरीब किसान का हो, या किसी छोटे व्यापारी का, उन्होंने हर बार अपने निर्णयों में न्याय और संवेदना का संतुलन बनाए रखा। यही कारण रहा कि वे धीरे-धीरे न्यायिक जगत में एक विशिष्ट पहचान बनाते चले गए। 2019 में उन्हें सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया गया। यह वह क्षण था जब हरियाणा के लोगों की आँखें गर्व से भर आईं। गाँव पेटवाड़ में उस दिन से लेकर आज तक उनके नाम से एक आत्मीयता जुड़ी है। जब यह समाचार आया कि जस्टिस सूर्यकांत अब देश के 53वें मुख्य न्यायाधीश होंगे, तो गाँव के हर आँगन में दीपक जले, लोग एक-दूसरे को बधाइयाँ देने पहुँचे, और बुजुर्गों की आँखों से गर्व के आँसू छलक पड़े।

पंडित मदन गोपाल जी भले आज इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनके संस्कार और उनके लिखे सैकड़ों पत्र आज भी परिवार में सहेज कर रखे गए हैं। वे पत्र सूर्यकांत जी के लिए केवल शब्द नहीं, बल्कि प्रेरणा के दीपक हैं। जिन प्रेम, अनुशासन और आत्मीयता से पंडित जी अपने बेटे को हर सप्ताह पत्र लिखते थे, वही आज उनकी आत्मा को शांति देता होगा कि उनका बेटा उसी मार्ग पर चला-सत्य, ईमान और न्याय का। जस्टिस सूर्यकांत का यह उत्थान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है; यह उस विश्वास का प्रमाण है कि भारत का कोई भी नौजवान, चाहे वह किसी छोटे गाँव से ही क्यों न हो, अगर उसके भीतर लगन और नैतिकता है तो वह किसी भी शिखर तक पहुँच सकता है। उनके जीवन से यह सिखने योग्य है कि सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए केवल प्रतिभा ही नहीं, बल्कि धैर्य, विनम्रता और अनुशासन की भी आवश्यकता होती है।

गाँव पेटवाड़ के लोग बताते हैं कि सूर्यकांत जी हमेशा अपने गाँव और जड़ों से जुड़े रहे। वे जब भी समय निकाल पाते, गाँव आते, बुजुर्गों से मिलते, बच्चों को पढ़ाई की प्रेरणा देते। उनका कहना था कि शिक्षा ही वह ताकत है जो किसी को भी अंधकार से प्रकाश तक ले जा सकती है। उनकी इस सोच ने न केवल गाँव में, बल्कि पूरे क्षेत्र में युवाओं के भीतर आत्मविश्वास जगाया।

आज जब वे देश के सर्वोच्च न्यायिक पद पर पहुँचे हैं, तो उनके गाँव के लोग यह कहते नहीं थकते कि यह हम सबकी जीत है। वास्तव में यह उस भारत की जीत है जहाँ अब प्रतिभा का मूल्यांकन जन्म या संपत्ति से नहीं, बल्कि कर्म और निष्ठा से होता है। उनके साथियों का कहना है कि जस्टिस सूर्यकांत बेहद शांत, सरल और सहृदय व्यक्ति हैं। वे अपनी बात को दृढ़ता से रखते हैं लेकिन कभी भी अहंकार से नहीं। सुप्रीम कोर्ट में उनके निर्णयों में यह स्पष्ट दिखता है कि वे केवल कानून की भाषा नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना की भाषा भी समझते हैं। न्यायालय के भीतर वे जितने सख्त हैं, बाहर उतने ही विनम्र और सहज। यही गुण उन्हें आम जनता के बीच प्रिय बनाते हैं।

उनकी पत्नी और परिवार ने भी हर कठिन दौर में उनका साथ दिया। गाँव के लोगों का कहना है कि सूर्यकांत जी के परिवार में संस्कार और आपसी प्रेम आज भी वैसा ही है जैसा पंडित मदन गोपाल जी के समय था। शायद यही वजह है कि सफलता के इतने ऊँचे पद पर पहुँचने के बावजूद उन्होंने कभी अपने भीतर के इंसान को मरने नहीं दिया।

जस्टिस सूर्यकांत की सफलता हमें यह भी सिखाती है कि सच्ची उपलब्धि वही है जो समाज को प्रेरित करे, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए रास्ता दिखाए। जब कोई व्यक्ति अपनी मेहनत से समाज में सम्मान अर्जित करता है, तो उसकी यात्रा केवल व्यक्तिगत नहीं रहती-वह एक पीढ़ी की आकांक्षाओं का प्रतीक बन जाती है। हरियाणा जैसे राज्य में जहाँ शिक्षा और न्याय के क्षेत्र में अभी भी कई सुधारों की गुंजाइश है, वहाँ से देश का मुख्य न्यायाधीश बनना एक ऐतिहासिक संदेश देता है-कि परिवर्तन गाँव से भी शुरू हो सकता है। पेटवाड़ जैसे छोटे गाँव से उठकर सुप्रीम कोर्ट तक पहुँचना यह दिखाता है कि भारत की मिट्टी में आज भी ऐसे बीज हैं जो अगर सही मार्गदर्शन और परिश्रम पाएँ तो पूरे देश को रोशन कर सकते हैं।

आज जब पूरा देश जस्टिस सूर्यकांत को मुख्य न्यायाधीश पद की बधाई दे रहा है, तो यह केवल एक व्यक्ति के लिए तालियाँ नहीं हैं, बल्कि उस हर माँ-बाप के सपनों के लिए भी हैं जो अपने बच्चों को ईमानदारी से बढ़ा रहे हैं, उस हर गाँव के लिए हैं जो अपने बेटों को मेहनत का मूल्य सिखाता है। सूर्यकांत जी का यह उदय उस नवभारत की पहचान है जहाँ न्यायपालिका न केवल कानून का प्रहरी है बल्कि सामाजिक न्याय की आत्मा भी है। उनसे उम्मीद है कि वे अपने कार्यकाल में न्याय प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, सरल और जनहितकारी बनाएँगे। उनकी सोच और अनुभव निश्चित रूप से देश की न्याय व्यवस्था को एक नई दिशा देंगे। गाँव पेटवाड़ के उस छोटे से आँगन से लेकर सुप्रीम कोर्ट के विशाल भवन तक की यह यात्रा इस बात का प्रमाण है कि जो व्यक्ति अपने मूल्यों से कभी समझौता नहीं करता, उसे मंज़िलें खुद बुलाती हैं। जस्टिस सूर्यकांत आज न केवल अपने गाँव के बेटे हैं, बल्कि हर उस भारतीय के प्रेरणास्रोत हैं जो यह मानता है कि सत्य और परिश्रम से बढ़कर कोई धर्म नहीं।

# चुनावी घोषणा पत्र वादों का पुलिंदा भर होते है

**-कांतिलाल मांडोत-**

भारतीय राजनीति में घोषणा पत्र का रिवाज उतना ही पुराना है जितना की आम चुनाव। इसे 1937 से शुरू माना जा सकता है। हर चुनाव में दावेदार अपनी घोषणाए करते है। जिसे घोषणा पत्र कहा जाता है। यह एक दैनिक दस्तावेज होता है। दल उसमे बंधा रहता है। उम्मीद की जाती है कि वह सत्ता में रहे या विपक्ष में, अगले चुनाव तक घोषणा पत्र के दो पाटों के बीच दल की गतिविधियां चलती रहे, क्या ऐसा होता है। बिहार में विधानसभा चुनाव है। लालू प्रसाद के मुख्यमंत्री बनने के बाद तेजस्वी भले ही गठबंधन में उप मुख्यमंत्री बनाए गए हो, लेकिन उनकी सरकार का मुख्यमंत्री बिहार में नही बन पाया है। वोट चोरी का मुद्दा उठाकर कांग्रेस के साथ चले तेजस्वी को यह लगा कि अब तो बिहार के हम है राजकुमार और भाजपा पर आरोप लगाकर न्याय यात्रा निकाली। अन्याय यात्रा में कांग्रेस को शामिल नही किया। बिहार चुनाव दिलचस्प इसलिए है कि जेडीयू के तार एनडीए से जुड़े हुए है। केंद्र में चन्द्रबाबू नायडू का भाजपा को समर्थन है, वैसे ही नीतीश कुमार की पार्टी भाजपा को बिहार और केंद्र दोनो में समर्थन दे रही है। तेजस्वी और कांग्रेस के लगाए गए आरोप से इन पार्टियों को यह अहसास होने लगा कि बिहार में हमारी सरकार निश्चित वैतरणी पार करेगी। इस आनन फानन में तेजस्वी ने हर घर से एक व्यक्ति को नौकरी का वादा तो कर दिया लेकिन मतदाताओ को रिझाने में यह भूल गए कि हम जिस तरह से नौकरी का वादा कर तो रहे है लेकिन उसका परिणाम राजनैतिक मंच पर क्या आएगा? उसकी कोई फिक्र नही थी। यह आंकड़ा गिनते समय बुद्धिजीवी भी चकरा जाते है। बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान एक मंच सेअमित शाह ने स्पष्ठ किया कि तेजस्वी का घोषणा पत्र मात्र छलावा है और पूरे बिहार का बजट मात्र 3 लाख करोड़ का है और नौकरी के लिए 20 लाख करोड़ की जरूरत होगी, तब तेजस्वी इतने रुपए कहा से लाएंगे? इसका खुलासा करते हुए अमित शाह ने तेजस्वी के घोषणा पत्र को कागज का पुलिंदा करार दिया।

सच तो यह है कि चुनाव से पहले घोषणा पत्र में बड़े वादे किए जाते है। चुनाव जीतने के बाद इसे कोई देखता तक नही है। उसी तरह तेजस्वी के वादे की किरकिरी हुई है। ये वादे और घोषणा पत्र मीडिया भी याद नही कराता है। फिर भी इसका अपना महत्व है। वादे करके मुखर जाना गलत है। घोषणा पत्र का कोई महत्व ही नही रह जाता है। घोषणा पत्र की बात करे तो कांग्रेस ने राजस्थान में किसानों के कर्ज माफ करने का मुहिम चलाया था। उसी के साथ कांग्रेस ने लम्बे समय तक वादा नही निभाया। दरअसल, दिल्ली मॉडल की बात कर पूर्व मुख्यमंत्री दिल्ली के केजरीवालने बिजली, पानी की घोषणा करके वोट प्राप्त तो कर लिया, लेकिन लोगो को गुमराह करने वाले मुख्यमंत्री केजरीवाल का जुठ उजागर तब हुआ, जब वे दिल्ली चुनाव में पराजय हुए थे। घोषणा पत्र को कौन पढ़ता है। लेकिन यह एक मजाक नही है यह हकीकत है। चुनावी घोषणा पत्र रस्मअदायगी से ज्यादा कुछ नही है। इसके बावजूद बिहार में दिवाली के बाद नेताओ की घोषणा पत्र की सूची जनता के समक्ष रखी जायेगी ?लोगो को खैरात बांटने की घोषण हर सम्भव कर दी जाती है। भाजपा, राजद, कांग्रेस और अन्य दल चुनाव में जीत प्राप्त करने के लिए घोषणा पत्र पढ़ना शुरू कर देंगे। चुनाव के पूर्व लालची घोषणाओं से बचकर नैतिक और ईमानदारी वाले नेताओं को अपना अमूल्य वोट देकर सत्ता में लाने की तैयारी बताए। बिहार में चुनाव के पूर्व विवाद का अखाड़ा बन चुके राजनीतिक दलों में सुलह का कोई मार्ग दिखाई नही दे रहा है।

> **सच तो यह है कि चुनाव से पहले घोषणा पत्र में बड़े वादे किए जाते है। चुनाव जीतने के बाद इसे कोई देखता तक नही है। उसी तरह तेजस्वी के वादे की किरकिरी हुई है। ये वादे और घोषणा पत्र मीडिया भी याद नही कराता है।**

यह देखने वाली बात है कि घोषणा पत्र में भाजपा भी पीछे नही है। सवाल यह है कि कांग्रेस, राजद और अन्य दलों की कथनी समान नही है इसलिए मतदाता भरोसा करने को तैयार नही है। उधर, भाजपा की साफ छवि के चलते मोदी पर आंख मूंद कर भरोसा कर देते है। क्योंकि लोगो को मोदी और भाजपा पर भरोसा है। घोषणा पत्र का शाब्दिक अर्थ वादा है। लेकिन अपनी साख पर कायम भारतीय जनता पार्टी ने इसे संकल्प पत्र करार दिया और घर घर मे भाजपा पर भरोसा करने का मार्ग प्रशस्त किया। चुनाव जीतने के बाद मतदाताओ को गुमराह करने वाली पार्टियां समय के साथ ही अस्ताचल की तरफ बढ़ने लगती है। इसलिए कथनी और करनी समान रखनी चाहिए। संकल्प पत्र का संदेश मतदाताओ की समझ से भले ही परे क्यो नही हो, लेकिन यह प्रतिबद्धता का धोतक है। यूपी तो बीमारू राज्य था। लेकिन उत्तरप्रदेश में योगी ने चुनाव के पूर्व किसानों का कर्ज माफ करने की घोषणा की थी। वह उस वादे पर खरे उतरे और भाजपा दूसरी बार यूपी में सत्ता की गलियारों तक पहुंची।

यह प्रमाणिकता की निशानी है। प्रतिबद्धता की कड़ी में ऐसा हो नही सकता कि उनके किये वादे में कोई वादा छोड़ दे। भाजपा और नीतीश कुमार की पार्टी गठबंधन बिहार में सामयिक और सेकुलर नजरिया अपना सकती है। विपक्ष कहता है कि जिन मुद्दों को हम वर्षो से लेकर राजनैतिक मंच पर भुना रहे है लेकिन हमको सफलता नही मिलती है और उन्ही मुद्दों पर मोदी को सफलता मिल रही है। उसकी वजह से विपक्ष टेंशनमे रहता है। लेकिन उनकी साफ छवि और वादा और घोषणा की प्रासंगिकता पर एकमत होने की वजह से वे सफल हो रहे है। वे विकास पुरुष है। लोगो का उन नेताओं ने दिल जीता है। यही बडी विजय पताका है। बिहार में कांग्रेस और राजद की लड़ाई से मतदाताओ पर गहरा असर पड़ता है। मतदाता यू समझ रहे है कि सीट शेयरिंग में भी आपसी समझ बरकरार नही रखने वाले नेता आगे चलकर जनता के साथ कैसा व्यवहार करेंगे? बिहार में चुनाव में सभी राजनीतिक दल वादे करेंगे, उसमे भाजपा भी शामिल है। लेकिन जिन दलों ने मतदाताओ का दिल जीत लिया है वे सफल होंगे? सामयिक सुधार के लिए किए वादे अक्सर जनता का दिल जीतने के लिए काफी अहम है। बिहार चुनाव में लोगो की नजर है। बिहार चुनाव केंद्र सरकार के लिए भी अहम माना जा रहा है। बिहार में नीतीश की साख पर मतदाता भरोसा कर रहे है। कांग्रेस और राजद की लड़ाई पर उनके कार्यकर्ताओ की भृकुटि तनी हुई है। भाजपा अगर लोककल्याण वादे करती है तो विपक्ष में बैठी पार्टियां भाजपा से टेडी नजर रखना उनकी मजबूरी बन जाएगी। अब देखना है बिहार चुनाव में क्या होता है।

स्वामी: गायत्री मीडिया, मुद्रक: रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादक: शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, नोएडा, सेक्टर-6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित कराकर कार्यालय, बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू लोकशक्ति ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



**उत्तम भारत संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव के स्टेनो को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से भाकियू के कार्यकताओं ने मांग करते हुए कहा कि गन्ने का मूल्य 500 रुपए प्रति कुंटल घोषित किया जाए। आवारा पशुओं से किसानों को निजात दिलाए जाने के लिए ठोस कदम उठाया जाए। क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे बंदरों के आतंक से निजात दिलाई जाए। विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं का शोषण बंद किया जाए। धनौरा क्षेत्र में चारों तरफ पसरी पड़ी गंदगी को साफ किया जाए।

धनौरा क्षेत्र में चल रहे ऑटो व ई रिक्शाओं द्वारा आवश्यकता से अधिक किराया वसूला जा रहा है इस पर रोक लगाई जाए व आवश्यक किराए की लिस्ट जारी की जाए। इस मौके पर रणवीर सिंह यादव, विजेंद्र सिंह, विशेष कुमार, तेजपाल सिंह, सूरवीर सिंह, बलराम सिंह, राजपाल, छत्रपाल सैनी, चंद्रपाल, संजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

# आज धूमधाम से मनाया जाएगा बाबा श्याम का जन्मोत्सव

**मंडी धनौरा।** आज नगर के सतेंद्र रिसोर्ट में हारे के सहारे श्याम दीवाने परिवार के तत्वाधान में चतुर्थ श्री श्याम मनुहार महोत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान संरक्षक विशाल यादव ने बताया कि गुरूदेव शिवकुमार त्रिवेदी के पावन सानिध्य में मेरठ से वैष्णवी नामदेव, नूरपुर से प्रेरणा आर्य धनौरा से निशान्त यदुवंशी और रिया अग्रवाल अपने मीठे-मीठे भजनों से बाबा श्याम का गुणगान कर बाबा श्याम को रिझायेंगे। कार्यक्रम में बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार, छप्पन भोग, इत्र वर्षा, श्याम रसोई आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस दौरान बाबा श्याम का कलकत्ता के फूलों द्वारा भव्य श्रृंगार किया जाएगा। जिसके बाद विधि विधान से पूजा अर्चना कर बाबा श्याम का चतुर्थ जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

# काग्रेसियों ने की शिक्षक एमएलसी चुनाव की तैयारी तेज

*** अमरोहा में हुई अहम बैठक, सभी 11 सीटों पर मजबूती से लड़ेगी चुनाव**



**उत्तम भारत संवाददाता**
**अमरोहा।** बरेली-मुरादाबाद शिक्षक विधान परिषद सीट के आगामी चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को शहर में पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी सुखराज सिंह के आवास पर कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने की, जबकि संचालन शिक्षक एमएलसी चुनाव के जिला कोऑर्डिनेटर एडवोकेट मेराजुल जफर ने किया। बैठक में कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. अमित कुमार राय एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. आज़ाद बेग मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। डॉ. अमित कुमार राय ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ कांग्रेस पार्टी का नहीं, बल्कि शिक्षकों के सम्मान और शिक्षा व्यवस्था को बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि ÷वर्तमान सरकार शिक्षकों और शिक्षा तंत्र दोनों की अनदेखी कर रही है। ऐसे में शिक्षकों को संगठित होकर साम्प्रदायिक ताकतों को परास्त करना होगा।÷ उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक शिक्षक तक पहुंचने और उन्हें मतदाता सूची में शामिल कराने का आह्वान किया। डॉ. आज़ाद बेग ने कहा कि शिक्षक समाज के मार्गदर्शक होते हैं और कांग्रेस पार्टी शिक्षकों की समस्याओं को लेकर पूरी प्रतिबद्धता से उनके साथ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूरे जोश के साथ इस चुनाव में जुट जाएं ताकि कांग्रेस इस सीट पर विजय हासिल करे। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी सुखराज सिंह, जिला उपाध्यक्ष सचिन चौहान, जिला महासचिव शाहिद सिद्दीकी, वाहिद अली सैफी, हरिओम पुष्कर, हर स्वरूप प्रधान, इकबाल अंसारी, तालिब इदरीसी, शमीम अब्बासी, चंद्रपाल चौहान, योगेंद्र कटारिया, मंगल सिंह गुर्जर, नरेश जाटव, शेर सिंह जाटव, जीशान अली, यशपाल सिंह यादव, विकास कुमार गुर्जर, बबलू गुर्जर, डॉ. मुशर्रफ़ खान, बिट्टू चिकारा, फईमुद्दीन मंसूरी सहित कई पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नेशनल हाईवे पर गांव वालों के लिए अंडर पास बनवाने के लिए दिया ज्ञापन




**उत्तम भारत संवाददाता**
**बिजनौर।** भारतीय जनता पार्टी की जुझारू व वरिष्ठ नेता डॉ मंजू चौधरी ने बिजनौर के मेरठ नेशनल हाईवे मार्ग पर बैराज हेमराज कॉलोनी वासियों के साथ बैराज हेमराज कॉलोनी के लिए अंडरपास निर्माण करने के लिए गांव वालों के साथ मिलकर बिजनौर की जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर को एक ज्ञापन दिया।

जिसमें इस अंडरपास निर्माण को लेकर महीनों से हो रहे धरना प्रदर्शन को अवगत करते हुए इस अंडरपास को बनवाने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को अवगत कराने के लिए यह ज्ञापन जिलाधिकारी जसजीत कौर को दिया

# मिशन शक्ति के अंतर्गत ग्राम मिर्जापुर मे किया जागरूक



**उत्तम भारत संवाददाता**
**चांदपुर।** मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के अंतर्गत महिला आरक्षी 87 प्रीति तोमर व 711 विपिन कुमार द्वारा ग्राम मिर्जापुर बेला थाना चांदपुर जनपद बिजनौर में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा हेल्प लाइन नंबरों

*1. महिला हेल्प लाइन नंबर 181*
*2. वूमेन पावर लाइन नंबर 1090*
*3. आपातकालीन नंबर 112*
*4. स्वास्थ्य सेवा नंबर 102*
*5. एंबुलेंस नंबर 108*
*6. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098*
7. *साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व योजना*

के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं व उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी तथा मोबाइल से लड़कियों को परेशान करने , सोशल मीडिया के द्वारा परेशान करने , अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत संबंधी जागरूक किया गया , महिलाओं के साथ मारपीट लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से बचाव संबंधी जागरूक किया एवं साइबर अपराध के बारे में अवगत कराया गया एवं साइबर अपराध होने के बाद की कार्यवाही से भी अवगत कराया गया एवं महिलाओं को जागरूक किया गया।

# गुलदार का बहाना प्रेमी संग फरार देहरादून से हुई गिरफ्तार

*** वन विभाग पुलिस स्थानीय पुलिस महिला को खोजती रही लेकिन महिला प्रेमी संग फरार हो गई एक्शन में आया पुलिस प्रशासन महिला को देहरादून से किया गिरफ्तार**



**उत्तम भारत संवाददाता**
**नहटौर।** थाना क्षेत्र के गांव नन्हेड़ा में जिस युवती को गुलदार द्वारा उठा ले जाने की सूचना पर घंटों तक पुलिस व वन विभाग की टीम कई किलोमीटर तक जंगलों में तलाशती रही उस युवती के देहरादून में बरामद होने पर हर कोई सकते में रह गया है। देहरादून में उसके होने की सूचना पर पुलिस देहरादून के लिए रवाना हो गई है।जिसके बाद वन विभाग व पुलिस ने राहत की सांस ली है।

नहटौर क्षेत्र के गांव राजपुर नन्हेड़ा निवासी योगेश की 20 वर्षीय पुत्री साक्षी अपनी मां विनोद देवी व बहन पूजा के साथ जंगल गई थी और वह जंगल में शौच के लिए एक के खेत में चली गई।कुछ देर बाद उसकी मां व बहन ने गुलदार के उठा ले जाने की बात कहते हुए शोर मचा दिया।जिसके बाद सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण भी मौके पर आगये।इसके बाद वन विभाग व पुलिस और ग्रामीणों ने ईख का चप्पा चप्पा छान दिया लेकिन उसका कोई अता पता नहीं लग सका। ग्रामीण व वन विभाग की टीम उसे कई किलोमीटर तक जंगलों में तलाशती रही। गुरुवार की सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक वन विभाग व ग्रामीण जंगल में उसे तलाशते रहे। शाम के समय उसके भाई सचिन के नंबर पर देहरादून से साक्षी का फोन आया कि वह देहरादून में है।जिस को लेकर वन विभाग व पुलिस ने राहत की सांस ली है। पुलिस देहरादून के लिए रवाना हो गई है।जिसे जंगल में ढूंढते रहे वह देहरादून में मिली। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि साक्षी देहरादून में होने की सूचना मिली है। पुलिस उसके लेने के लिए रवाना हो गई है।

# बंटवारे को लेकर चले लाठी डंडे, चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता**
**शाहबाद।** नगर के मोहल्ला वेदान निवासी जायदा पत्नी अब्दुल जलील ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि 23 अक्टूबर को समय करीब रात 9:00 बजे की बात है,जमीन के वटवारे को लेकर शावेज, सनाउर रहमान उर्फ शाहरुख, युसुफ एवं अरमान युसुफ निवासी गण मौहल्ला फर्राशान ने जायदा व उसकी बेटी व बेटे को गन्दी गन्दी गालिया दी और जब गाली देने से मना किया तो लात घूसो व लाठी डन्डो से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर उपरोक्त शावेज़,सना उर रहमान उर्फ शाहरुख,युसूफ एवं अरमान के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है

# तहसीलदार ने बुलाई बीएलओ की बैठक

**उत्तम भारत संवाददाता**
**शाहबाद।**तहसीलदार अमित कुमार ने तहसील सभागार में क्षेत्र के समस्त बीएलओ की एक बैठक बुलाई और उन्हें वोटर लिस्ट को लेकर खास दिशा निर्देश भी दिए। कुछ दिन पूर्व तहसीलदार ने समस्त बीएलओ को नई और पुरानी दोनों लिस्ट सौंपकार उनकी जांच कर रिपोर्ट मांगी थी, जिस पर समस्त बीएलओ ने पुरानी और नई वोटर लिस्ट जमा की। वहीं तहसीलदार ने बताया की एक लिस्ट समस्त बीएलओ को और दी जाएगी जिसका डोर टू डोर जाकर समस्त बीएलओ को सर्वे करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही तहसीलदार ने समस्त बीएलओ को निर्देश दिया कि वह अपने-अपने बूथ पर जाकर बूथ की स्थिति की भी जानकारी प्राप्त करें और बूथ की दयनीय स्थिति होने पर तुरंत सूचना दें।

इस बैठक में बीएलओ बीना, दीपा, तारावती, रितु, गीता सहित अनेक बीएलओ मौजूद रहे।

# चाइल्ड केयर सेंटर का निरीक्षण करते हुए उसको सील कर दिया

**उत्तम भारत संवाददाता**
**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर में स्वास्थ्य विभाग ने एक चाइल्ड केयर सेंटर का निरीक्षण करते हुए उसको सील कर दिया जबकि अन्य क्लिनिक संचालकों में हड़कंप मच गया वहीं कस्बे के गणमान्य लोगों का मानना है कि स्वास्थ्य विभाग की यह कार्रवाई एक लीपा पोती नजर आ रही है। शुक्रवार को सुल्तानपुर नगर में स्वास्थ्य विभाग के एसीएमओ धर्मवीर सिंह ने अपनी टीम के साथ चाइल्ड केयर सेंटर पर पहुंचकर उसका निरीक्षण किया तथा कागज पूरे ना होने के चलते उसकी सील कर दिया। इस कार्रवाई से क्लिनिक संचालको में हड़कंप मच गया। बताते चलें कि कस्बे में कुछ ऐसे क्लिनिक जिन्होने बडे बडे बोर्ड लगाकर उन एमबीबीएस तक डिग्री लिखकर कर सीधे साधे को ठंग रहे हैं। वही जब मरीज की हालत ज्यादा गंभीर होती है तो उसे सहारनपुर जाने के लिये कह कर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। बताते चले कि सुल्तानपुर बाईपास तिराहे पर ए नामी डाक्टर जिसके पास कोई डीग्री न होने के चलते सीधे साधे लोगो को गूलकोज की बोतले लगाकर मोठी रकम एठता है इस दौरान क ई मरीजो की जान भी जा चुकी है लेकिन गरीब व्यक्ति ऐसे डाक्टर की शिकायत करने से डरता है। वही स्वास्थ्य विभाग ऐसे डाक्टरो पर कब कार्यवाही करेगा यह एक सोचने का विषय है।

# अबूझमाड़ में दूषित भोजन खाने से 5 की मौत, दर्जनों बीमार, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर और नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में दूषित भोजन खाने से 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं, कई अन्य ग्रामीणों की तबीयत बिगड़ गई है।

यह दुखद घटना 21 अक्टूबर की सुबह सामने आई, जब ग्रामीणों को अचानक उल्टी, दस्त और पेट दर्द की शिकायतें होने लगीं। ग्रामीणों की हालत बिगड़ने की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी और स्वास्थ्य विभाग समेत वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। टीम ने तुरंत घटनास्थल पहुंचकर प्रभावित लोगों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया और उपचार शुरू किया। गंभीर बीमार ग्रामीणों को आगे के इलाज के लिए नारायणपुर जिला अस्पताल भेजा गया है।

जांच के दौरान प्राथमिक जानकारी में सामने आया कि ग्रामीणों ने संभवतः दूषित भोजन का सेवन किया था। विभाग ने दूषित खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं। साथ ही, स्वास्थ्य टीम गांवों में ग्रामीणों को स्वच्छ भोजन और उबला हुआ पेयजल उपयोग करने के लिए जागरूक कर रही है।

इस घटना का प्रभाव पड़ोसी बीजापुर जिले के भैरमगढ़ क्षेत्र में भी देखने को मिला है, जहां उसपरी और किसकल गांव के कुछ ग्रामीणों में भी ऐसे ही लक्षण पाए गए। एक पीड़िता, पल्लवी परसा, को भैरमगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। प्रशासन ने दोनों जिलों में हाई अलर्ट जारी कर दिया है।

कलेक्टर नारायणपुर ने इस पूरे मामले की विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं और रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने को कहा है। इसके लिए टीम का गठन कर दिया गया है।

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित करने और बीमारी के फैलाव को रोकने के लिए प्रभावित गांवों में अगले कुछ दिनों तक चिकित्सा दल लगातार तैनात रहेंगे। प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे भोजन व पानी उबालकर ही सेवन करें, और किसी भी असामान्य लक्षण को नजरअंदाज न करें तथा तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी लगातार गांव वालों के संपर्क में रहेंगे। कोई भी परेशानी होने पर वे प्रशासन से कभी भी मिल सकते हैं।

# मुंबई में हिट एंड रन का मामला आया सामने, मासूम की मौत

**मुंबई।** मुंबई के बोरीवली के राष्ट्रीय उद्यान में एक दिल दहला देने वाली हिट एंड रन की घटना में डेढ़ साल की मासूम बच्ची की मौत हो गई। मृतका की पहचान मानसी यादव के रूप में हुई है, जो अपने माता-पिता और चचेरे भाई के साथ उद्यान में घूमने आई थी। इस घटना ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। कस्तूरबा मार्ग पुलिस ने अज्ञात मोटरसाइकिल सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब मानसी का परिवार राष्ट्रीय उद्यान के बांध से बाघों के पिंजरे की ओर जाने वाली सड़क के पास एक चट्टान पर बैठा था।

मानसी पास में ही खेल रही थी। तभी एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने बच्ची को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मानसी गंभीर रूप से घायल हो गई। मानसी के माता-पिता उसे तुरंत कांदिवली पश्चिम के शताब्दी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# एस के ज्वैलर्स के बुलावे पर कॉमेडी किंग एहसान कुरैशी रामपुर पहुँचे



**उत्तम भारत संवाददाता**
**रामपुर।** रामपुर मे एस0 के0 की ओर से लगाए कस्तूरबा गांधी पक्षी विहार झील 15 दिवसीय दिवाली महोत्सव मे एस के ज्वैलर्स के बुलावे पर कॉमेडी किंग एहसान कुरैशी की कॉमेडी का कार्यक्रम आयोजन किया गया स्टेज पर कॉमेडी किंग एहसान कुरैशी के आते ही पूरा पंडाल पब्लिक की तालियो से गूंज उठा कॉमेडी किंग एहसान कुरैशी ने खूबसूरत कविताए सुनाई।

पंडाल मे बेठे दर्शको ने खूब आनंद लिया तालियो की गड़गड़ाहट गूंज उठी एस के ज्वैलर्स ओर डान्स विद के रामपुर की टीम का धन्यवाद करा पक्षी विहार झील मे हर रोज हर तरहा अलग ही प्रोग्राम हो रहे है

जिसका आनंद रामपुर की जनता खूब ले रही है ईस महोत्सव मे स्वादिष्ट दूध की खीर का अलग ही चर्चा है,कुल्लड़ की चाय बच्चो के खिलौने के अलावा विभिन्न स्टॉल लगाए गए है बच्चो के लिए झूले मेले में पुलिस की साहरानिये काम की हुई खूब तारीफ एस के ज्वैलर्स की ओर से की गई इस दौरान शहज़ेब खान डॉ शादाब खान थाना गंज प्रभारी पवन कुमार शर्मा जुहैंब खान हमजा खां आदि लोग उपस्थित रहे।

# पूर्व विधानसभा प्रभारी आरिफ़ अरोमा ने आजम खाँ से उनके आवास पर मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना





**उत्तम भारत संवाददाता**
**बिलासपुर :** सपा नेता एंव बिलासपुर विधानसभा प्रभारी आरिफ अरोमा ने आजम खां से मिलने के लिए अपने बेटे मो0. अजान खाँ के साथ रामपुर उनके आवास पर पहुंचे जहाँ पर पहले से ही कार्यकताओ की भीड़ लगी थी। आजम खां का घर ऐसा लग रहा है जैसे मानो कोई मेला लगा हो उनसे मिलने के लिए सैकड़ो लोग प्रतिदिन सुबह से ही घंटो उनके आवास पर मिलने के लिए एक फोटो खिचवाने के लिए खड़े रहते हैं । ऐसा मंजर देख आजम खां भी अपने आप को रोक नहीं पाते वह सभी दूर दराज से आए लोगों के साथ गर्मजोशी के साथ मिलते हैं । जिससे कार्यकताओ का होसला ओर मजबूत होता है। आजकल ज्यादातर कार्यकर्ता आजम खां को एक कलम जरूर देते हैं जिसे देखकर आजम खाँ के चहरे पर सुन्दर मुस्कान साफ दिखाई देती है । जब कोई कार्यकर्ता आजम खां को कलम देता है तो उनको ऐसा लगता है मानो अब युवाओ ने अपना मन बना लिया है कि हमे आजम खां के सपनो को साकार करना है । आजम खां चाहते हैं कि अब रामपुर को नई पहचान देने की जरूरत है रामपुर चाकू के नाम से नही बल्कि शिक्षा के मंदिर के नाम से जाना जाये । यही आजम खां का सपना भी है। ओर युवाओ की भी धीरे धीरे सोच बदल रही है । आज का युवा शिक्षा और रोजगार चाहता है ।

# साइबर सेल की मदद से गायब हुआ फोन कराया बरामद

*** फोन पाकर नदीम के चेहरे पर आई मुस्कान**




**उत्तम भारत संवाददाता**
**शाहाबाद।** नदीम पुत्र हासिल मोहल्ला जिलेदरान कस्बा शाहाबाद मैं अपने फोन गुम होने की शिकायत शाहबाद थाने में बने साइबर सेल पर की उक्त प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए अपर पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम उत्तर प्रदेश विनोद कुमार सिंह द्वारा साइबर अपराध की रोकथाम साइबर अपराध के विरुद्ध चलाई जा रहे अभियान द्वारा साइबर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावित कार्रवाई की जाने के निर्देशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक रामपुर विद्यासागर मिश्र अनुराग सिंह अपर पुलिस अधीक्षक एवं नोडल ऑफिसर साइबर अपराध तथा हर्षिता सिंह क्षेत्राधिकारी साइबर अपराध जनपद रामपुर के कुशल नेतृत्व में उक्त प्रकरण में आरपी सिंह निरीक्षक प्रभारी साइबर सेल थाना शाहाबाद जनपद रामपुर और थाना स्तर पर गठित साइबर टीम द्वारा गायब हुआ फोन कराया बरामद कांस्टेबल साहब सिंह भी रहे मौजूद ।

# कुरनूल बस हादसा: आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने दुख जताया

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में बस में आग लगने की घटना पर दुख व्यक्त किया है। इस दर्दनाक हादसे में 11 लोग जिंदा जल गए।

हैदराबाद से बेंगलुरु जा रही एक निजी बस में शुक्रवार तड़के कुरनूल जिले के चिन्नाटेकर गांव के पास आग लग गई, जिससे 11 यात्रियों की मौत हो गई।

संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर गए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने इस त्रासदी पर दुख व्यक्त किया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, ÷मैं बस में लगी भीषण आग की घटना के बारे में जानकर स्तब्ध हूं। मेरी हार्दिक संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। सरकारी अधिकारी घायलों और प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करेंगे। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने कुरनूल जिले में हुई बस दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने आंध्र प्रदेश के अधिकारियों से बात की और तेलंगाना राज्य के अधिकारियों को समन्वय स्थापित करने और सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से भी घटना पर चर्चा की और उन्हें तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बिना किसी देरी के हेल्पलाइन स्थापित करने का निर्देश दिया और जोगुलाम्बा गडवाल जिला कलेक्टर और एसपी को तुरंत दुर्घटना स्थल का दौरा करने का आदेश दिया।

उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, ÷हैदराबाद से बेंगलुरु जा रही एक निजी बस के कुरनूल जिले में भीषण दुर्घटना का शिकार होने की खबर से गहरा सदमा पहुंचा है। इस दुर्घटना में कई लोगों की मौत की खबर बेहद दुखद है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि मृतकों की आत्मा को शांति मिलेज और उनके परिजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। मैंने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को आंध्र प्रदेश के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर राहत कार्यों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। मैंने अधिकारियों को घायलों को बेहतर चिकित्सा सहायता प्रदान करने और अन्य राहत कार्यक्रमों को युद्धस्तर पर चलाने के निर्देश दिए हैं। मैंने जोगुलाम्बा गडवाल जिला के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को तुरंत दुर्घटनास्थल पर जाकर राहत कार्यों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया है।÷

आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने भी हादसे को दुखद बताया। पवन कल्याण ने पोस्ट किया, ÷यह दुखद है कि इस दुर्घटना में अब तक 10 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। मैं मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। सरकार की ओर से इस दुर्घटना में घायल हुए लोगों के बेहतर उपचार के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। मैं परिवहन विभाग से आग्रह करता हूं कि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएं।÷

पूर्व मुख्यमंत्री और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने कहा कि कुरनूल ज़िले के चिन्नातेकुर गांव के पास बस में लगी भीषण आग की खबर बेहद दुखद है। उन्होंने कहा, ÷मैं उन परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में घायलों और प्रभावित लोगों को सभी आवश्यक सहायता और चिकित्सा सहायता प्रदान की जाए।÷

# एनडीए के नेतृत्व में बिहार की अभूतपूर्व प्रगति, महागठबंधन की हालत पतली : अनिल जैन



**गयाजी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ नेता अनिल जैन ने बिहार के गयाजी में महागठबंधन पर तीखा हमला बोला। महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद के लिए तेजस्वी यादव और उपमुख्यमंत्री पद के लिए मुकेश सहनी को चेहरा घोषित करने पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि महागठबंधन के लोग असमंजस में थे और उनकी हालत पतली थी।

जैन ने कहा कि महागठबंधन ने आखिरकार अपना चेहरा घोषित कर दिया; यह अच्छी बात है। एनडीए और भाजपा अपनी रणनीति के साथ पूरी मजबूती से काम करती है। अनिल जैन ने बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व और केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हुए विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि बिहार में अभूतपूर्व प्रगति हुई है, जिसकी पहले कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था।

अपने पुराने अनुभव साझा करते हुए जैन ने कहा कि जब मैं पहले बिहार आया था, तब सड़कें, बिजली और साफ-सफाई की स्थिति बेहद खराब थी। लेकिन अब बिहार तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। पहले शहरों में बिजली की किल्लत थी, अब गांवों में 23 घंटे बिजली उपलब्ध है। यह बदलाव कोई छोटी उपलब्धि नहीं है।

नीतीश सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में हर परिवार को 125 यूनिट मुफ्त बिजली दी जा रही है, जिससे प्रति परिवार करीब एक हजार रुपए की बचत हो रही है। इसके अलावा, जीविका दीदियों को 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी गई है और 125 करोड़ रुपए की राशि इस योजना के तहत वितरित की गई है। जीविका दीदियों को रोजगार के लिए दो लाख रुपए तक की सहायता भी दी जाएगी।

अनिल जैन ने 2005 से पहले के बिहार का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय अपहरण, लूट, डकैती और हत्या जैसी घटनाएं आम थीं। लोग शाम ढलने के बाद घरों से बाहर निकलने से डरते थे। लेकिन अब एनडीए सरकार के नेतृत्व में स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है।

उन्होंने आगे कहा कि मौजूदा समय में रात के 12 बजे भी लोग गया से बोधगया बेफिक्र होकर जा सकते हैं। यह परिवर्तन एनडीए की देन है। बिहार की जनता एक बार फिर एनडीए के साथ है और आगामी चुनावों में एनडीए की सरकार बनना तय है। जनता नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों को सराह रही है और एनडीए को प्रचंड समर्थन देगी।

P-08:28 paga09_jhn.qxd 10/24/2025 5:31 PM Page 1



# सड़क हादसे में घायल बाइक सवार दंपती ने उपचार के दौरान तोड़ा दम, परिवार में मचा कोहराम

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए दंपती की उपचार के दौरान मौत हो गई।इससे परिवार में कोहराम मच गया।मामले को लेकर मृतक के पुत्र ने पुलिस को तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की है।कोतवाली क्षेत्र के नगर के मुहल्ला टांडा हुरमतनगर निवासी 57 वर्षीय अलाउद्दीन बाजारों में कपड़े का फड़ लगाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे।जानकारी के मुताबिक अलाउद्दीन बुधवार की दोपहर अपनी पत्नी सगीरन के साथ बाइक द्वारा गोदी गांव स्थित अपनी ससुराल जा रहे थे।हाईवे पर जीरो प्वॉइंट स्थित सर्व संस्कृति स्कूल के सामने रूद्रपुर दिशा की ओर से तेज रफ्तार आ रही एक होण्डा वैन्यू कार ने अनियंत्रित होकर बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार दंपती बाइक से उछलकर काफी दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हुए गए।दुर्घटना के बाद वहां राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई और टक्कर मारने वाले चालक अपनी कार मौके पर छोड़कर फरार हो गए। राहगीरों द्वारा आनन-फानन में दंपती को उत्तराखंड के रूद्रपुर स्थित एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां अलाउद्दीन की हालात गंभीर होने पर चिकित्सकों ने दिल्ली रेफर कर दिया जहां उपचार को जाते समय उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया जबकि उनकी पत्नी सगीरन की भी उपचार के दौरान मौत हो गई।इससे परिवार में कोहराम मच गया।उधर मृतक के पुत्र सरफराज अहमद ने कोतवाली में तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की है।




# 2010 से पूर्व नियुक्त बेसिक शिक्षकों पर टीईटी की बाध्यता, शिक्षकों का अपमान

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** बेसिक शिक्षकों पर टीईटी परीक्षा पर पूर्णतया अव्यावहारिक निर्णय आने से आज शिक्षकों का गली गली अपमान किया जा रहा है द्य शिक्षक उस अपमान का घूट पी रहे है जब टीईटी की परीक्षा अपने ही बेटे-बेटियों, भतीजे- भतिजिओ, भांजा- भांजिओ, बहु ,दामाद के साथ देंगे द्य इसके बाद रिजल्ट आने पर साथ के साथ सामाजिक तिरस्कार जैसे शब्द सुनेगे कि इन बच्चों से कम नंबर आए है द्य बात -बात पर गली-गली, छोटे-बड़े सभी बेइज्जत करने से नहीं चुकेंगे द्य सरकार ने गलत कानुन बनाकर देश के शिक्षको का अपमान किया है द्य अगर सुप्रीम कोर्ट उक्त निर्णय को वापिस नहीं लेते है तो लंबे आंदोलन के लिए तैयार रहे द्य 25-30 साल की सेवा के बाद परीक्षा देने पर आपत्ति,रामपुर में बेसिक टीचर्स की बैठक मे की गई द्य एस.सी/एस.टी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन, रामपुर की आपात बैठक कैम्प कार्यालय मौहल्ला लक्ष्मी नगर मे आयोजित की गई। बैठक का मुख्य विषय सुप्रीम कोर्ट का वह निर्णय था, जिसमें सभी शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किया गया है।

जिलाध्यक्ष राम बहादुर गौतम ने कहा कि नौकरी में आने के बाद टीईटी की अनिवार्यता को थोपना उचित नहीं है। उन्होंने इसकी तुलना खेल से करते हुए कहा कि जैसे खेल शुरू होने के बाद नियम नहीं बदले जा सकते, वैसे ही यह निर्णय भी उचित नहीं है। इस दौरान उन्होंने बैठक को सम्बोधित करते हुए बताया कि एस.सी/एस.टी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश विद्रोही जी ने 2010 के पूर्व नियुक्त बेसिक शिक्षकों पर टी.ई.टी की बाध्यता थोपकर शिक्षकों का अपमान किये जाने पर शिक्षकों से लम्बे आंदोलन के तैयारी रहने की अपील की है। जिला महामंत्री सुनील कुमार ने सरकार पर शिक्षकों को परेशान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 25-30 साल की सेवा के बाद टीईटी परीक्षा का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार अनुभवी शिक्षकों को परीक्षा के माध्यम से परखकर क्या साबित करना चाहती है इसके अतिरिक्त बैठक में चर्चा की गई कि एस.सी/एस.टी शिक्षकों का शोषण हो रहा है जो कि एसोसिएशन द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयीद्य अगर अनुसूचित जाति/जनजाति के शिक्षकों का शोषण बर्दाश्त नहीं होगा द्य बैठक में जिलाध्यक्ष राम बहादुर गौतम, जिला महामंत्री सुनील कुमार जिला उपाध्यक्ष प्रेमचन्द, राजेश कुमार, प्रेमपाल सिंह, जिला प्रवक्ता चमन सिंह गौतम, ब्लॉक अध्यक्ष चमरौआ अशोक कुमार रावत , जिला कोषाध्यक्ष रमेश पाल सिंह, अशोक बाबू, जिलामंत्री प्रसन्न प्रकाश, अशोक कुमार , जिला प्रचार मंत्री सरदीप गौतम, दिनेश कुमार, बीर सिंह, जबर सिंह, सुरेन्द्र सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे। सभी ने मिलकर टीईटी के निर्णय के विरोध में आगे की रणनीति पर विचार किया।



# पूर्व विधायक अफरोज अली खां ने हम एकता मंच राष्ट्रीय अध्यक्ष शादाब शफ़ीक़ खां से मुलाक़ात की

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** आज पूर्व विधायक अफरोज अली खां हम एकता मंच के कार्यालय पर पहुंचे और राष्ट्रीय अध्यक्ष शादाब शफ़ीक़ खां से मुलाक़ात कर उनका हाल चाल पूछा। मालूम हो कि शादाब शफ़ीक़ खां ने पित्ते का आपरेशन कराया है जिसके बाद तमाम हमदर्दों और साथियों का उनसे मुलाकात का सिलसिला जारी है। अफरोज अली खां ने कहा कि शादाब शफ़ीक़ खां के नेतृत्व में हम एकता मंच जनहित के कार्यों को बखूबी अंजाम दे रहा है जिसकी सभी को सराहना करनी चाहिए हमारी टीम के सभी साथी जनहित के कार्यों में हम एकता मंच के साथ है। राष्ट्रीय अध्यक्ष शादाब शफ़ीक़ खां ने अफरोज अली खां का स्वागत किया और उनकी टीम को धन्यवाद दिया। उन्होंने सभी को दीपावली और भैया दूज की बधाई भी दी। राष्ट्रीय महासचिव मास्टर फिरोज खान ने कहा कि पूर्व विधायक अफरोज अली खां बहुत ही हमदर्द, ईमानदार और मिलनसार व्यक्ति हैं और सभी के सुख दुख में शामिल रहते हैं मैं हम एकता मंच की पूरी टीम की ओर से उनका स्वागत करता हूं और हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष की ख़ैर ओ आफियत के लिए आने पर धन्यवाद देता हूं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रेहान ख़ां एडवोकेट, मौहम्मद नाज़िम नगर अध्यक्ष नादिर ख़ां बबलू,नोमान ख़ां,अकरम सुल्तान खां, परवेज खां, मसरूर मियां अकरम, मौहम्मद रेहान एडवोकेट, इक़बाल ख़ां, मास्टर ज़ुबैर ख़ां, प्रमोद कुमार, मुनीर खां,महरबान अली, समीर ख़ां आदि मौजूद रहे।




# पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक,रामपुर द्वारा कन्ट्रोल रुम का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा कन्ट्रोल रुम/एकीकृत कमाण्ड आदि का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान नियंत्रण कक्ष की साफ -सफाई, व्यवस्थाओं व कन्ट्रोल सेन्टर की कार्यप्रणाली एवं पत्रावलियों का निरीक्षण किया गया । सीसीटीवी कन्ट्रोल रुम का निरीक्षण कर जनपद के महत्वपूर्ण स्थानों व चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को चैक किया गया व सभी तिराहे/चौराहों एवं भीड़-भीड़ वाले स्थानो पर सीसीटीवी से लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिये गये ।



# पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना शहजादनगर में किया गया मिशन शक्ति केन्द्र का उद्घाटन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक,रामपुर श्री विद्यासागर मिश्र द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर श्री अनुराग सिंह के साथ थाना शहजादनगर के थाना परिसर में मिशन शक्ति केन्द्र का उद्घाटन किया गया, इस दौरान क्षेत्राधिकारी मिलक, मिशन शक्ति केन्द्र टीम थाना शहजाद नगर एवं अन्य अधिकारी/ कर्मचारी गण उपस्थित रहे । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा बताया गया कि मिशन शक्ति केन्द्र के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता से संबंधित जानकारी एवं सहायता एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी । महोदय द्वारा मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए महिला हेल्प डेस्क को प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गये ।



# किसानों को समय से खाद उपलब्ध कराए जाने का मुद्दा उठाया गया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन के दर्जनों पदाधिकारी ग्राम सनकरा की पेट में एकत्रित हुए पंचायत में अनेक जगहों से आए पदाधिकारी ने जर्जर सड़क एवं धान क्रय केंद्र पर सरकारी मूल्य पर धान खरीदी जाने और किसानों को समय से खाद उपलब्ध कराए जाने का मुद्दा उठाया गया पंचायत के बाद प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया प्रदर्शन के दौरान शासन प्रशासन को चेतावनी दी गई शीघ्र किसानों की समस्याओं का समाधान करें किसानों का उत्पीड़न किसी भी कीमत बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जर्जर सड़कों को शीघ्र मरम्मत कर सही किया जाए ग्राम प्रेमपुर अशोकपुर पट्टी मोतीवाला मझरा ग्राम मनकरा का मझरा आदि दर्जनों गांवों को जोड़ने वाला रोड व सड़क हाईवे से होकर गुजरती है जो कई वर्षों से जर्जर है प्रशासन का ध्यान ज्यादातर सड़कों पर नहीं है राजनीति की भेंट किसान मजदूर को ना चढ़ाया जाए देश का अन्नदाता खाद के लिए भटक रहा है धान के लिए केंद्रों पर सरकारी मूल्य का लाभ नहीं मिल पा रहा है 27 अक्टूबर को जिले भर के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया जाएगा जिला प्रशासन को किसानों की समस्याओं से अवगत कराया जाएगा बढ़ती हुई महंगाई ने किसान मजदूर की कमर तोड़ दी है पूरी तरह से किसान मजदूर का बजट बिगड़ा हुआ है 2 एकड़ से कम जमीन वाले किसान मजदूर को आयुष्मान कार्ड दे प्रदेश सरकार देश में महंगाई चरम पर है गरीब और गरीब हो रहा है अमीर और अमीर हो रहा है कृषि को औद्योगिक दर्जा दे केंद्र सरकार प्रदर्शन करने वालों में मुराद खान रिजवान अली महावीर श्याम मोहन पांडे जाकिर अली वारसी मोहम्मद अलीम नन्हे डॉक्टर शाहिद अली रफी सलमानी आरिफ अली भूरा सागर मुस्तकीम हाफिज फरमान वारसी फैजान अली फरजंद अली मेहदी हसन चुन्नी खान नन्हे राम राधेश्याम भगवान दास ओमप्रकाश देवी चंद आदि शामिल रहे



# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं/बालिकाओं को किया गया जागरूक

**सैफनी।** क्षेत्र के महिला सुरक्षा दल ने ग्राम मढ़ैयान गौर/ नत्थू वाला मझरा में महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा और आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया। इस दौरान उन्हें %मिशन शक्ति% से संबंधित पम्पलेट वितरित किए गए और महत्वपूर्ण सुरक्षा जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा दल ने महिलाओं को महिला संबंधी अपराधों और उनसे बचाव के कानूनी तरीकों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने विभिन्न आपातकालीन और सहायता हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी, जो महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं। 1930 साइबर क्राइम, स्वास्थ्य सेवा साइबर अपराधों से बचाव के लिए, दिए गए विशेष सुझाव महिला सुरक्षा दल ने बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए महिलाओं/बालिकाओं को ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।



# बाईको की भिड़ंत में चार गंभीर रूप से घायल दो रेफर

**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहबाद।** बाईको की आमने सामने की भिड़ंत में चार गंभीर रूप से घायल एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी शाहबाद में कराया भर्ती

सिरौली थाना क्षेत्र के ग्राम खुर्द निवासी राशिद बाइक से बहन रीना और रीना की तीन वर्षीय बेटी आयशा के साथ बिलारी से दवा लेने के लिए जा रहा था सैफनी थाना क्षेत्र के खरसोल निवासी 50 वर्षीय वासुदेव चौराहे से दूध लेने के लिए निकले तभी दोनों बाइक आपस में टकरा गई और दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए चौराहे पर मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी एंबुलेंस को दी एंबुलेंस की सहायता से चारों घायलों को समुदाय स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया डॉक्टर ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया। रीना और वासुदेव की हालत को गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रामपुर रेफर कर दिया।



# दो डॉक्टर के सहारे चल रहा शाहबाद सीएचसी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहबाद।** डॉ राजीव चंदेल के ट्रांसफर स्वार में होने के बाद डॉ पदम सिंह को शाहबाद सीएचसी का चिकित्सक अधीक्षक नियुक्त किया गया। इसके बाद डॉक्टर जुबेर और डॉक्टर पदम ही पर ही अस्पताल की जिम्मेदारी आ गई है शाहबाद सीएचसी पर हर दिन दो सो से तीन सो मरीज आते है शाहबाद सीएचसी पर दो डॉक्टर द्वारा प्रतिदिन ओपीडी के साथ साथ इमरजेंसी के मरीजों का इलाज भी करते है बीते दिनों सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक का ट्रांसफर स्वार होने के बाद। जिससे सीएचसी में तैनात डॉ पदम को सीएचसी शाहबाद चिकित्सा अधीक्षक नियुक्त कर दिया गया। जिसके बाद डॉ जुबेर की जिम्मेदारीया बढ़ गई ओपीडी के साथ-साथ इमरजेंसी भी करनी पड़ रही है।




# चेयरमैन खालिद अली ने 85 मीटर रोड का फीता काट कर उद्घाटन किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** रामपुर की नगर पंचायत नरपतनगर दूँदावाला में चेयरमैन खालिद अली ने मेन रोड से मोहम्मद हसन के घर तक 85 मीटर आरसीसी रोड का फीता काट कर उद्घाटन किया ।यह रोड बहुत खराब था वार्डवासियों को काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ता था चेयरमैन खालिद अली ने संज्ञान लेते हुए वार्डवासियों की समस्या का समाधान करा दिया ।इस मौके पर चेयरमैन खालिद अली के साथ मसरूर अहमद ,एडवोकेट मोहम्मद आसिफ ,रहमत अली ,गुलाम गौस,खलील अहमद ,शमशाद हुसैन ,फ़ज़्ले अहमद ,महराज आदि लोग मौजूद रहे ।

# मसवासी क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भैया दूज पर्व

**उत्तम भारत संवाददाता**

मसवासी। भाई बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक भैया दूज पर्व मसवासी नगर क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक कर उनकी लंबी दीर्घायु की कामना की उधर भाइयों ने बहनों को उपहार भेंट किया। गुरुवार को भैया दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सुबह से ही बहनें भाइयों को तिलक करने के लिए घर से निकल पड़ी बसों और अन्य सवारियों में भारी भीड़ देखने को मिली नगर के बस स्टैंड पर त्योहार को लेकर काफी चहल-पहल रही। बहनों ने भाइयों के घर पहुंच कर माथे पर तिलक किया और उनका मुंह मीठा करा कर लंबी दीर्घायु की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को नगद राशि समेत अन्य उपहार भेंट किया। मसवासी नगर के साथ रहमतगंज बिजारखाता सीतारामपुर हसनपुर ज्वालापुर पट्टी कला कुंदनपुर खुशहालपुर मंसूरपुर लाडपुर समेत आसपास के गांव में भैया दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।



# पिकअप में सवार हमलावरों ने एक युवक पर किया हमला

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर ।** रामपुर के थाना शाहाबाद के ग्राम धुरियाई निवासी प्रमोद कुमार दीपावली का सामान लेकर अपने घर वापस लौट रहा था रास्ते में धात लगाए ग्राम चकरपुर कदीम के कुछ लोग पिकअप में सवार होकर प्रमोद का पीछा करने लगे गांव से कुछ ही दूरी पर पिकअप में सवार सभी लोगों ने पीड़ित प्रमोद को रास्ते में रोक कर धारदार हत्यारों से हमला करने लगे हमलावरों ने पीड़ित को इतना हमारा कि वह जमीन पर जा गिरा और बेहोश हो गया वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने प्रमोद की पहचान कर ली और परिजनों को सूचना दे दी मौके पर पहुंचे परिजनों ने पीड़ित प्रमोद को रामपुर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया है देखिए क्या कहा पीड़ित प्रमोद ने



# रामपुर में रजिस्टर पेशी आयोजित की गयी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर में रजिस्टर पेशी आयोजित की गयी । इस अवसर पर उपस्थित अधिकारी/ कर्मचारियों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया तथा उनके निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# संक्षिप्त समाचार

## हर्षोल्लास और पारंपरिक तरीके से मनाया गया भाईदूज पर्व

**बिलासपुर।** भाईदूज का पर्व क्षेत्रभर में बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार देकर इस पवित्र रिश्ते को और मजबूत किया।बृहस्पतिवार को भाई-बहन के अटूट प्रेम और समर्पण के प्रतीक पर्व भाईदूज के पर्व को लेकर सुबह से ही उत्साह देखने को मिला।इस दौरान नगर में स्थापित मिठाई की दुकानों और पूजा समाग्री की दुकानों पर प्यारी बहनों की भीड़ जमा देखी गई।वही बहनों ने अपने प्यारे भाईयों के माथे तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु और सुख समृद्धि की कामना की।बाजारों में सुरक्षा के लिहाज से पुलिस फोर्स तैनात रहा।उधर भाई-बहनों ने त्योहार को उत्साह के साथ मनाते हुए फोटो सोशल मीडिया पर शेयर कर बधाई दी।

## भाजपा कार्यकर्ता और दुकानदारों के बीच हुआ समझौता

**रामपुर,** थाना सिविल लाइन क्षेत्र में पटाखे की दुकान पर भाजपा कार्यकर्ता और दुकानदारों के बीच नोक झोंक हुई थी जिसको लेकर मामला इतना गर्म गया था कि विपक्ष लगातार भाजपा कार्यकर्ताओं पर निशाना साथ रहे थे कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांधी समाधि पर लगी दुकानों के दुकानदारों से पैसे की मांग की और गुस्साए दुकानदारों ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की इस घटना की जानकारी सुनते ही रामपुर पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्रा भी मौके पर पहुंच गए और मौके का निरीक्षण किया गांधी गांधी समाधि पर लगी पटाखे की दुकान पर पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता गोपाल कश्यप की बेटी को धक्का देने को लेकर यह पूरा मामला गर्मा गया था वही गोपाल कश्यप की तरफ से कुछ दुकानदारों और पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष के खिलाफ थाना सिविल लाइंस में प्रार्थना पत्र भी दिया गया और कार्रवाई की मांग की गई लेकिन अब भाजपा कार्यकर्ता और दुकानदारों के बीच हुई नोक झोंक का समझौता हो चुका है सिविल लाइंस नगर मंडल अध्यक्ष अनु सक्सेना ने बताया कि गांधी समाधि स्थित पटाखे की दुकान पर भाजपा के कार्यकर्ता अपनी बेटी के साथ पटाखे खरीदने गए थे इसी को लेकर एक दुकानदार अफाक ने भाजपा कार्यकर्ता की बेटी को धक्का दे दिया जिससे गुस्साए भाजपा कार्यकर्ता गोपाल कश्यप और दुकानदार अफाक में कहां सुनी हो गई इसी का फायदा उठाते हुए वह मौजूद विपक्ष के लोगों ने उसे मुद्दा बना दिया और दुकानदारों के बीच भ्रम फैलाकर भाजपा कार्यकर्ता और दुकानदारों के बीच झगड़े का माहौल बना दिया लेकिन अब दोनों ही पक्ष एक होकर थाना सिविल लाइंस पहुंचे और थाना सिविल लाइंस में दोनों ही पक्षों ने समझौता नमा दिया है और कोई भी कार्यवाही न करने की मांग की है।

## घटना की कवरेज करने पहुंचे पत्रकार से भीड़ ने की अभद्रता

**रामपुर ,** थाना कोतवाली क्षेत्र के घाटमपुर स्थित कोसी घाट पर कुछ लोग जादू टोना कर रहे थे वहां मौजूद घाटमपुर के कुछ लोगों ने जादू टोना कर रहे कुछ लोगों को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दे दी मौके पर पहुंची पुलिस ने जादू टोना कर रहे सभी लोगों से पूछताछ की इसी दौरान सूचना मिलते ही एक पत्रकार मौके वारदात पर पहुंच गए और घटनास्थल की वीडियो बनाने लगे पत्रकार को वीडियो बनाते देखा घाटमपुर के लोग भड़क गए और पत्रकार से अभद्र व्यवहार करने लगे जब पत्रकार ने अपना पत्रकार होने का परिचय दिया तो उक्त व्यक्ति और भी आग बबूला हो गए और मोबाइल छीनने का प्रयास करने लगे वह मौजूद पुलिस ने पत्रकार को भीड़ से बचने का प्रयास किया और भीड़ से बचाकर पुलिस पत्रकार को अपने साथ ले आई यदि पुलिस पत्रकार को भीड़ से बचकर अपने साथ लेकर नहीं आती तो उक्त व्यक्ति लोग पत्रकार के साथ में भी कोई घटना को घटित कर सकते थे घाटमपुर पर जादू टोना कर रहे सभी लोगों को पुलिस थाने ले आई और कार्रवाई करते हुए सभी का चालान कर दिया।

## लाठी डंडो से मारने पीटने में एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**पटवाई।** ग्राम सोनकपुर के रहने वाले नूर हसन ने एसपी को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया है कि प्रार्थी 14 अक्टूबर को रात्रि दो बजे जब वो रामपुर से शाहबाद किसी काम से जा रहा था तभी ग्राम चंडका के पास जैसे पहुंचा तो वहां पर जाम लगा हुआ था तभी मथुरापुर के रहने वाले तेज सिंह, सतवीर, रणवीर, जयवीर, व अजय, ने मिलकर युवक को गाड़ी में से खींच लिया और गंदी-गंदी गालियां देते हुए प्रार्थी के साथ लाठी डंडे व धारदार हथियार से सर में बार कर बुरी तरह घायल कर दिया जैसे ही शोरशराबा की आवाज सुनकर गांव के लोग दौड़कर आ गए तों मुल्जिमान युवक को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए प्रार्थी घटना के तुरंत बाद तहरीर देने थाना पटवाई गया गया युवक की हालत गंभीर देखते हुए पुलिस ने युवक को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल रामपुर भेज दिया पटवाई पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दीं है।

## घर में अकेली रह रही मुकबधिर युवती हुई लापता रिपोर्ट दर्ज

**पटवाई।** गुरुवार को पटवाई थाना क्षेत्र के मिलकतब्बरअली के रहने वाली बब्बू हुसैन ने थाना पटवाई पुलिस को तहरीर देते हुए बताया हैं की प्रार्थी बुधवार को अपने बीवी बच्चों के साथ अपनी लड़की के रिश्ते की बात करने के लिए बिलासपुर गया हुआ था प्रार्थी की भाभी ने बताया कि जब वह घर में पानी लेने गई तब देखा कि उनकी मुकबधिर बेटी शहरीन अकेली रहें रही थी जो घर से गायब थी और घर में सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था जिसमें दो पाजेब और चार हजार रूपये भी नहीं थे जो मोबाइल फोन घर पर था वह चारपाई पर पड़ा मिला बेटी की गायब होने की सूचना बब्बू हुसैन को मिली जैसे तैसे कर बब्बू हुसैन घर पहुंचा और देखा कि उसकी बेटी गायब है इसकी सूचना थाना पुलिस को दी पुलिस मौके पहुंची और जांच पड़ताल की पीड़ित युवक ने पटवाई पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अपनी बेटी की जल्द से जल्द बरामद करने की गुहार लगाई हैं पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दीं हैं।

## फरियादियों की समस्याओं/शिकायतों को सुना गया

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा पुलिस कार्यालय पर जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं/शिकायतों को सुना गया, जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।



## समिति से नदारद रहने पर किसानों ने प्रबंध निदेशक के खिलाफ किया हंगामा नारेबाजी

**मसवासी।** बिजारखाता स्थित मानपुर किसान सेवा सहकारी समिति पर उर्वरक कर लेने के लिए खड़े किसान हताश हो गए प्रबंध निदेशक के विलंब से पहुंचने पर किसानों ने उनके खिलाफ हंगामा कर प्रदर्शन किया। शुक्रवार की सुबह लगभग 10 बजे तमाम किसान एनपीके उर्वरक लेने के लिए जमा हो गए लेकिन समिति पर प्रबंध निदेशक नदारद थे। एक घंटा इंतजार करने के पश्चात भी प्रबंध निदेशक समिति नहीं पहुंचे तो कुछ किसानों ने उनसे फोन पर संपर्क किया तो बताया गया कि वह जुम्मे की नमाज के बाद समिति पर पहुंचेंगे जिसको लेकर किसानों का पारा चढ़ गया। और उन्होंने समिति पर हंगामा करना शुरू कर दिया हंगामा करने के पश्चात किसानों ने प्रबंध निदेशक के खिलाफ एकजुट होकर नारेबाजी शुरू कर दी।



# महिलाओं/बालिकाओं को पम्पलेट वितरित व महत्वपूर्ण स्थानों पर चस्पा कर जागरुक किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में आज दिनांक 24.10.2025 को महिला सुरक्षा दल थाना भोट द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जिठियां सिकरी में महिलाओं/बालिकाओं को पम्पलेट वितरित व महत्वपूर्ण स्थानों पर चस्पा कर जागरुक किया गया ।

महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930- साइबर क्राइम, 1090-वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा) एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट वितरित किया गया। महिला सुरक्षा दल थाना भोट द्वारा के साथ महिलाओं/बालिकाओं में सुरक्षा, आत्मरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक कर निम्न सुझाव दिये गये:-

1.प्रलोभन में आकर किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें,

2.अपना खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नम्बर आदि गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें।

3.साइबर फ्राड/धोखाधड़ी होने पर तत्काल cyber portal पर शिकायत करें या 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करायें अथवा साईबर सेल से सम्पर्क करें।

# निरंतर परिश्रम से नए भारत की पहचान बना रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी : हरीश गंगवार

*** भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में बोले जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार**

*** कहा कि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा भारत, बोले नेताओं के लिए उदाहरण है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि आज देश सशक्त, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत के निर्माण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक और निरंतर प्रयासों को जाता है। निश्चित रूप से 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन को राजनेताओं के लिए उदाहरण बताया।

राम विहार स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार देश को ऐसा प्रधानमंत्री मिला है जो बिना अवकाश लिए, लगातार राष्ट्रहित में कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर एक नई पहचान बना रहा है। पीएम मोदी ने सेवा ही संगठन के मंत्र को जीवन में उतारा है। वे न केवल जनसेवा को अपना धर्म मानते हैं बल्कि हर नागरिक के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए निरंतर काम कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश के हर वर्ग को सशक्त बनाने के लिए योजनाएं चलाई गई हैं। किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, महिलाओं के लिए उज्ज्वला योजना, युवाओं के लिए स्टार्टअप इंडिया और स्किल इंडिया, तथा गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी पहलें देश की दिशा और दशा दोनों को बदल रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने के लिए भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर तक समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत न केवल आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा है, बल्कि आत्मविश्वास के साथ वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कर्म, निष्ठा और दृष्टि से यह साबित किया है कि यदि नेतृत्व ईमानदार और दूरदर्शी हो, तो राष्ट्र को प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। इस अवसर पर जिला महामंत्री अशोक विश्नोई, रविंद्र सिंह रवि, मोहन कुमार लोधी,पंकज लोधी, संजय चौधरी, अर्जुन रस्तोगी, प्रमोद आहूजा,पारूल अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता धर्मवीर यादव, आदि उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति (फेज-5.0) के अंतर्गत ग्राम मंसूरपुर में जागरूकता चौपाल का आयोजन




**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मिशन शक्ति के विशेष अभियान (फेज-5.0) महिला कल्याण विभाग द्वारा निर्गत मिशन शक्ति की कार्ययोजना के अनुसार 03 नवम्बर 2025 तक जागरूकता चौपाल आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी श्री जोगिन्दर सिंह के नेतृत्व में जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रीमती ईरा आर्या द्वारा ग्राम पंचायत मंसूरपुर में जागरूकता चौपाल'' का आयोजन किया गया, जिसमें घरेलु हिंसा, दहेज उन्मूलन विषय पर चर्चा करते मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित पेंशन योजना एवं चाइल्ड हेल्पलाइन तथा वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

इसके अतिरिक्त 18 वर्ष से कम उम्र के बालक व बालिकाओं के साथ हो रही यौन हिंसा से बचने व उनकी शिकायत करने एवं अपनी बात खुलकर रखने के बारे में जानकारी दी गई तथा उनके अधिकारों के बारे में बताया गया।

चौपाल के दौरान सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090, 112, 1076 की जानकारी के साथ-साथ बाल श्रम को रोकने के लिए सभी को जागरूक किया गया। इस अवसर पर चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम उपस्थित रही।

# विधायक आकाश सक्सेना को बिहार चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी 27 अक्टूबर को होंगे रवाना



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** शहर विधायक आकाश सक्सेना को भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है। वे आगामी 27 अक्टूबर को रामपुर से रवाना होंगे और करीब एक सप्ताह तक सीवान एवं आसपास के जिलों में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे भाजपा ने उत्तर प्रदेश के कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों को बिहार में संगठन की मदद के लिए भेजा है। इसी क्रम में रामपुर शहर विधायक आकाश सक्सेना को भी बिहार में प्रचार अभियान से जोड़ा गया है। उन्हें विशेष रूप से उन क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई है, जहाँ पार्टी को संगठनात्मक रूप से सशक्त बनाना है। विधायक आकाश सक्सेना ने बताया कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकास मॉडल को जनता के बीच ले जाकर भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में माहौल बनाया जाएगा। उन्होंने कहा भाजपा की नीतियाँ जनता के दिलों में विश्वास जगाती हैं। केंद्र और राज्य सरकारों की योजनाओं से देश का हर वर्ग लाभान्वित हुआ है। हमें यकीन है कि बिहार की जनता फिर एक बार विकास और सुशासन को चुनेगी। उन्होंने बताया कि वह कई जनसभाओं, कार्यकर्ता बैठकों आदि में भाग लेंगे। वे स्थानीय भाजपा पदाधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर प्रचार की रणनीति तय करेंगे

# साइबर धोखाधड़ी रैकेट का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ पुलिस की साइबर इकाई ने एक बड़े साइबर धोखाधड़ी मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इस मामले में एक म्यूल खाते के जरिए 72 लाख रुपये से अधिक के अवैध लेन-देन की आशंका है। गिरफ्तार आरोपियों से एक बीएमडब्ल्यू बाइक और कई महंगे इलेक्ट्रॉनिक सामान भी बरामद किए गए हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक यह कार्रवाई कोण्डागांव साइबर सेल को मिली एक शिकायत के बाद शुरू हुई थी, जिसमें भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) के पोर्टल के माध्यम से म्यूल खाते की जानकारी मिली थी।

पुलिस अधीक्षक अक्षय कुमार के निर्देशन में गठित एक विशेष टीम ने जांच में पाया कि सेंट्रल बैंक के एक खाते में देश भर के 41 स्थानों से 72,09,424 रुपये का अवैध लेन-देन हुआ था। इसी खाते से जुड़े दो अन्य आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं।कल देर रात गिरफ्तार किए गए परमेश मरकाम (21) और दसरू कांगे (18) पर आरोप है कि उन्होंने म्यूल खाते का इस्तेमाल कर अवैध लेन-देन से पैसा कमाया। इस पैसे से उन्होंने एक बीएमडब्ल्यू बाइक, दो आईफोन सहित पांच मोबाइल फोन, एक लैपटॉप और कई बैंक दस्तावेज खरीदे थे। पुलिस ने इन सभी वस्तुओं को कुल अनुमानित मूल्य सात लाख रुपये से अधिक का बताते हुए जब्त कर लिया है।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि, ÷यह मामला डिजिटल भुगतान प्रणालियों के दुरुपयोग को उजागर करता है और हमारी जांच जारी है ताकि श्रृंखला के अन्य सदस्यों को पकड़ा जा सके।÷

# पश्चिम बंगाल: सिलीगुड़ी के निजी नर्सिंग होम में आग लगने से एक मरीज की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के सिलीगुड़ी स्थित एक निजी नर्सिंग होम में गुरुवार देर रात आग लगने से एक मरीज की मौत हो गई। हालांकि, अस्पताल के कर्मचारियों और पुलिस द्वारा बचाव अभियान में शामिल होने के बाद निजी नर्सिंग होम में भर्ती अन्य मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि अस्पताल के गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती मृतक मरीज की मौत आग के धुएं के कारण दम घुटने से हुई या अन्य कारणों से। आग की खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे सिलीगुड़ी मेट्रोपॉलिटन पुलिस के उपायुक्त राकेश सिंह ने बाद में मीडियाकर्मियों को बताया कि जनरल वार्ड के 12 मरीजों और आईसीयू के पांच मरीजों पर आग का कोई प्रभाव नहीं पड़ा है और वे सभी सुरक्षित हैं। राकेश सिंह ने कहा कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और कानूनी प्रावधानों के अनुसार उचित कदम उठाएगी। हालांकि, मरीजों के रिश्तेदारों ने आपातकालीन मामलों से निपटने के लिए पर्याप्त प्रावधानों की कमी के संबंध में नर्सिंग होम अधिकारियों की लापरवाही की शिकायत की है। उन्होंने शिकायत की कि आग लगने के समय चिकित्सा कर्मचारियों की कमी थी और आधी रात के बाद जब आग लगी तो नर्सिंग होम के अग्निशमन उपकरणों का उपयोग करने के लिए पर्याप्त सहायक कर्मचारी भी नहीं थे। घटनास्थल पर मौजूद अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने भी कुछ हद तक रिश्तेदारों के आरोपों की पुष्टि की, जिन्होंने कहा कि यदि नर्सिंग होम के अग्निशमन उपकरणों का वहां मौजूद कर्मचारियों द्वारा प्रभावी ढंग से उपयोग किया गया होता तो आग पर तुरंत काबू पाया जा सकता था। हालांकि, नर्सिंग होम के अधिकारियों ने इन आरोपों से इनकार किया है। नर्सिंग होम के प्रवक्ता ने कहा कि जब आग लगी, तब अस्पताल में पर्याप्त कर्मचारी मौजूद थे। हालाँकि शुरुआत में अफरा-तफरी मची थी, लेकिन संकट को प्रभावी ढंग से संभाल लिया गया। मरीज सुरक्षित हैं। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट था।

## रेवंत रेड्डी ने कुरनूल बस हादसे पर शोक व्यक्त किया

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में हुयी बस दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया।

श्री रेवंत रेड्डी ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की और राज्य के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आंध्र प्रदेश के अपने समकक्षों के साथ समन्वय स्थापित करें ताकि सभी आवश्यक राहत उपाय शीघ्रता से किए जा सकें।

## चंदौसी-बिलारी मार्ग पर दर्दनाक हादसा: अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत



**सैफनी।** क्षेत्र के ग्राम करनपुर मढैया के निवासी थे। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह अजय पुत्र रामपाल अपने दोस्त अजय पुत्र मित्रपाल के साथ बाइक से चंदौसी के पास स्थित अपने मामा के गांव काजल कूकड़ गया हुआ था। कुछ घंटों बाद दोनों युवक बाइक से अपने गांव करनपुर मढैया वापस लौट रहे थे। जब वे चंदौसी-बिलारी मार्ग पर भुलावई गांव के समीप पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और चालक वाहन लेकर फरार हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिर गए, जिससे अजय पुत्र रामपाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त अजय पुत्र मित्रपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद परिजनों को सूचित किया। सूचना मिलते ही परिजन रोते-बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों ने पुलिस से मृतक अजय पुत्र रामपाल का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने शव उन्हें सौंप दिया। परिजन देर रात मृतक अजय के शव को घर ले आए। शव को देखकर गांव वालों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई, और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। वहीं, गंभीर रूप से घायल अजय पुत्र मित्रपाल को तत्काल उपचार के लिए मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतक अजय पुत्र रामपाल के शव का दाह संस्कार परिजनों ने शुक्रवार को कर दिया। इस दर्दनाक हादसे के बाद से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश कर रही है।

## नगर पालिका एक नज़र इधर भी अजंता स्वीट बेकर्स पर लगाए गए थे लाल निशान मिटा दिए गए



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** रामपुर में अतिक्रमण को लेकर नगर पालिका प्रशासन ने तमाम दुकानों को ध्वस कर दिया जो दुकान है अतिक्रमण की जड़ में आ रही थी उन पर भी नगर पालिका ने बुलडोजर चलवा दिया और ग्राम समाज की जमीन पर बनी अवैध दुकान और मकान को रामपुर प्रशासन ने जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया लेकिन नगर पालिका का बुलडोजर अजंता स्वीट बेकर्स पर नहीं चल सका यह भी अतिक्रमण की जद में आ रहा था और नगर पालिका ने इस पर लाल निशान का क्रॉस भी लगा दिया था उसके बाद भी नगर पालिका का बुलडोजर अजंता स्वीट बेकर्स के सामने फेल हो गया रात के समय पार्किंग की जगह सड़कों पर की जाती है ना तो उनके पास बाद वहां करने के लिए पार्किंग है ना ही पार्किंग की कोई जगह सड़क के किनारे बने इस अजंता स्वीट बेकर्स को नगर पालिका नहीं तोड़ सकी नहीं इसके आगे बनी दुकानों को जबकि दुकानों पर भी लाल निशान लग चुका था

## 01 वारण्टी गिरफ्तार




**सैफनी।** थाना सैफनी, रामपुर पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय के आदेश के अनुपालन में एक वारण्टी राम रहीश पुत्र रामकुमार नि0ग्राम सराय महेश थाना सैफनी जनपद रामपुर सम्बन्धित केस न0- 617/16, मु0अ0सं0 57/16, धारा 4/25 आर्मस को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

## 01 वारण्टी गिरफ्तार



**खजुरिया।** थाना खजुरिया, रामपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी पवन पुत्र सत्यपाल निवासी ग्राम हुरमतनगर थाना खजुरिया जनपद रामपुर सम्बन्धित वाद संख्या - 10/14 धारा 323,325,504,506 भादवि0 को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

## बिहार में मल्लाह का बेटा बन रहा उपमुख्यमंत्री, भाजपा को हो रही तकलीफ: मुकेश सहनी

**पटना।** बिहार चुनाव में महागठबंधन की ओर से वीआईपी संस्थापक मुकेश सहनी को उपमुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया गया है। डिप्टी सीएम फेस घोषित होने के बाद मुकेश सहनी ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने सवाल किया कि क्या मल्लाह (मछुआरे) के बेटे के उपमुख्यमंत्री बनने से उन्हें इतनी तकलीफ क्यों होती है?

वीआईपी संस्थापक मुकेश सहनी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भाजपा को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। यह वही भाजपा है जिसने कभी हमारे अल्पसंख्यक भाइयों को भारत छोड़कर कहीं और चले जाने को कहा था। अब वे लोग डरने लगे हैं। बिहार की जनता बहुत जल्दी उनको जवाब देने वाली है।

उन्होंने कहा कि हम लोग अल्पसंख्यकों के लिए सोच लेंगे, भाजपा उसके लिए न सोचे। उनके पास शाहनवाज हुसैन जैसे नेता हैं; वह उनके बारे में सोचे। भाजपा नफरत की राजनीति करना बंद कर दे और देश के हित में कार्य करे।

वीआईपी संस्थापक ने कहा कि हम लोगों को पता है भाजपा इसलिए परेशान हो रही है कि एक दलित और पिछड़ा जाति का लड़का कैसे बिहार का उपमुख्यमंत्री बनने जा रहा है। हमको याद है आप लोगों ने हमारे विधायक को कैसे खरीद कर हमको सरकार से बाहर कर दिया था। उन्होंने आगे कहा कि बहुत सी सीटों पर हमारे प्रत्याशी अपना नाम वापस ले रहे हैं। हम लोगों में बात चल रही है; सब ठीक है। जल्द ही इसका परिणाम आप लोगों को देखने को मिलेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे पर मुकेश सहनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के बिहार दौरे के दौरान यही प्लान रहता है कि कैसे बिहार की जनता को बेवकूफ बनाया जाए और कैसे इनका वोट ले लिया जाए। यही योजना इस बार भी है।

उन्होंने आगे कहा कि दो दिन पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी बिहार दौरे पर थे। सहनी ने कहा कि अमित शाह ने एक इंटरव्यू में कहा था कि बिहार में फैक्ट्री लग नहीं सकती, यहां पर जमीन ही नहीं है। देश के टॉप 10 में कृषि उत्पादन में बिहार है। यह बात अमित शाह को नहीं पता है। हमारे पास जमीन बहुत है, इसके बाद भी वह बोल रहे हैं कि यहां फैक्ट्री नहीं लग सकती है। उनकी नियत में बिहार का विकास नहीं है।

## पंजाब में फ्री बस सेवा पर संकट, डीजल की कमी से परिचालन ठप, यात्री परेशान

**पठानकोट।** पंजाब सरकार की ओर से महिलाओं के लिए शुरू की गई मुफ्त बस यात्रा योजना अब संकट में घिरती नजर आ रही है। इस योजना के तहत पंजाब रोडवेज पर 1200 करोड़ रुपए से अधिक का बकाया हो चुका है। साथ ही, बसों को चलाने के लिए डीजल तक उपलब्ध नहीं है।

पठानकोट रोडवेज डिपो में डीजल खत्म होने के कारण शुक्रवार को चक्का जाम हो गया, जिससे चंडीगढ़, अमृतसर, जालंधर और गुरदासपुर जैसे विभिन्न रूटों पर बस सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुईं। इससे यात्रियों, खासकर महिलाओं और छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

पठानकोट बस अड्डे पर यात्रियों की भीड़ जमा हो गई। रोडवेड बसों के न चलने से कई लोगों को निजी बसों का सहारा लेना पड़ा। छात्राओं और महिलाओं को किराया देकर यात्रा करनी पड़ी, जिससे सरकार की मुफ्त यात्रा योजना पर सवाल उठने लगे। पंजाब रोडवेज पनबस कांट्रेक्ट वर्कर यूनियन के प्रधान जोगिंद्र पाल सिंह लवली ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने से पहले सरकार ने बड़े-बड़े वादे किए थे।

# संक्षिप्त समाचार

## 03 नफर अभियुक्तगण गिरफ्तार



**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद रामपुर के कुशल निर्देशन में व श्रीमान क्षेत्राधिकारी स्वार महोदय के पर्यवेक्षण में थाना स्वार पुलिस द्वारा अभियान मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत अपनी पत्नी पूनम से लडाई झगडे पर आमदा 03 नफर अभियुक्तगण 1. राशिद पुत्र युसुफ नि0 ग्राम बूढी दढियाल थाना स्वार जनपद रामपुर उम्र 34 वर्ष 2. अनिल कुमार पुत्र हीरा सिंह नि0 ग्राम समोदिया थाना स्वार जनपद रामपुर उम्र 27 वर्ष 3. आसिफ पुत्र शफीक उर्फ बजाज नि0 मौ0 चक स्वार थाना स्वार जनपद रामपुर उम्र 32 वर्ष अन्तर्गत धारा 170/126/135 में गिरफ्तार किया गया। बाद विधिक कार्यवाही अभि0 को समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## संतोषी माता के मंदिर द्वार पर स्लैब डालने के लिए पंचायत अध्यक्ष को सौंपा पत्र

**मसवासी।** नगर के वार्ड नंबर 9 की सभासद आरती कश्यप ने नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल को पत्र सौंप कर शिकायत की है की काशीपुर मार्ग पर प्राचीन संतोषी माता का मंदिर है इस मंदिर पर चढ़ने के लिए सीढ़ियों की व्यवस्था नहीं है 5 फुट गहरा नाला सामने दे रहा है जिससे महिलाओं को मंदिर आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। नवरात्र के मौके पर मसवासी समेत आसपास के गांव की महिलाएं भी इस आस्था के केंद्र पर पहुंचती है लेकिन काफी समय से सीढ़ियों की व्यवस्था नहीं की गई है जिससे महिलाओं को मंदिर तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नाले के बराबर से ही काशीपुर मार्ग है जिस पर वाहनों का काफी आवागमन रहता है ऐसी स्थिति में दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। सभासद ने कहा कि कान्हा गौशाला पर कुछ व्यर्थ स्लिप पड़े हैं उन्हें उठाकर संतोषी माता के मंदिर पर स्थापित किया जाना जरूरी है उन्होंने पंचायत अध्यक्ष से समस्या के समाधान की मांग की है।

## भ्रमण कर लोगों की समस्याएं सुनेंगे

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी जी 25 अक्टूबर 2025 26 अक्टूबर 2025 दो दिवसीय दौरे पर अपने लोकसभा क्षेत्र रामपुर में रहेंगे तथा क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों की समस्याएं सुनेंगे तथा उनका निस्तारण करेंगे तथा 25 अक्टूबर 2025 को सुबह 11:00 बजे सांसद मोहिबुल्लाह नदवी जी अपने कैंप कार्यालय पहुंच जाएंगे यह जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा एडवोकेट ने दी।

## 02 वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार



**केमरी।** वादी के लिखित प्रार्थना पत्र बाबत अभियुक्तगण 1.चरनजीत सिंह पुत्र बलकार सिह 2.सतनाम सिह पुत्र चरनजीत सिह 3.अंग्रेज सिंह पुत्र चरनजीत सिह निवासीगण ग्राम हरैय्याकला थाना कैमरी जिला रामपुर 4.बदरे आलम पुत्र फकीर मोहम्मद निवासी ग्राम मुण्डियाकला थाना कैमरी जिला रामपुर के द्वारा वादी की माँ के साथ पूर्व में मारपीट व गाली गलौच करना इस बात की रंजिश को लेकर दिनाक 21.10.25 को षडयन्त्र करके ग्राम मुण्डियाकला में समझौते को बुलाकर वादी व वादी के बहनोई दलजीत के साथ मारपीट व गाली गलौच करते हुए जान से मारने की नियत से अभियुक्त चरनजीत द्वारा तमंचे से फायर करने के सम्बन्ध में थाना केमरी पर मु0अ0सं0 - 156/25 धारा 61(2)/115(2)/352/109(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया ।

## नामित अभियुक्त गिरफ्तार



**शाहबाद।** वादिनी की लिखित तहरीर बावत सुरेश पुत्र हीरालाल निवासी ग्राम सिकन्दरपुर पट्टी थाना कटघर जिला मुरादाबाद द्वारा वादिनी के साथ शादी का झूठा वादा करके वादिनी के साथ यौन-सम्बन्ध बनाने तथा शादी से इन्कार करने के संबंध में थाना शाहबाद पर मु0अ0स0 314/2025 धारा 69 बीएनएस पंजीकृत किया गया था । अभियोग उपरोक्त की विवेचना के क्रम में आज दिनांक 24.10.2025 को थाना शाहबाद, रामपुर पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त मे नामित अभियुक्त सुरेश पुत्र हीरालाल निवासी ग्राम सिकन्दरपुर पट्टी थाना कटघर जिला मुरादाबाद को मुखबिर खास की सूचना पर शाहबाद-बिलारी मार्ग ग्राम मंगोली में शहीद भगत सिंह स्कूल के सामने से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

## नामित अभियुक्त गिरफ्तार



**शाहबाद।** वादी की लिखित तहरीर बावत अभियुक्त अजब सिंह पुत्र मलखान सिंह निवासी ग्राम मिलक गुलाम अली थाना शाहबाद जिला रामपुर के द्वारा वादी के भाई राजेश को गाली देते जानलेवा हमला करने के संबंध में थाना शाहबाद पर मु0अ0स0 300/2025 धारा 110/115(2)352 बीएनएस पंजीकृत किया गया था । अभियोग उपरोक्त की विवेचना के क्रम में आज दिनांक 24.10.2025 को थाना शाहबाद, रामपुर पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त मे नामित अभियुक्त अजब सिंह पुत्र मलखान सिंह निवासी ग्राम मिलक गुलाम अली थाना शाहबाद जनपद रामपुर को मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम बमनपुरी वाली नई सडक के मोड़ से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

## अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**मिलक खानम।** वादी की लिखित बावत अज्ञात चोरों द्वारा वादी की मो0सा0 स्पेलंडर रंग काला को चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध मे प्राप्त तहरीर पर थाना मिलक खानम पर मु0अ0सं0 112/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 सुरेश कुमार के सुपुर्द की गयी । उक्त घटना पर सूचना प्राप्त होते ही थाना मिलक खानम, रामपुर पुलिस द्वारा कई टीमें बनाकर भिन्न भिन्न स्थानो पर चैकिंग की गयी जिसमें बगी तिराहा पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग कर रही टीम को सफलता प्राप्त हुई चैकिंग के दौरान मित्रपाल पुत्र भूकन सिंह निवासी ग्राम चिट्टी रामनगर थाना पटवाई जनपद रामपुर को उक्त चोरी की मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

## 01 वारण्टी गिरफ्तार



**बिलासपुर।** थाना बिलासपुर, रामपुर पुलिस द्वारा एक वारण्टी असीम ओझा पुत्र लक्ष्मण ओझा निवासी कस्बा कलौनी मानपुर ओझा थाना बिलासपुर रामपुर सम्बन्धित केस नं0-3290/19 मु0अ0स0-288/19 धारा 60 आबकारी अधिनियम को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्वयवाही की गयी ।

## अवैध तमन्चे के साथ आरोपी गिरफ्तार




**टाण्डा।** थाना टांडा, रामपुर पुलिस द्वारा चैकिंग/गश्त के दौरान ग्राम सूरजपुर से ग्राम छितरिया जागीर के बीच भुक्कनपुरी की पुलिया पर चैकिंग करते समय कुरबान पुत्र आलेहसन निवासी ग्राम छितरिया जागीर थाना टाण्डा जनपद रामपुर को गिरफ्तार किया गया।

P-10:28 paga09_jhn.qxd 10/24/2025 8:43 PM Page 1



## संक्षिप्त समाचार

### फ्रांस के लूव्र म्यूजियम में चोरी हुए 895 करोड़ रूपए के शाही गहनों का पता लगाने में जुटे 100 स्पेशल एजेंट

**पेरिस, एजेंसी।** दुनियाभर में मशहूर पेरिस के लूव्र म्यूजियम में रविवार को चोरी हुई ताज के आठ गहनों के बारे में अब तक कोई जानकारी नहीं मिली है। पेरिस के अभियोजक लॉर बेक्कुओ ने बुधवार को बताया कि चोरी हुई ज्वेलरी की कीमत करीब 895 करोड़ रुपए है। इनमें शाही नीलम का हार, शाही पन्ना का हार और मैचिंग इयररिंग्स, और नेपोलियन 3 की पत्नी महारानी यूजिनी का एक ताज भी शामिल है। बेक्कुओ ने कहा कि यदि चोर इन टुकड़ों को तोड़कर पिघला देते हैं, तो भी इतनी बड़ी रकम में गहने बेचना संभव नहीं होगा। उधर, फ्रांस के गृह मंत्री लॉरेंट न्यूनेज, संस्कृति मंत्री राशिदा दाती और न्याय मंत्री जेराल्ड डार्मनिन ने भी म्यूजियम में बैठक की। बैठक में डार्मनिन ने कहा कि मौके पर पर्याप्त सीसीटीवी भी नहीं थे। वहां अलार्म बजने के बाद भी पुलिस एक्टिव नहीं दिखी। वहीं अभियोजक का मानना है कि इन रत्नों को 'ब्लैक मार्केट' में बेचा जा सकता है। जांच टीम में अब 60 के बजाय 100 स्पेशल एजेंट लगाए गए हैं। टीम खोजबीन कर रही है। लूव्र की सुरक्षा में 1200 गार्ड और 52 से अधिक दमकलकर्मी दो स्तरीय सुरक्षा से घिरे लूव्र में 1,200 गार्ड और सेना के 52 दमकलकर्मी की टीम पहरा देती है। यहां सुरक्षा गार्ड लंबे समय से काम की खराब स्थिति की शिकायत कर रहे हैं। मोनालिसा पेंटिंग को बुलेटप्रूफ बॉक्स में रखा गया है। वहीं, चोरी हुए गहनों में कुछ वे हैं जो 1887 की नीलामी के बाद दोबारा खरीदे गए थे। म्यूजियम के इतिहास में कई बार बड़ी कलाकृतियों की चोरी हो चुकी है। 1792 में फ्रांसीसी क्रांति के दौरान 10 हजार से ज्यादा कीमती पत्थर और मोती यहां से चोरी हुए थे। इनमें 'फ्रेंच ब्लू हीरा' शामिल था। 1976 में किंग चार्ल्स-10वें की हीरे जड़ी तलवार और 1998 में 'द पाथ ऑफ सेव्रेस' पेंटिंग भी चुराई गई, जो नहीं मिली।

### श्रीलंका में विपक्षी नेता की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या, बढ़ती हिंसा से लोगों में दहशत का माहौल

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां बुधवार को एक 38 वर्षीय विपक्षी नेता लसंत विक्रमसेकरा की उनके दफ्तर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, तटीय शहर वेलिगामा के नगरपालिका परिषद अध्यक्ष विक्रमसेकरा अपने समर्थकों से मुलाकात कर रहे थे, तभी एक व्यक्ति दफ्तर में घुसा और रिवॉल्वर से उन पर कई गोलियां दाग दीं। हमले में कोई और घायल नहीं हुआ, जबकि हमलावर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि हत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन जांच शुरू कर दी गई है। बता दें कि विक्रमसेकरा विपक्षी पार्टी समगी जना बलवेगया (एसजेबी) से जुड़े थे, जो वेलिगामा परिषद पर नियंत्रण को लेकर सत्तारूढ़ दल से टकराव में थी। बता दें कि श्रीलंका में इस साल से हिंसक घटनाओं में तेज बढ़ोतरी हुई है, जिनमें से कई नशे के गिरोहों और संगठित अपराध से जुड़ी हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अब तक 100 से ज्यादा गोलीबारी की घटनाओं में 50 लोगों की मौत हो चुकी है। यह घटना राष्ट्रपति अनुरा कुमारा डिसानायके की सरकार बनने के बाद किसी राजनेता की पहली हत्या है। इससे पहले फरवरी में कोलंबो की एक अदालत में वकील के भेष में आए हमलावर ने एक आरोपी को गोली मार दी थी।

### ब्रिटेन में पाकिस्तान मूल के किशोर को आजीवन कारावास

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के शेफील्ड में एक 15 वर्षीय छात्र मोहम्मद उमर खान को अपने ही स्कूल में एक सहपाठी की हत्या करने के आरोप में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। न्यायाधीश नाओमी एलेनबोगेन की कोर्ट से पारित आदेश के मुताबिक 15 साल के किशोर खान को 16 साल जेल की सजा होगी। खान ने 3 फरवरी को ऑल सेंट्स कैथोलिक हाई स्कूल में 15 वर्षीय हार्वी विलगूस को शिकार के चाकू से घोंपकर मार डाला था। पुलिस की जांच में सामने आया कि दोनों के बीच एक सप्ताह पहले झगड़ा हुआ था। घटना के दिन खान ने स्कूल में चाकू लाकर हमला किया। पुलिस ने मौके से उसे गिरफ्तार किया। अदालत ने अपने फैसले में कहा, खान को हथियारों में लंबे समय से रुचि थी और उसने यह सोचकर चाकू रखा था कि इससे वह खुद को सुरक्षित रख पाएगा या उसे स्टेटस मिलेगा। बचाव पक्ष के वकीलों ने अपनी दलीलों में कहा, खान को स्कूल में वर्षों तक बुली किया गया और डर के माहौल ने उसे नियंत्रण खोने पर मजबूर कर दिया। हार्वी की बहन ने अदालत में कहा कि वह बेहद दयालु और हंसमुख था, और उसका खोना उनके परिवार के लिए असहनीय है। सभी दलीलों को सुनने के बाद जज ने कहा कि इस अपराध के कारण कई जिंदगियां तबाह हुई हैं। हार्वी, उसके परिवार, दोस्तों और खुद खान के परिवार का जीवन भी बर्बाद हुआ है। अब उसे कम से कम 16 साल जेल में रहना होगा।

# अमेरिका ने रूस की 2 सबसे बड़ी तेल कंपनियों को किया बैन, यूक्रेन युद्ध खत्म करने का बढ़ाया दबाव



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने बुधवार को रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। यह कदम मॉस्को पर यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए दबाव बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से उनकी वार्ताएं निष्फल रहीं और अब हिंसा रोकने का समय आ गया है।

अमेरिकी ट्रेज़री सचिव स्कॉट बेसेंट ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, अब निर्दोष लोगों की हत्या रोकने और तत्काल युद्धविराम का समय है। राष्ट्रपति पुतिन के इस निरर्थक युद्ध को समाप्त करने से इनकार के चलते ट्रेजरी विभाग रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों पर प्रतिबंध लगा रहा है, जो क्रेमलिन की युद्ध मशीन को वित्तीय मदद देती हैं। यदि आवश्यक हुआ तो अमेरिका आगे और कार्रवाई के लिए तैयार है। हम अपने सहयोगी देशों से भी इन प्रतिबंधों में शामिल होने का आग्रह करते हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह कदम अस्थायी रहेगा। ट्रंप ने कहा, ये बहुत बड़े प्रतिबंध हैं। हम उम्मीद करते हैं कि ये ज्यादा समय तक नहीं चलेंगे। हम चाहते हैं कि युद्ध का समाधान निकले। ट्रंप ने बताया कि वे हर बार पुतिन से अच्छी बातचीत करते हैं, लेकिन बातें आगे नहीं बढ़तीं।

अमेरिकी वित्त विभाग के अनुसार, इन प्रतिबंधों का लक्ष्य रूस की ऊर्जा क्षेत्र पर आर्थिक दबाव बढ़ाना और क्रेमलिन की राजस्व जुटाने की क्षमता को कमजोर करना है, जिससे वह अपनी युद्ध मशीन को चला नहीं सके।

विभाग ने बयान में कहा, रूस द्वारा शांति प्रक्रिया में गंभीरता नहीं दिखाने के परिणामस्वरूप यह कदम उठाया गया है। आज की कार्रवाई रूस की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ाएगी और युद्ध को समाप्त करने के लिए उसे वार्ता की दिशा में लाने में मदद करेगी। स्थायी शांति केवल तभी संभव है जब रूस ईमानदारी से बातचीत के लिए तैयार हो।

**ट्रम्प बोले- ओबामा-बाइडेन की वजह से भारत-चीन करीब आए :** ट्रम्प ने आगे चीन का जिक्र करते हुए कहा कि रूस और चीन के रिश्ते ऐतिहासिक रूप से कभी बहुत अच्छे नहीं रहे, लेकिन बाइडेन और ओबामा की नीतियों की वजह से दोनों देश अब एक-दूसरे के करीब आ गए हैं। उन्हें इतना करीब नहीं आना चाहिए था।

**भारत पर प्रतिबंध का मकसद रूस पर दबाव बनाना :** अमेरिका ने रूस पर दबाव बनाने के लिए भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। ट्रम्प कई बार यह दावा कर चुके हैं कि, भारत के तेल खरीद से मिलने वाले पैसे से रूस, यूक्रेन में जंग को बढ़ावा देता है। ट्रम्प प्रशासन रूस से तेल लेने पर भारत के खिलाफ की गई आर्थिक कार्रवाई को पैनल्टी या टैरिफ बताता रहा है। ट्रम्प भारत पर अब तक कुल 50 टैरिफ लगा चुके हैं। इसमें 25% रेसीप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ और रूस से तेल खरीदने पर 25% पैनल्टी है। रेसीप्रोकल टैरिफ 7 अगस्त से और पेनल्टी 27 अगस्त से लागू हुआ। व्हाइट हाउस प्रेस सचिव केरोलिना लेविट के मुताबिक इसका मकसद रूस पर सेकेंडरी प्रेशर डालना है, ताकि वह युद्ध खत्म करने पर मजबूर हो सके।

### अब काला सागर में कहीं भी ड्रोन हमले में सक्षम यूक्रेन

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन ने काला सागर में कहीं भी हमला कर सकने वाले उन्नत ड्रोन विकसित करने का दावा किया है। यह मानवरहित यान कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद से भारी हथियार ले जा सकता है और लक्ष्य को निशाना बना सकता है। यूक्रेन ने काला सागर में रूसी जहाजों व बुनियादी ढांचों को निशाना बनाने के लिए मानवरहित नौसैनिक ड्रोन का इस्तेमाल किया है। यूक्रेन की सुरक्षा सेवा (एसबीयू) ने सी बेबी नामक मानवरहित यानों से हमले कर रूस को चिंतित कर दिया है। इन यानों की मारक क्षमता 1,000 किमी से बढ़ाकर 1,500 किमी कर दी गई है।

### खैबर पख्तूनख्वा में वाहन पर घात लगाकर हमला, छह की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को घात लगाकर एक वाहन पर किए गए विद्रोहियों के हमले में छह लोगों की मौत हो गई। जिला पुलिस अधिकारी वकार अहमद खान ने बताया कि हमलावरों ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे उत्तरी वजीरिस्तान जिले के मीर अली इलाके में एक वाहन पर घात लगाकर हमला किया। वाहन में सवार सभी छह यात्री जिंदा जल गए। उनके शव पहचानने लायक भी नहीं बचे। वाहन मीर अली से बन्नू जा रहा था। आशंका है कि ईंधन टैंक में गोली लगने से आग लग गई। खैबर पख्तूख्वा में लंबे समय से विद्रोही सक्रिय हैं।

### दस साल बाद हैती में आम चुनाव की तैयारी, संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी- समय कम, हिंसा बड़ी चुनौती

**पोर्ट-ओ-प्रिंस, एजेंसी।** हैती में आम चुनाव होने जा रहे है। हालांकि दूसरी ओर सुरक्षा चिंता भी बढ़ गई है। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने हैती के नेताओं को चेतावनी दी है कि देश में सुरक्षा बहाल करने और आम चुनाव कराने के लिए अब बहुत कम समय बचा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष प्रतिनिधि कार्लोस रुइज मासीउ ने कहा कि परिवर्तन की घड़ी तेजी से चल रही है, लेकिन लोकतांत्रिक शासन बहाल करने की दिशा में अब तक कोई स्पष्ट रास्ता नहीं दिख रहा है। हैती की अंतरिम राष्ट्रपति परिषद को फरवरी 2026 तक आम चुनाव कराकर सत्ता एक निर्वाचित सरकार को सौंपनी है। बता दें कि लगभग दस साल बाद हैती में आम चुनाव होने जा रहे हैं, लेकिन अभी तक मतदान की तारीख तय नहीं हुई है। देश की अस्थायी चुनाव परिषद ने दस में से नौ प्रांतों में मतदान केंद्रों का आकलन किया है। अब तक 1,309 मतदान केंद्र पहचाने गए हैं जहां करीब 62 लाख मतदाता वोट डालेंगे। पहले चरण के चुनाव पर लगभग 13.7 करोड़ डॉलर (करीब 1,140 करोड़ रुपये) खर्च आने का अनुमान है। हैती के न्याय मंत्रालय के अनुसार, अब तक 220 से ज़्यादा राजनीतिक पार्टियों ने पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हिंसा से बिगड़े हालात हालांकि, चुनावी तैयारियों के बीच गैंग हिंसा लगातार बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र की



रिपोर्ट के अनुसार, एक जून से 31 अगस्त के बीच 2,123 लोग हिंसा के शिकार हुए। राजधानी पोर्ट-ओ-प्रिंस का करीब 90% इलाका गैंगों के कब्जे में है। अब तक देशभर में 14 लाख से अधिक लोग बेघर हो चुके हैं और अस्थायी शिविरों की संख्या दिसंबर में 142 से बढ़कर 238 हो गई है। साल 2024 के पहले छह महीनों में ही 3,100 लोगों की मौत और 1,100 के घायल होने की खबरें आई हैं। अंतरराष्ट्रीय समुदाय की अपील अमेरिका के संयुक्त राष्ट्र राजदूत माइक वाल्ट्ज ने कहा कि हैती एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को हैती का साथ देना होगा, लेकिन हैती के राजनीतिक और व्यावसायिक वर्ग को भी लोकतंत्र के समर्थन में आगे आना होगा। ब्रिटेन ने भी इस बात पर जोर दिया कि गैंगों को समर्थन देने वाले राजनीतिक और आर्थिक लोगों पर सख्त प्रतिबंध लगाए जाएं। नई अंतरराष्ट्रीय बल की तैयारी गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र ने हाल ही में एक नई अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा बल की मंजूरी दी है।

## जिनेवा में मिले भारतीय और नेपाली संसदीय प्रतिनिधिमंडल, सहयोग पर की चर्चा

**जिनेवा , एजेंसी।** भारतीय और नेपाली संसदीय प्रतिनिधिमंडलों ने जिनेवा में 151वीं अंतर संसदीय सभा (आईपीयू) के दौरान आर्थिक सहयोग और लोगों के बीच संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में अवसरों पर चर्चा की। बुधवार को सभा से इतर एक बैठक में दोनों प्रतिनिधिमंडलों ने दोनों देशों के बीच गहरी मित्रता का जिक्र करते हुए जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने, आर्थिक सहयोग, सांस्कृतिक संबंध और लोगों के बीच संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा की। इंडिया एट यूएन के खाते से सोशल मीडिया एक्स पर किए गए पोस्ट में यह जानकारी दी गई। पोस्ट में कहा गया है, जिनेवा में चल रही आईपीयू सभा में, भारतीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य मानवीय कार्रवाई, लोकतांत्रिक शासन और वैश्विक संस्थागत सुधारों पर सक्रिय रूप से चर्चा कर रहे हैं। लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र की 80वीं वर्षगांठ की पहल को न केवल वित्तीय दक्षता पर, बल्कि ऐसे सार्थक सुधारों पर भी केंद्रित होना चाहिए जो वैश्विक संस्थानों को अधिक समावेशी और प्रतिनिधित्वपूर्ण बनाएं। भारत का मानना है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सुधार ऐसे प्रयासों के मूल में बने रहने चाहिए। ठाकुर ने कहा, मानवीय सिद्धांत हमारी साझा मानवता की नींव हैं। भारत के सभ्यतागत लोकाचार वसुधैव कुटुम्बकम पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि शांति अभियानों और आपदा राहत सहित वैश्विक संकटों में प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में भारत का रिकॉर्ड मानवता के कल्याण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 151वीं अंतर-संसदीय संघ सभा 19 से 23 अक्तूबर तक जिनेवा में आयोजित की जा रही है। यह सत्र दुनिया भर के सांसदों को संकट के समय में मानवीय मानदंडों को बनाए रखने और मानवीय कार्रवाई का समर्थन करने संबंधित विषय पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ लाता है।

## खारकीव में रूसी ड्रोन हमले से किंडरगार्टन तबाह, जेलेंस्की बोले - उन सभी के चेहरे पर थूक जो शांति वार्ता की बात करते...

**खार्किव, एजेंसी।** यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव में बुधवार को एक रूसी ड्रोन हमले ने तबाही मचा दी. यह हमला सीधे एक किंडरगार्टन पर हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए. यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने बताया कि घटना के दौरान इमारत में मौजूद 50 बच्चों को सुरक्षित निकाला गया.

इस हमले के बाद यूक्रेन के विदेश मंत्रालय द्वारा साझा किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि बचावकर्मी और पुलिसकर्मी रोते हुए बच्चों को गोद में उठाकर बाहर निकाल रहे हैं, जबकि पीछे से आग और धुएं का गुबार उठ रहा है. वीडियो में आग बुझाने के लिए दमकलकर्मी लगातार प्रयास करते दिखे. मंत्रालय ने कहा कि सभी बच्चों को सुरक्षित रूप से निकालकर शेल्टर में स्थानांतरित कर दिया गया है.

**बुडापेस्ट शिखर सम्मेलन टला :** जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सभी बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया है और अब वे शेल्टर में हैं. फिलहाल सात लोग घायल हैं और उन्हें चिकित्सा सहायता दी जा रही है. कई लोग तीव्र तनाव प्रतिक्रिया (acute stress reaction) का सामना कर रहे हैं.

उन्होंने हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा, रूस का यह हमला उन सभी के चेहरे पर थूक है जो शांति वार्ता की बात करते हैं. किंडरगार्टन पर ड्रोन हमला किसी भी तरह से जायजा नहीं ठहराया जा सकता. यह स्पष्ट है कि रूस लगातार अधिक दुस्साहसी होता जा रहा है. इस हमले को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय में भी रोष फैल गया है. विशेषज्ञों का कहना है कि रूस का यह कदम युद्ध को और भी क्रूर और अस्थिर दिशा में ले जा सकता है. यह हमला ऐसे समय हुआ है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच प्रस्तावित बुडापेस्ट शिखर सम्मेलन को टाल दिया गया है. ट्रंप ने कहा कि वे बेकार की बैठक नहीं चाहते, खासकर तब जब रूस ने युद्धविराम की किसी भी अपील को खारिज कर दिया है.

**12 साल की बच्ची सहित चार लोग घायल :** हालांकि, क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि बैठक की तैयारियां अब भी चल रही हैं. उन्होंने आगे कहा कि तारीख तय नहीं हुई है, लेकिन यह दोनों राष्ट्रपतियों की साझा इच्छा है. इसी बीच नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में पहुंचने के बाद जेलेंस्की ने ट्रंप की युद्धविराम प्रस्ताव पर टिप्पणी करते हुए कहा, फ्रंट लाइन को स्थिर करने का विचार एक अच्छा समझौता हो सकता है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि पुतिन इस पर राजी होंगे. खार्किव पर हुए इस हमले से कुछ घंटे पहले ही यूक्रेन की राजधानी कीव और उसके आसपास के इलाकों में भी ड्रोन हमलों की श्रृंखला चली. कीव में एक दंपति की मौत हो गई जब ड्रोन ने उनके अपार्टमेंट ब्लॉक को निशाना बनाया. पास के पोहरेबी गांव में एक घर पर रूसी हमला हुआ जिसमें आग लग गई और एक महिला, छह महीने का बच्चा और 12 साल की बच्ची सहित चार लोग घायल हो गए. यूक्रेन सरकार का कहना है कि रूस लगातार नागरिक ठिकानों को निशाना बना रहा है, जो अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुला उल्लंघन है. जेलेंस्की ने कहा, यह हमला इस बात का प्रमाण है।

# यूक्रेन ने रूस के सबसे बड़े गैस प्लांट पर कर दिया ड्रोन से हमला, सप्लाई बंद

**मास्को, एजेंसी।** रूस-यूक्रेन युद्ध शांत होने की जगह भड़कता ही जा रहा है। दक्षिणी रूस में एक प्रमुख गैस प्रसंस्करण संयंत्र पर यूक्रेन ने ड्रोन से हमला कर दिया। इसके कारण कजाकिस्तान से गैस की आपूर्ति अस्थायी रूप से रोक दी गई। रूसी अधिकारियों ने रविवार को इसकी जानकारी दी है। ओरेनबर्ग स्थित यह संयंत्र विश्व के सबसे बड़े गैस उत्पादन और प्रसंस्करण संयंत्रों में से एक है। इसकी वार्षिक क्षमता 45 अरब क्यूबिक मीटर है और यह कजाकिस्तान के कराचगनाक क्षेत्र से गैस कंडेन्सेट को संसाधित करता है। इसे वहां की सरकारी कंपनी गैजप्रोम चलाती है।

क्षेत्रीय गवर्नर येवगेनी सोलंतसेव के अनुसार, ड्रोन हमलों से संयंत्र की एक कार्यशाला में आग लग गई और संयंत्र का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कजाक ऊर्जा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि गैजप्रोम की सूचना के अनुसार, ड्रोन हमले के कारण संयंत्र अस्थायी रूप से कजाकिस्तान की गैस को संसाधित करने में असमर्थ है।

यूक्रेन की जनरल स्टाफ ने बयान में कहा कि ओरेनबर्ग संयंत्र में आग लगी और एक गैस प्रसंस्करण और शोधन इकाई क्षतिग्रस्त हुई। यूक्रेन ने हाल के महीनों में रूसी ऊर्जा सुविधाओं पर हमले तेज कर दिए हैं, जिन्हें वह मास्को के युद्ध प्रयास को वित्तपोषित करने वाला और सीधे समर्थन देने वाला मानता है।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन से यह संकेत दिया कि शांति स्थापित करने के लिए उसे रूस से खोई हुई भूमि छोड़नी पड़ सकती है। फॉक्स न्यूज को दिए साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कुछ न कुछ ले ही लेंगे और अमेरिका ही ऐसा देश है जो युद्ध जीतकर छोड़ देता है। उन्होंने टॉमहॉक मिसाइलें यूक्रेन को देने के बारे में अनिर्णायक रुख अपनाया और अमेरिकी हथियारों के भंडार के संरक्षण की चिंता जताई।

यूक्रेनी अभियोजक दावा कर रहे हैं कि रूस नागरिक इलाकों को निशाना बनाने के लिए अपने हवाई निर्देशित बमों को बदल रहा है। खार्किव क्षेत्र में रूस ने नए रॉकेट-संचालित बम यूएमपीबी-5आर का इस्तेमाल किया, जो 130 किलोमीटर तक उड़ सकता है। डोनिप्रोपेत्रोव्स्क क्षेत्र में रूसी ड्रोन हमले में कम से कम 11 लोग घायल हुए और कई इमारतें क्षतिग्रस्त हुईं। रूस ने कोयला खदान पर भी हमला किया, जिसमें 192 खनिक सुरक्षित निकाले गए। यूक्रेनी जनरल स्टाफ ने रूस के समारा क्षेत्र में नोवोकुइबिशेव्स्क तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमले का दावा भी किया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उसने रात भर 45 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए।

### जब तक इस्लाम है, जिहाद रहेगा, कहने वाले शेख सालेह बिन फौजान बने सऊदी अरब के नए ग्रैंड मुफ्ती

**रियाद, एजेंसी।** सऊदी अरब सरकार ने बुधवार देर रात अति-रूढ़िवादी इस्लामिक विद्वान शेख सालेह बिन फौजान अल फौजान को देश का नया ग्रैंड मुफ्ती नियुक्ति करने का एलान किया। 90 वर्षीय शेख सालेह बिन फौजान की नियुक्ति सऊदी के शाह सलमान के बेटे और युवराज मोहम्मद बिन सलमान की सिफारिश पर की गई है। शेख सालेह के बयानों की पश्चिम मीडिया में हुई है आलोचना शेख सालेह का जन्म कथित तौर पर 28 सितंबर, 1935 को सऊदी अरब के अल-कासिम प्रांत में हुआ था। अपने पिता की मृत्यु के बाद उन्होंने एक स्थानीय इमाम से कुरान की शिक्षा ली। उन्होंने नूर अला अल-दरब या रास्ता रोशन करो रेडियो शो को लंबे समय तक संबोधित किया। साथ ही कई किताबें भी लिखीं। उनके फतवे या धार्मिक आदेश सोशल मीडिया पर भी साझा किए गए हैं। शेख सालेह को अपने कुछ बयानों के लिए पश्चिमी मीडिया में आलोचना का सामना भी करना पड़ा है।

**शियाओं के लेकर दिए हैं विवादित बयान :** सऊदी अरब के ग्रैंड मुफ्ती सुन्नी मुसलमानों की दुनिया के शीर्ष इस्लामी मौलवियों में से एक हैं। ह्यूमन राइट्स वॉच ने 2017 में बताया था कि जब शेख सालेह से पूछा गया कि क्या सुन्नी मुसलमानों को शियाओं को अपना भाई मानना चाहिए, तो उन्होंने चौंकाने वाला जवाब देते हुए कहा था कि वे शैतान के भाई हैं। उन्होंने कहा कि शिया, ईश्वर उनके पैगंबर और मुसलमानों के बारे में झूठ बोलते हैं। सऊदी अरब और ईरान के बीच राजनीतिक तनाव का



इतिहास है और सऊदी अरब के धार्मिक नेताओं के द्वारा शियाओं के बारे में ऐसी टिप्पणियां आम हैं। साल 2003 में, शेख सालेह ने अपने एक बयान में कहा था कि गुलामी इस्लाम का एक हिस्सा है। गुलामी, जिहाद का हिस्सा है, और जब तक इस्लाम है, जिहाद रहेगा।

**शेख मोहम्मद इब्न अब्दुल वहाब के वंशज :** शेख अब्दुलअजीज बिन अब्दुल्ला अल-शेख के सितंबर में निधन के बाद शेख सालेह ने यह पद संभाला है। अल-शेख परिवार, जो शेख मोहम्मद इब्न अब्दुल-वहाब के वंशज हैं, लंबे समय से सऊदी अरब के ग्रैंड मुफ़्ती के रूप में सेवा देते आ रहे हैं। 18वीं शताब्दी में शेख मोहम्मद इब्न अब्दुल वहाब की इस्लाम की अति-रूढ़िवादी शिक्षाओं, जिन्हें उनके नाम के चलते वहाबवाद कहा जाता है, का दशकों तक सऊदी अरब पर प्रभाव रहा है। खासकर 1979 में ईरान में इस्लामी क्रांति के बाद, सऊदी अरब में भी इस्लाम अधिक रूढ़िवादी हो गया। हालांकि अब मोहम्मद बिन सलमान के शासनकाल में सऊदी अरब ने सामाजिक उदारीकरण किया है, जिसमें महिलाओं को गाड़ी चलाने की अनुमति दी गई है और सिनेमाघर खोले हैं। सऊदी अरब की सरकार अब अपनी अर्थव्यवस्था की तेल पर निर्भरता कम करने का प्रयास कर रही है और पर्यटन को बढ़ावा दे रही है।

# 40 सालों तक अफगानिस्तान में हमारा दखल, पाकिस्तानी रक्षा मंत्री का बड़ा खुलासा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक इंटरव्यू में देश के लंबे समय से चले आ रहे विदेशी हस्तक्षेप की सच्चाई को कबूल किया है. उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पाकिस्तान ने करीब चार दशकों तक अफगानिस्तान के आंतरिक मामलों में सक्रिय रूप से हस्तक्षेप किया, लेकिन अब यह अध्याय समाप्त हो चुका है.

इंटरव्यू में आसिफ ने कहा, हमने पिछले 40 वर्षों में अफगानिस्तान के आंतरिक मामलों में गहरी पैठ बनाई रखी, लेकिन अब हम इस नीति को पूरी तरह त्याग रहे हैं. हमारी कोई व्यक्तिगत शत्रुता नहीं थी; हम केवल बाहरी शक्तियों के इशारों पर काम करते रहे. यह बयान अप्रैल 2025 में दिए गए एक वायरल इंटरव्यू से प्रेरित लगता है, जहां उन्होंने अमेरिका और पश्चिमी देशों के लिए गंदा काम करने की बात स्वीकार की थी. उस समय आसिफ ने खुलासा किया था कि सोवियत संघ के खिलाफ 1980 के दशक में अफगानिस्तान युद्ध के दौरान पाकिस्तान ने आतंकवादी समूहों को समर्थन दिया, जो वास्तव में अमेरिकी एजेंडे का हिस्सा था.

**सीमा पर दोनों देश के बीच तनाव :** आसिफ का यह नए बयान अफगानिस्तान के साथ तनावपूर्ण संबंधों के बीच आया है. हाल ही में दोनों देशों के बीच सीमा पर झड़पें बढ़ी हैं, जहां पाकिस्तान ने तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के ठिकानों पर हवाई हमले किए. आसिफ ने अरब न्यूज को दिए साक्षात्कार में कहा कि अफगानिस्तान अब भारत का प्रॉक्सी बन गया है और काबुल से पाकिस्तान के खिलाफ साजिश रची जा रही है. उन्होंने चेतावनी दी कि पाकिस्तान अब पुराने रिश्तों को बरकरार नहीं रख सकता और किसी भी आतंकवादी गतिविधि का कड़ा जवाब देगा.

क्षेत्रीय विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्वीकारोक्ति पाकिस्तान की विदेश नीति में एक बड़ा बदलाव दर्शाती है. लंबे समय से



अफगानिस्तान की अस्थिरता में पाकिस्तान की भूमिका पर अमेरिका, भारत और अन्य देश सवाल उठाते रहे हैं. 1980 के दशक से शुरू हुए सोवियत-अफगान युद्ध में पाकिस्तान ने आईएसआई के माध्यम से मुजाहिदीन समूहों को हथियार और प्रशिक्षण दिया, जो बाद में तालिबान और अल-कायदा का रूप ले लिया. 9/11 के बाद भी पाकिस्तान ने अमेरिकी नेतृत्व वाले युद्ध में सहयोग किया, लेकिन बदले में आर्थिक और सैन्य सहायता प्राप्त की. आसिफ के अनुसार, यह गलती पाकिस्तान को महंगा पड़ी, जिससे देश में आतंकवाद का बोलबाला हो गया.

**नेशनल असेंबली में बोलते हुए आसिफ किया बड़ा खुलासा :** नेशनल असेंबली में बोलते हुए आसिफ ने कहा, हमारी धैर्य की सीमा पार हो चुकी है. अफगानिस्तान में छिपे आतंकवादी अब हमारी सीमाओं पर हमला कर रहे हैं, और हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे. उन्होंने पाकिस्तान की सैन्य तैयारियों का जिक्र करते हुए कहा कि देश किसी भी आक्रमण का मुकाबला करने को तैयार है. यह बयान 48 घंटे के युद्धविराम के बाद आया है, जब दोनों पक्षों ने सीमा पर गोलीबारी रोकी थी, लेकिन शक-शुब्हाओं का सिलसिला जारी है।

**व्हाइट हाउस के बाहर सुरक्षा द्वार को टक्कर मारने वाला गिरफ्तार : वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति भवन व्हाइट हाउस के बाहर सुरक्षा द्वार को अपनी कार से टक्कर मारने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार लिया गया है। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस ने बताया कि आरोपी ने मंगलवार रात 10 बजकर 37 मिनट पर व्हाइट हाउस के सुरक्षा द्वार को अपनी कार से टक्कर मार दी। अधिकारियों ने उसको तुरंत गिरफ्तार कर लिया। जांचकर्ताओं ने उसकी कार की तलाशी ली और उसे सुरक्षित पाया।

**सिंगापुर में भारत की बेजोड़ स्थापत्य कला का किया गया प्रदर्शन : सिंगापुर, एजेंसी।** भारत और सिंगापुर के बीच राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बुधवार को सूरजमुखी प्रदर्शनी का आगाज हुआ। सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले ने मरिना जलाशय के पास स्थित 105 हेक्टेयर में फैले गार्डन्स बाय द बे में सूरजमुखी की 20 किस्में प्रस्तुत कीं। प्रदर्शनी में जयपुर के ऐतिहासिक इमारतों के मॉडल भी प्रस्तुत किए गए, जो भारत की अद्वितीय स्थापत्य कला का नमूना पेश कर रहे थे।

P-11:28 paga09_jhn.qxd 10/24/2025 8:11 PM Page 1



# दहेज की मांग को लेकर विवाहिता से मारपीट में पांच पर मुकदमा दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/भोजपुर।** गांव रूस्तमपुर तिगरी निवासी विवाहिता ने पति,सास समेत पांच के खिलाफ दहेज की मांग को लेकर मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा लिखाया है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में विवाहिता निशा पुत्री नेमचंद ने बताया है कि 11 महीने पूर्व उसका विवाह गांव रूस्तमपुर तिगरी निवासी आशीष पुत्र विजेंद्र के साथ हुआ था। विवाह में पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार खान-पान एवं उपहार दिए थे। ससुराल वाले दहेज में दिये उपहारों से खुश नहीं थे। वह अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न करने लगे। विवाहिता का कहना है कि बिचौलिए निखिल ने बताया था कि युवक नशा नहीं करता है। जबकि पति नियमित शराब का नशा करते हैं। गुरुवार को पति आशीष,सास शशि, ननद शिवानी व सिक्का और ननदोई सुकनेश ने मारपीट की। पिता नेमचंद और भाई अमन ससुरालियों को समझाने आये तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बालिकाओं को किया उनके अधिकारों के प्रति जागरूक



**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के अंतर्गत थाना क्षेत्र के कुसुम देवी इंटर कॉलेज में छुट्टी के दौरान महिला सुरक्षा टीम द्वारा बालिकाओं की गोष्ठी का आयोजन किया गया, जहां उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। शुक्रवार को मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत कुसुम देवी इंटर कॉलेज में बालिकाओं के साथ गोष्ठी की गई मिशन शक्ति केंद्र मिशन शक्ति साइबर हेल्प डेस्क को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृध्दावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कृषि कर भुगतान योजना, कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि से अवगत कराते हुए एवं महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे-वूमेन पावर लाइन-1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन-181, पुलिस आपातकालीन सेवा -112, स्वास्थ्य सेवा- 102, 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर - 1076, चाइल्ड लाइन 1098, साइबर क्राइम 1930 आदि के बारे में जागरूक किया। इस दौरान साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी गई व पंपलेट वितरण किए गए।

# पांच वर्षों से स्कूली रास्ते पर नहीं हुई सफाई, गंदगी के अंबार से गुजरने को मजबूर बच्चो

- अधिकारियों व ग्राम प्रधान को नहीं रास्ते का पता, स्वच्छ भारत अभियान को लगा पलीता



**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामनगर खागूवाला में ग्राम प्रधान के आवास और पंचायत भवन के पास ही सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई की जा रही है। बाकी गांव में ऐसे भी रास्ते में जहां आज तक सफाई कर्मचारियों व ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव को उन रास्तों पर सफाई कराना तो दूर पता नही नही है। बता दें कि ब्लाक ठाकुरद्वारा क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामनगर खागवूाला में ग्राम प्रधान चार वर्ष पूरे और अंतिम वर्ष चल रहा है, लेकिन ग्राम प्रधान , ग्राम सचिव, सफाई कर्मचारी व एडीओ पंचायत से लेकर खंड विकास अधिकारी को गांव में ऐसे भी रास्ते है जिनपर सफाई कराना तो दूर वह इन रास्तों को जानते नही है। ग्राम पंचायत में एकता एकेडमी है जिसमें करीब पांच गांव के बच्चे शिक्षा ग्रहण करने प्रतिदिन आते है। स्कूल के रास्ते में आज तक किसी सफाई कर्मचारी ने नाली की सफाई करना तो दूर रास्ते में कभी सफाई नही की है। रास्ते के मुख्य द्वार पर ग्रामीणों ने कूड़ियां डालकर गंदगी कर रखी है। जिससे स्कूली बच्चो को बदूबो के कारण निकलना दुश्वार है। तत्कालीन ग्राम प्रधान के कार्यकाल में बने रास्ते में सफाई न होने के कारण नालियां चौक है। घरों के पानी निकासी में दिक्कत है। ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव, एडीओ पंचायत योगेंद्र सिंह , खंड विकास अधिकारी को भी रास्ते पर चार वर्षो से सफाई न होने की जानकारी दी जा चुकी हैं। लेकिन किसी अधिकारी व कर्मचारी ने आज तक रास्ते में सफाई करने का प्रयास नही किया है। जबकि स्कूली रास्ता जर्जर हालत में है। ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, एडीओ पंचायत व खंड विकास अधिकारी सरकार द्वारा संचालित स्वच्छ भारत अभियान पर पलीता फेर रहे है। शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में सफाई व्यवस्था लेकर कड़ें निर्देश पंचायत राज अधिकारी को दिए है। देखना है कि रामनगर खागूवाला में गंदगी से भरे रास्ते पर अधिकारी क्या संज्ञान लेते है।

# भाजपा वरिष्ठ नेता एडवोकेट मनोज गुप्ता के नेतृत्व में ताजपुर माफी के दुकानदारों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन




**उत्तम भारत संवाददाता, मुरादाबाद।** जामा मस्जिद रोड ताजपुर माफी के दुकानदारों को आए दिन पुलिस का उत्पीड़न झेलना पड़ रहा है। पुलिस से परेशान होकर ताजपुर माफी के दुकानदारों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय को ताजपुर माफी के दुकानदारों द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेता एडवोकेट मनोज गुप्ता के माध्यम से ज्ञापन देकर कहां है कि पुलिस द्वारा हम लोगों पर जो उत्पीड़न किया जा रहा है उससे हमें बचाया जाए ज्ञापन में कहा गया है कि प्रार्थीगण जामा मस्जिद रोड, ताजपुर माफी जिला मुरादाबाद के निवासी हैं। प्रार्थीगणो की दुकानें ताजपुर माफी, मुरादाबाद में दोनों साइड पर चाय की कैन्टीन स्थित हैं। प्रार्थीगणो चाय की कैन्टीन की लगभग 30-40 दुकानें हैं लेकिन वहां थाना मुगलपुरा व भोजपुर की पुलिस आये दिन आकर लगभग रात्रि 9:30 बजे प्रार्थीगणों की दुकान जबरदस्ती डण्डे की नोक पर बन्द करा देते हैं। जबकि आस पास के लोग अपने काम से वापस आकर वहां पर रात्रि 9:00 बजे चाय पीने आते हैं उसी से प्रार्थीगणों का घर चलता है। लेकिन थाना मुगलपुरा व भोजपुर की पुलिस लगभग रोज 9:30 बजे आकर ग्राहकों को भगा देती है तथा प्रार्थीगणों को डांटकर दुकान बंद कर देती है। जबकि प्रार्थी गणों की दुकान किराए पर हैं। महोदय प्रार्थी गण इन्हीं दुकानों से अपने घर का खर्च चलते हैं। अपनी रोजी रोटी चलाकर अपने परिवार पालते है। ऐसे में प्रार्थीगण दुकानों का किराया भी नहीं निकाल पाते हैं। पुलिस की इस कार्यवाही से प्रार्थीगणों का घर भी चलना दूभर हो गया है प्रार्थीगणों का एकमात्र आय का साधन यही दुकानें हैं। ज्ञापन देने में वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज गुप्ता के नेतृत्व में ताजपुर माफी के विशाल मोहम्मद नदीम परवेज आलम हामिद अली वालिद शाहनवाज अकरम मोहम्मद शाहबाज नौशाद समीम जावेद फैजल सलमान फैजान सुभान समी अहमद जावेद आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का हुआ आयोजन

- किसानों की विभिन्न समस्याओं और शिकायतों के समाधान के लिए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए निर्देश
- ग्राम सिहारी लद्दा में श्मशान की भूमि पर असामाजिक तत्वों द्वारा गोबर डालने को शिकायत में 01 माह बीतने के बाद भी संबंधित सचिव द्वारा कोई सार्थक कार्यवाही न किए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई



**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बीते माह आयोजित किसान दिवस के दौरान किसानों द्वारा की गई शिकायत एवं समस्याओं को चिन्हित करने के उपरांत अधिकारियों द्वारा उन शिकायतों और समस्याओं के निस्तारण की स्थिति के बारे में बैठक में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई साथ ही किसानों की खाद आपूर्ति, स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति और गन्ना मूल्य भुगतान सहित विभिन्न प्रकार की समस्याएं चिन्हित भी की गई तथा संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया। शाहपुर-मुबारकपुर मार्ग पर विशेष मरम्मत कार्य कराए जाने के संबंध में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग ने बताया कि इस मार्ग पर विशेष मरम्मत कार्य स्वीकृत है मार्ग पर वर्तमान में कार्य प्रारंभ नहीं कराया गया है यथाशीघ्र विशेष मरम्मत का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों की सुविधा के दृष्टिगत मार्ग पर निर्माण कार्य यथा शीघ्र प्रारंभ कराया जाए। बिलारी चीनी मिल से जरगांव जाने वाले हाईवे पर बनाई गई सफेद पट्टी, घास और मिट्टी से ढकने की वजह से राहगीरों को हो रही समस्या और सड़क दुर्घटना होने के मामले में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग ने बताया कि सड़क किनारे साफ सफाई का कार्य करा दिया गया है परंतु शिकायतकर्ता द्वारा संतुष्टि व्यक्त नहीं की गई जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को पुनः गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के लिए निर्देशित किया। विकासखंड बिलारी की सभी 98 ग्राम पंचायतों में गंदगी को लेकर की गई शिकायत के निस्तारण के बारे में जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायतों में अभियान चलाकर सफाई कार्य कराया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनकी ग्राम पंचायत के सचिव मनोज कुमार का कहना है कि उन के विकास खंड में मात्र 02 फॉगिंग मशीन हैं जो खराब हैं इसलिए फॉगिंग कार्य नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी ने किसान दिवस के दौरान जानकारी दी कि फॉगिंग मशीनें उपलब्ध हैं। जिलाधिकारी ने पूरे प्रकरण की जांच कराते हुए संबंधित सचिव के विरुद्ध कार्यवाही के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया। ग्राम सिहारी लद्दा में श्मशान की भूमि पर असामाजिक तत्वों द्वारा गोबर डालने को शिकायत में 01 माह बीतने के बाद भी संबंधित सचिव द्वारा कोई सार्थक कार्यवाही न किए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और जिला पंचायत राज अधिकारी को सचिव के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए निर्देश दिए। गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर भी किसान दिवस के दौरान चर्चा की गई। बिलारी और बेलवाड़ा चीनी मिलों में लंबित गन्ना मूल्य भुगतान की स्थिति के बारे में जिलाधिकारी ने संबंधित जीएम से भुगतान न किए जाने के कारणों के बारे में पूंछा और कहा कि यथाशीघ्र किसानों का शतप्रतिशत मूल्य भुगतान हो जाना चाहिए। साथ ही जिला गन्ना अधिकारी को निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। ग्राम श्यामपुर हादीपुर में संचालित मदिरा दुकान की वजह से स्थानीय लोगों को हो रही दिक्कतों से जुड़ी शिकायत के निस्तारण की स्थिति के बारे में जानकारी के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि आबकारी विभाग द्वारा इस दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित कराने की कार्यवाही की जाए। जनपद में खाद आपूर्ति के संबंध में जिलाधिकारी ने किसानों से बातचीत की। किसानों ने बताया कि नैनो टैगिंग की शिकायतें समय-समय पर की जा रही हैं।जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी और एआर कोऑपरेटिव को निर्देशित किया कि नैनो टैगिंग को नियमानुसार प्रोत्साहित किया जाए परंतु किसी भी किसान पर नैनो यूरिया की खरीद के लिए दबाव बनाने जैसी शिकायतें नहीं आनी चाहिए। बैठक में किसानों ने बताया कि ऐसे प्राइवेट विक्रेता जो खाद की बिक्री कर रहे हैं उनमें से कुछ लोग नैनों टैगिंग नहीं कर रहे हैं परंतु उसके बदले वे 100 रुपए महंगी खाद बेंच रहे हैं। जिलाधिकारी ने इन शिकायतों पर नाराजगी जताई और निर्देशित किया कि नियमानुसार खाद की आपूर्ति प्रक्रिया में बाधक लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। कृषि कार्यों से जुड़े संसाधनों की आपूर्ति में किसी भी स्तर पर अनियमितता और लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि धान खरीद केंद्रों पर निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध होने चाहिए और किसानों को अपने धान की बिक्री के दौरान कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर एसपी ग्रामीण श्री आकाश सिंह, एडीएम प्रशासन गुलाबचंद्र, सीएमओ डॉ कुलदीप सिंह, उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

# मदरसा प्रबंधक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

- वर्जिनिटी सर्टिफिकेट के बिना नहीं मिलेगा मदरसे में प्रवेश



**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** मदरसे मे हुए गंभीर मामले को लेकर परिजनों ने एसएसपी मुरादाबाद के समक्ष तहरीर देकर मदरसा प्रबंधक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई मांग की । शुक्रवार को थाना पाकबड़ा क्षेत्र में एक निजी मदरसे मे एक नाबालिग छात्रा के साथ ऐसी अमानवीय हरकत की है, जो समाज के हर वर्ग के लोगों के लिए चिंता जनक और आक्रोश का विषय बन गई है। मदरसे में पढ़ रही सातवीं कक्षा में पढ़ने वाली एक 12 वर्षीय छात्रा के परिजनों ने मदरसा प्रबंधक के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि संस्थान ने छात्रा को कक्षाओं में प्रवेश देने से साफ इनकार कर दिया। वजह ? एक ऐसी मांग जो न केवल नैतिक रूप से घिनौनी है, बल्कि कानूनी रूप से भी अपराध की श्रेणी में आती है मदरसे में प्रवेश लेने आई छात्रा का मदरसा प्रबंधक ने छात्रा से वर्जिनिटी सर्टिफिकेट जमा करने की शर्त रखी। मदरसा की इस घटना से आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है आरोप है कि जब चंडीगढ़ निवासी पीड़ित छात्रा के परिजन उसे मदरसे छोड़ने पहुंचे। मदरसा प्रबंधक ने केवल प्रवेश से मना कर दिया, बल्कि परिजनों को परिसर से बाहर धकेलते हुए उनके साथ दुव्यवहार और अभद्रता भी की। इस घटना से ना केवल पीड़ित परिवार को मानसिक रूप से आघात पहुंचाया है, बल्कि पूरे समुदाय में मदरसा शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिवार ने तत्काल एसएसपी मुरादाबाद के समक्ष तहरीर देकर मदरसा प्रबंधक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित छात्रा, जिसका नाम गोपनीय रखा गया है (उम्र 12 वर्ष), चंडीगढ़ से मुरादाबाद में रहते अपने रिश्तेदारों के साथ इस मदरसे में कक्षा सातवीं की पढ़ाई कर रही थी। पीड़ित परिवार के अनुसार, छात्रा धार्मिक शिक्षा प्राप्त कर रही थी इस संस्थान का चयन लोदीपुर सीएनजी पंप के सामने क्या जा रहा था छात्रा के परीजन जब छात्रा को मदरसे में छोड़ने जाते थे लेकिन हाल ही में जब परिजन छात्रा को सुबह की कक्षाओं के लिए मदरसे ले जाया करते थे! मदरसा प्रबंधन के खिलाफ उचित कार्यवाही की गई, लेकिन मदरसे का एक शिक्षक ओर प्रबंधक द्वारा आया और बोला कि बच्ची को अंदर आने से पहले उसका वर्जिनिटी टेस्ट सर्टिफिकेट लाना होगा। यह सुनते ही सब लोग स्तब्ध रह गए। लोगे से पूछा कि ऐसी क्या जरूरत है, तो उन्होंने कहा कि यह हमारी नीति है, बिना इसके एंट्री नहींश। जब हमने विरोध किया, तो वे हमें बाहर धकेलने लगे और गालियां देने लगे। मेरी बच्ची वहीं खड़ी रो रही थी, पीड़ित परिवार के एक सदस्य ने आंसू भरी आंखों से बताया। पाकबड़ा पुलिस ने मदरसे के संचालक ने परिजनों से 35000 रुपए जमा करने की मांग की! मोहम्मद शाहजहां पुत्र मोहम्मद जमीर निवासी पोखरिया थाना रानी जनपद पूर्णिया बिहार गिरफ्तार किया। जिसकी उम्र लगभग 38 वर्ष है आज मदरसे से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करो जेल भेजा।

# एसडीएम ने किया धान क्रय केंद्र का निरीक्षण



**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** एसडीएम ने धान खरीद केंद्र का निरीक्षण किया और किसानों को सरकार से मिलने वाली सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश धान खरीद केंद्र के प्रभारी को दिए। एसडीएम कांठ संत दास पवार ने ग्राम फत्तेहपुर बिश्नोई में धान खरीद केंद्र का औचक निरीक्षण किया। वहां पर उन्होंने धान खरीद केंद्र के लक्ष्य के बारे में जानकारी ली और धान बेचने आए किसानों से बात की एसडीएम ने किसानों से पूंछा कि उन्हें धान खरीद केंद्र पर किसी तरह की कोई परेशानी तो धान बेचने में नहीं हो रही है। इसके साथ ही उन्होंने धान खरीद केंद्र के प्रभारी को निर्देश दिए कि जो भी किसान धान खरीद केंद्र पर धान बेचने आए उन्हें सभी सरकारी सुविधा उपलब्ध कराई जाएं। धान खरीद केंद्र पर किसानों को किसी तरह की कोई समस्या ना हो। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप धान की खरीद की जाए। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# तेज रफ्तार डंपर ने लूना सवार वृद्ध दंपत्ति को रौंदा

- वृद्ध महिला की मौके पर मौत, पति गंभीर रूप से घायल, परिजनों में कोहराम

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** लापरवाह डंपर चालक की रफ्तार ने एक वृद्ध दंपत्ति की खुशियां छीन लीं। लूना बाइक पर सवार दंपत्ति को तेज रफ्तार डंपर ने कुचल दिया, जिससे वृद्ध महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। जनपद रामपुर के थाना मसवासी क्षेत्र के गांव लाडपुर निवासी जलिस अहमद (68 वर्ष) अपनी पत्नी खैरुन निशा (65 वर्ष) के साथ शुक्रवार शाम करीब 4.30 बजे लूना बाइक से ठाकुरद्वारा स्थित अपने मकान पर लौट रहे थे। बताया जाता है कि ठाकुरद्वारा तिकोनी पार्क से लेकर काशीपुर चुंगी तक सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है, जिसके कारण मार्ग पर वन-वे यातायात और जाम की स्थिति बनी हुई है इसी दौरान धोबियन मस्जिद के निकट सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने उनकी लूना बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में खैरुन निशा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जलिस अहमद गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायल को तुरंत निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को अपने कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी। हादसे के बाद तिकोनी पार्क से काशीपुर चुंगी तक लंबा जाम लग गया, जिसे पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद खुलवाया। बताया जाता है कि मृतका और उसका पति ठाकुरद्वारा नगर के वार्ड 16 में रहकर मजदूरी करते थे।

## समाचार

# अवैध कब्जे हटाने में अनियमितताएं बरत रहे हैं राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** ग्राम समाज की अनेक चकरोडों तथा सार्वजनिक स्थलों पर भू माफियाओं के कब्जे बरकरार हैं। राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल कब्जे हटाने के प्रति गंभीर नहीं है। शासन की मंशा के अनुसार तहसील कांठ में अधिकारी कर्मचारी कार्य नहीं कर रहे हैं। जानबूझकर लोगों को परेशान किया जा रहा है और ग्राम समाज की चकरोड तथा सार्वजनिक भूमियों पर भू माफियाओं अवैध रूप से कब्जे कर रखे हैं। राजस्व विभाग के लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक अवैध कब्जे हटवाने के प्रति गंभीर नहीं है। क्षेत्र के ग्राम मिश्रीपुर, बेगमपुर, हीरापुर, महमूद कलमी, जहांगीरपुर, कासमपुर, नया गांव, अकबरपुर, मल्लीवाला, इन सभी ग्रामों में बड़े पैमाने पर लोगों ने सैकड़ों बीघा ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप से कब्जे कर रखे हैं। साथ में चकरोड भी लोगों ने अपने कब्जे में कर रखी है। तहसील स्तरीय अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देने के बाद भी ग्राम समाज की भूमि तथा सार्वजनिक चकरोडों से अवैध कब्जे नहीं हटाए गए हैं। जिसको लेकर क्षेत्रवासियों में तहसील प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है। क्षेत्र वासियों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र प्रेषित कर ग्राम समाज की सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटवाने की मांग की है।

# 7 से स्योहारा, 10 से रानी नांगल मिल का पैराई सत्र शुरू होने की संभावना

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** वर्ष 2025-26 पैराई सत्र में स्योहारा शुगर मिल आगामी 7 नम्बर,रानी नांगल शुगर मिल तथा अगवानपुर शुगर मिल का पैराई सत्र आगामी 10 नवंबर से शुरू होने की संभावना है। यह जानकारी देते हुए सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव खेत सिंह ने बताया कि समिति के अंतर्गत वर्ष 2025-26 पैराई सत्र के शुरू होने की क्षेत्र के अंतर्गत तीनों शुगर मिलों ने तैयारियां पूर्ण कर ली है। उन्होंने बताया कि स्योहारा शुगर मिल का पैराई सत्र वर्ष 2025-26 का संचालन 7 नवंबर से शुरू होने की संभावना है। रानी नांगल तथा अगवानपुर शुगर मिल 10 नम्बर से शुरू होने की संभावना है। स्योहारा शुगर मिल का इंडेंड आगामी 3 नवंबर को जारी होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि दीवान शुगर मिल अगवानपुर का पैराई सत्र आगामी 10 नवंबर से शुरू होने की संभावना है जिसका इंडेंड भी आगामी 6 नवंबर तक जारी होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि कांठ क्षेत्र में स्योहारा शुगर मिल के मिल गेट सहित 38, रानी नांगल शुगर मिल के मिल गेट सहित 5, अगवानपुर शुगर मिल के मिल गेट सहित 28, गन्ना क्रय केंद्र बनाए गए हैं। जिन पर निर्धारित तिथियों पर समिति द्वारा किसान के मोबाइल फोन पर पर्ची जारी होने का मैसेज भेजा जाएगा। मैसेज आने पर किसान अपने गन्ने की कटाई कर संबंधित क्रय केंद्र पर अपना गन्ना तुलवाएंगे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 पैराई सत्र की अपेक्षाकृत वर्ष 2025-26 में क्षेत्र की तीनों शुगर मिलों पर अधिक गन्ना खरीदे जाने की उम्मीद है क्योंकि गत वर्ष गन्ने में बीमारी लग गई थी और इस वर्ष पैदावार उत्तम है।

# पैसे नहीं देने का लगाया आरोप

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम फूलपुर निवासी सुनील ने थाना छजलैट में प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि मैं दो व्यक्तियों को काम पर ले जा रहा था। उन्होंने मुझसे खर्चे पानी के लिए एडवांस में पैसे मांगे थे। मैंने एक व्यक्ति को 40 हजार और दूसरे व्यक्ति को 42 हजार रुपए एडवांस दे दिए थे। अब वह दोनों व्यक्ति काम पर जाने के लिए मना कर रहे हैं। घर पर अपने पैसे लेने के लिए जाता हूं तो वह घर पर भी नहीं मिल रहे हैं। उन दोनों व्यक्तियों को लगातार फोन कर रहा हूं, वह दोनों व्यक्ति मेरा फोन भी नहीं उठा रहे हैं। पीड़ित व्यक्ति ने थाना छजलैट में प्रार्थना पत्र देकर अपने पैसे वापस दिलाने की मांग की है।

# तीन भाईयों पर मारपीट व छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/भोजपुर।** पुलिस ने गांव निवासी युवती की तहरीर पर तीन भाईयों के खिलाफ रास्ते में रोककर छेड़छाड़ करने, विरोध करने पर मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी शरद मलिक को दी तहरीर में युवती ने बताया है कि बृहस्पतिवार की शाम को अपनी बहन के साथ पशुओं का चारा लेकर घर को लौट रही थी। गांव का मोहित बहन को रास्ते में रोककर अश्लील हरकतें करते हुए खिंचकर ले जाने लगा। शोर शराबा होने पर आरोपी के भाई पिंटू और रिंकू मौके पर आये और मारपीट करने लगे। आरोपी थाने में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महिला सुरक्षा टीम ने छात्राओं को किया जागरूक

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** राजकीय इंटर कॉलेज में महिला सुरक्षा टीम 13 द्वारा शिक्षिकाओं व छात्राओं के बीच चौपाल का आयोजन कर साइबर क्राइम और सरकारी योजनाओं की दी जानकारी। नगर में शुक्रवार को राजकीय इंटर कॉलेज में शिक्षिकाओं व छात्राओं के साथ एक गोष्ठीध्चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में टीम सदस्यों ने साइबर क्राइम से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी और छात्राओं को सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया। टीम ने छात्राओं व शिक्षिकाओं को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं कृ जैसे वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, कन्या सुमंगला योजना आदि के बारे में जानकारी दी।इसके साथ ही आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों कृ 101 (अग्निशमन सेवा), 102 (स्वास्थ्य सेवा), 108 (एम्बुलेंस), 112 (पुलिस), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1090 (वुमन पॉवर लाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) और 1930 (साइबर हेल्पलाइन) के उपयोग की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को संबंधित योजनाओं एवं हेल्पलाइनों के पंपलेट भी वितरित किए गए। इस दौरान उपनिरीक्षक ललित, महिला हैड कांस्टेबल पूनम, कांस्टेबल गौरव कुमार, रवि सैनी आदि मौजूद रहे।

# एआईएमआई ने चलाया सदस्यता अभियान युवाओं ने ली सदस्यता

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के ग्राम निर्मलपुर में एआईएमआई पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत सैकड़ों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम निर्मलपुर में कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पार्टी का दामन थामा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने ठाकुरद्वारा ब्लॉक के अध्यक्ष पद पर सूफी मावीन को मनोनीत कर मनोयन पत्र सौंपा। कार्यक्रम के दौरान पार्टी नेता नौशाद अली उस्मानी एडवोकेट ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अपने प्रत्याशी मैदान में उतारेगी। उन्होंने बताया कि प्रत्याशियों से आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी मेहंदी हसन, विधानसभा अध्यक्ष सरफराज हुसैन, मौ० शौकेब, मौ० शाकिर, मौ० मूसुफ, मौ० यासीन, वंदना एडवोकेट समेत अनेक कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# उन्नति हुड्डा और रोहन कपूर-रुथविका गड्डे और कविप्रिया सेल्वम-सिमरन सिंघी की जोड़ी फ्रेंच ओपन में हारी



**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुडा महिला एकल, रोहन कपूर-रुथविका गड्डे मिश्रित युगल और कविप्रिया सेल्वम-सिमरन सिंघी की जोड़ी को फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025 के युगल में मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ भारत का टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया।
गुरुवार को खेले गये मुकाबले के दूसरे राउंड में 18 साल की उन्नति हुड्डा को एकल मुकाबले में चीन की वांग झीयी से 21-14, 21-11 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल बैडमिंटन रैंकिंग में 35वें नंबर पर रहीं उन्नति, मौजूदा वर्ल्ड नंबर 2 वांग झीयी के सामने टिक नहीं पाईं और 39 मिनट में मुकाबला हार गईं।
पहले राउंड के मैच में मलेशिया की लेत्शाना करुपथेवन के खिलाफ शानदार वापसी वाली जीत हासिल करने के बाद, उन्नति ने अपनी चीनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अच्छी शुरूआत की और पहले गेम में शुरूआती दौर में 4-3 से आगे भी थीं। वांग झीयी जल्द ही लय में आयी और आसानी से पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में वापसी की कोशिश करते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने पहले दो पॉइंट लिए, लेकिन इसके बाद वांग झी यी ने लगातार 11 पॉइंट लेकर मैच को टीनएजर की पकड़ से बाहर कर दिया।
वहीं मिश्रित युगल में भी भारत का अभियान रोहन कपूर और रुथविका गड्डे के हारने के साथ ही खत्म हो गया। इस साल की वर्ल्ड चैंपियनशिप के ब्रॉन्ज मेडल विजेता, फ्रेंच पांचवीं सीड थॉम गिकेल और डेल्फिन डेलरू के खिलाफ, भारतीय जोड़ी 21-23, 8-21, 17-21 से एक घंटे और 15 मिनट में हार गई।
इस बीच, महिला युगल में कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी को दक्षिण कोरिया की वर्ल्ड नंबर 3 टीम किम हे जियोंग और कोंग ही योंग की जोड़ी ने 34 मिनट तक चले मुकाबले में 21-7, 21-9 से हराया।

# सम्मान बचाने उतरेगा भारत, विराट कोहली और शुभमन गिल पर

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मुकाबले को जीत भारत सम्मान बचाने उतरेगा। पिछले दो मैचों में विफल रहे कप्तान शुभमन गिल और विराट कोहली पर सभी की नजर होगी।
पूर्व कप्तान और शानदार एंकर कोहली ने अभी तक इस सीरीज में अपना दबदबा नहीं दिखाया है, जबकि टीम की कप्तानी कर रहे गिल शीर्षक्रम में नियंत्रण बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनके कंधों पर बहुत बड़ा बोझ है। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हर मोर्चे पर पटखनी दी है। कोहली और रोहित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अब केवल एकदिवसीय मैच ही खेलते हैं, ऐसे में दोनों ही बल्लेबाज सीरीज के अंतिम मैच में बेहतर प्रदर्शन कर सीरीज का सुखद अंत करना चाहेंगे। कप्तान शुभमन गिल के लिए यह दौरा कप्तानी के साथ ही बल्लेबाजी के दृष्टिकोण से भी अच्छा नहीं रहा है। गिल ने पहले दो मैच में कुल 19 रन ही बना पाए हैं। मध्य क्रम में के एल राहुल ने पहले और श्रेयस अय्यर ने दूसरे मैच में अच्छी बल्लेबाजी की थी लेकिन भारत इन दोनों के एक साथ प्रदर्शन करने की उम्मीद करेगा।
सिडनी में भारत को सार्थक चुनौती पेश करने के लिए कोहली को अपनी लय, टाइमिंग और दबदबा वापस आना होगा और गिल को पारी की शुरूआत में उदाहरण पेश करते हुए नेतृत्व करना होगी, ताकि बाद में आने वालों के लिए माहौल सेट हो सके।
वहीं आत्मविश्वास से भरा हुआ ऑस्ट्रेलिया सीरीज का आखिरी मैच जीतकर क्लीन स्वीप के इरादे से मैदान में उतरेगा है। मिशेल मार्श और ट्रैविस हेड शुरूआती आक्रामकता प्रदान करते हैं, जबकि मैथ्यू शॉर्ट और मैट रेनशॉ बीच के ओवरों में पारी को स्थिरता देते हैं। कूपर कॉनली और मिशेल ओवेन फिनिशिंग पावर देते हैं, यह सुनिश्चित करते हैं कि मोमेंटम कभी रुके नहीं। जोश हेजलवुड, मिशेल स्टार्क, जेवियर बार्टलेट और एडम जम्पा की अगुवाई वाला गेंदबाजी



आक्रमण सटीक और लगातार रहा है, जिससे पिछले दोनों मुकाबलों में भारतीय बल्लेबाज दबाव में रहे हैं।
एकदिवसीय प्रारूप में दोनों के बीच कुल 154 मैच खेले गए हैं, जिसमें से 86 में ऑस्ट्रेलिया और 58 में भारत को जीत मिली है। भारत में खेले गए 72 मुकाबलों में 34 में ऑस्ट्रेलिया और 33 में भारतीय टीम को जीत मिली है। ऑस्ट्रेलिया में खेले गए 56 मुकाबलों में 40 में कंगारू और 14 में भारत को जीत मिली है। तटस्थ स्थान पर 26 मैचों में से 11 में भारत और 12 में ऑस्ट्रेलिया ने जीते है।
भारत आक्रमण में धारा लेने के लिए कुलदीप यादव का रुख कर सकता है। बाएं हाथ के रिस्ट-स्पिनर की गेंद को दोनों तरफ घुमाने और इनिंग्स के आखिर में रफ पैच का फायदा उठाने की काबिलियत ऑस्ट्रेलिया के मिडिल ऑर्डर को परेशान कर सकती है, खासकर मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह के साथ नई गेंद से, और बीच के ओवरों में वाशिंगटन सुंदर के कंट्रोल से। यह काफी हद तक कोहली और गिल के फॉर्म और अथॉरिटी में वापस आने पर निर्भर करता है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड की बात की जाये तो यह शुरूआत में सीम मूवमेंट और असमान उछाल ओपनर्स के लिए चुनौती पेश करते हैं। स्पिनर्स को बाद में फायदा मिलता है।
संभावित एकादश ऑस्ट्रेलियाः- मिशेल मार्श (कप्तान), ट्रैविस हेड, मैथ्यू शॉर्ट, मैट रेनशॉ, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कूपर कॉनोली, मिशेल ओवेन, जेवियर बार्टलेट, मिशेल स्टार्क/बेन ड्वारशुइस, एडम जम्पा, जोश हेजलवुड/नाथन एलिस
संभावित एकादश भारतः- रोहित शर्मा, शुभमन गिल (कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर/कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह

# भारत की लड़कों और लड़कियों की कबड्डी टीमों ने जीते स्वर्ण पदक





**मनामा (बहरीन)।** भारत के लड़कों और लड़कियों की टीमों ने कबड्डी स्पर्धा के फाइनल में ईरान के खिलाफ अलग-अलग अंदाज में जीर्त दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किये। ईसा स्पोर्ट्स सिटी में खेले गये मुकाबलों में भारतीय लड़कों की टीम ने ईरान को 35-32 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। जबकि लड़कियों की टीम ने ईरान के खिलाफ एकतरफा कबड्डी के दो हाफ के बाद 75-21 के बड़े अंतर से जीत हासिल की। भारतीय लड़कियों की कबड्डी टीम पहले ग्रुप स्टेज में भी अजेय रही थी। उन्होंने लीग मैचों में बंगलादेश को 46-18, थाईलैंड को 70-23, श्रीलंका को 73-10 और ईरान को 59-26 से हराया था। इसी तरह, भारतीय लड़कों की कबड्डी टीम ने भी ग्रुप स्टेज में अजेय रही। उन्होंने बंगलादेश को 83-19, श्रीलंका को 89-16, पाकिस्तान को 81-26, ईरान को 46-29, मेजबान बहरीन को 84-40 और थाईलैंड को 85-30 से हराया।
इससे पहले दिन में, भारत ने ताइक्वांडो स्पर्धा में दो कांस्य पदक और एथलेटिक्स में एक रजत और एक कांस्य पदक भी जीता था।
देबाशीष दास लड़कों के व्यक्तिगत रिकॉग्नाइज्ड पूमसे स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंचे। उन्होंने राउंड ऑफ 16 में बंगलादेश के ताहिब होसैन उस्मान और क्वार्टरफाइनल में मंगोलिया के अमर अमगालन को हराया था। हालांकि, देबाशीष सेमीफाइनल में चीन के गाओ जिक्सुआन से हार गए और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। मिक्स्ड पेयर रिकॉग्नाइज्ड पूमसे स्पर्धा में, याशिवनी सिंह और शिवांशू पटेल की भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में पहुंचकर कांस्य पदक जीता। उन्होंने क्वार्टर में वियतनाम की टीम को हराया लेकिन सेमीफाइनल में थाईलैंड से हार गए। रंजना यादव ने भी एथलेटिक्स में भारत के लिए पहला पदक जीता, उन्होंने लड़कियों की 5000 मीटर वॉक स्पर्धा में 24:25.88 का समय निकालकर चीन की लियू शियी (24:15.27) के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। भारत की रिया राठौर इसी स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं।
जैस्मीन कौर ने लड़कियों के शॉट पुट में 14.86मीटर थ्रो के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता, जबकि शौर्य अंबुरे ने लड़कियों की 100मीटर हर्डल्स में 13.73 के नए पर्सनल बेस्ट के साथ सिल्वर मेडल जीता।
गुरुवार को मिले सात पदकों के साथ भारत के अब एशियन यूथ गेम्स 2025 में दो स्वर्ण, तीन रजत और पांच कांस्य सहित कुल 10 पदक हो गए हैं और वह पदक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गया हैं।

# भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज में ग्लेन मैक्सवेल और बेन ड्वारशिवस की वापसी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ होने वाली टी-20 सीरीज के लिए ग्लेन मैक्सवेल और बेन ड्वारशिवस की वापसी बुलाया तथा तेज गेंदबाज माहली बियर्डमैन को भी टीम में जगह दी गई है। इसी के साथ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय के लिए जैक एडवर्ड्स को टीम में बुलाया गया है।
क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपने दोनों सफेद गेंद टीम में बदलाव की पुष्टि करते हुए तीसरे एकदिवसीय से मार्नस लाबुशेन को रिलीज कर दिया। लाबुशेन मंगलवार से गाबा में शुरू हो रहे क्वींसलैंड के लिए एनएसडब्ल्यू के खिलाफ शेफील्ड शील्ड मुकाबले की तैयारी करेंगे। इसके अलावा जॉश हेजलवुड और सीन एबट दोनों ही टी-20 सीरीज के अंतिम चरण के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। वह 10 नवंबर से एससीजी में शुरू हो रहे विक्टोरिया के लिए एनएसडब्ल्यु के खिलाफ शेफील्ड शील्ड मैच के लिए उपलब्ध होंगे।



हेजलवुड पहले दो टी-20 ही खेलेंगे जबकि एबट होबार्ट में खेले जाने वाले तीसरे टी-20 के बाद दल से विदाई ले लेंगे।
मैथ्यू कूनेमन पहले वनडे में खेले थे लेकिन एडम जम्पा की वापसी के चलते उन्हें एडिलेड में दूसरे एकदिवसीय में जगह नहीं मिली थी, उन्हें तीसरे वनडे के लिए टीम में शामिल किया गया है। पर्थ वनडे खेलने वाले जॉश फिलिपे को भी एलेक्स कैरी की वापसी के चलते दूसरे वनडे से बाहर का रास्ता दिखाया गया था लेकिन जॉश इंग्लिस की फिटनेस पर असमंजस की स्थिति को देखते हुए उन्हें टी-20 सीरीज के लिए बैकअप विकेटकीपर के तौर पर दल में शामिल किया गया है। मैक्सवेल अंतिम तीन टी-20 के लिए ऑस्ट्रेलिया के दल में वापसी करेंगे, पिछले महीने के अंत में नेट्स में अभ्यास करने के दौरान उनकी कलाई चोटिल हो गई थी। ड्वारशिवस पिंडली में चोट के चलते वनडे सीरीज और तीन टी-20 मैचों के लिए बाहर हो गए थे लेकिन उन्हें क्वींसलैंड में खेले जाने वाले चौथे और पांचवें टी-20 के लिए दल में शामिल किया गया है।
तीसरे एकदिवसीय के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीमः- मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कूपर कॉनली, जैक एडवर्ड्स, नेथन एलिस, जॉश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जॉश इंग्लिस, मैथ्यू कूनेमन, मिचेल ओवेन, जॉश फिलिपे (विकेटकीपर), मैट रेनशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मिचेल स्टार्क और एडम जम्पा। टी-20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीमः- मिचेल मार्श (कप्तान), सीन एबट (पहले तीन मैचों के लिए उपलब्ध), जेवियर बार्टलेट, माहली बियर्डमैन (अंतिम तीन मैचों के लिए उपलब्ध), टिम डेविड, बेन ड्वारशिवस (अंतिम दो मैचों के लिए उपलब्ध), नेथन एलिस, जॉश हेजलवुड (पहले दो मैचों के लिए उपलब्ध), ट्रैविस हेड, ग्लेन मैक्सवेल (अंतिम तीन मैचों के लिए उपलब्ध) जॉश इंग्लिस (विकेटकीपर), मैथ्यू कूनेमन, जॉश फिलिपे (विकेटकीपर), मिचेल ओवेन, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टॉयनिस और एडम जम्पा।

# पीयूष पांडे की आवाज ने भारत को अपनी कहानी पर दिलाया विश्वास : गौतम अदाणी



**अहमदाबाद।** अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने शुक्रवार को पद्म श्री विजेता पीयूष पांडे के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी आवाज ने भारत को अपनी कहानी पर विश्वास दिलाने का काम किया।
गौतम अदाणी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, पीयूष पांडे केवल एक एडवरटाइजिंग लीजेंड ही नहीं थे, वे इससे भी कहीं अधिक बढ़कर थे। वे एक ऐसी आवाज थे, जिसने भारत को अपनी कहानी पर विश्वास दिलाया।
गौतम अदाणी ने पीयूष पांडे को लेकर आगे कहा कि उन्होंने भारतीय एडवरटाइजिंग को उसका आत्मविश्वास, आत्मा और उसका स्वदेशी अंदाज दिया।
उन्होंने बताया कि पांडे उनके एक बहुत अच्छे दोस्त भी थे। उन्होंने पांडे के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए लिखा, एक मास्टर बल्लेबाज की तरह, उन्होंने हर शॉट दिल से खेला। आज भारत ने अपना एक सच्चा बेटा खो दिया है।
इससे पहले अदाणी ग्रुप के एग्रो और ऑयल एंड गैस के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रणव अदाणी ने भी पीयूष पांडे के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया।
उन्होंने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा, मेरे प्रिय दोस्त पीयूष पांडे के निधन की खबर सुनकर दुखी हूं। वे एक क्रिएटिव जीनियस थे, जिन्होंने भारतीय एडवरटाइजिंग को ग्लोबल पावरहाउस का आकार दिया। उनके विचार इंडस्ट्री के बेंचमार्क थे। उन्होंने स्टोरीटेलर्स की कई पीढ़ियों को प्रेरित किया। उन्हें हमेशा याद रखा जाएगा। ओम शान्ति।
पीयूष पांडे की पहचान विज्ञापन की दुनिया में एक मिसाल पेश करने के रूप में होती थी। उन्होंने कई ब्रांड के विज्ञापनों में अपनी आवाज देकर कम्युनिकेशन का तरीका ही बदल दिया। पांडे ने हिंदी और भारतीय मुहावरों को विज्ञापनों में शामिल किया। भारत सरकार की ओर से पांडे को 2016 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उन्होंने 70 वर्ष की उम्र में आखिरी सांस ली। इससे पहले वे कुछ समय कोमा में रहे।

### ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशिया में भी तेजी का रुख

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद हुए। इसी तरह डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। वहीं एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल नजर आया, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक तेजी के साथ बंद होने में सफल रहे। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.58 प्रतिशत उछल कर 6,738.44 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 201.40 अंक यानी 0.89 प्रतिशत कि छलांग लगा कर 22,941.80 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर आज फिलहाल 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ 46,792.62 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिका की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान तेजी का रुख बना रहा।

# केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बर्लिन में टॉप इंडस्ट्री लीडर्स से की मुलाकात, भारत की ग्रोथ स्टोरी में सहयोग बढ़ाने पर रहा फोकस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल अपने बर्लिन दौरे के दौरान कई टॉप सीईओ और इंडस्ट्री लीडर्स से मुलाकात कर रहे हैं।
टॉप इंडस्ट्री लीडर्स के साथ अपनी हाल ही की मुलाकात में उन्होंने भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री से लेकर सेमीकंडक्टर क्षेत्र और देश की क्लीन एनर्जी यात्रा में सहयोग बढ़ाने को लेकर बातचीत की।
केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए कहा, मैंने मर्सिडीज-बेंज ग्रुप के सीईओ ओला कैलेनियस के साथ एक बेहतरीन बैठक की है।
उन्होंने इस बैठक को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि हमने भारत में कंपनी के ऑपरेशंस और उनके विस्तार की योजनाओं पर बातचीत की, क्योंकि वे इंडियन ऑटोमोटिव इंडस्ट्री में अधिक इनोवेशन और सस्टेनेबल ग्रोथ को



बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं।
इसके अलावा, वे इन्फिनियन टेक्नोलॉजीज एजी के सीईओ, जोचेन हानेबेक से भी मिले। हानेबेक से केंद्रीय मंत्री की मुलाकात सेमीकंडक्टर्स और डीकार्बनाइजेशन पहलों में सहयोग के अवसरों को बढ़ाने और विचारों के आदान-प्रदान को लेकर खास रही। भारत के डिफेंस सेक्टर में निवेश को लेकर लेकर केंद्रीय मंत्री गोयल ने आरईएनके जीएमबीएच के व्हीकल मोबिलिटी सॉल्यूशंस डिवीजन के माइकल मासुर से मुलाकात की। इस बैठक में उन्होंने इंजीनियरिंग सॉल्यूशंस, डिजिटाइजेशन और इंटेलिजेंस में सहयोग के नए तरीकों पर चर्चा की।
केंद्रीय मंत्री गोयल ने एक एक्स पोस्ट में बताया कि भारत रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में अपने सस्टेनेबल डेवलपमेंट लक्ष्यों को तेजी से पार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।
इसी कड़ी में उन्होंने ईएनईआरटीआरएजी के मैनेजमेंट बोर्ड के मेंबर मिस्टर टोबियास बिशोफ-नीम्ज से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री ने इस मुलाकात में देश की क्लीन एनर्जी यात्रा में मिलकर काम करने के मौकों पर बात की।
केंद्रीय मंत्री के अनुसार, उन्होंने हेरेनकेनेक्ट एजी के फाउंडर और सीईओ डॉ. मार्टिन हेरेनकेनेक्ट के साथ बैठक में भारत में कंपनी के ग्रोथ प्लान और बेहतर लोकल ऑपरेशन और टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप के जरिए भारत के तेजी से आगे बढ़ते इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में उनकी भागीदारी पर फोकस किया गया।

# उद्योग जगत के दिग्गजों और केंद्रीय मंत्रियों ने ऐड गुरु पीयूष पांडे के निधन पर व्यक्त किया शोक

**नई दिल्ली।** ऐड गुरु पीयूष पांडे के निधन पर शुक्रवार को केंद्रीय मंत्रियों और उद्योग जगत के दिग्गजों ने शोक व्यक्त किया।
केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पद्मश्री विजेता पीयूष पांडे के निधन पर अपनी उदासी को जाहिर करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं है।
केंद्रीय मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, एडवरटाइजिंग की दुनिया में एक महान हस्ती, उनकी क्रिएटिविटी ने कहानी कहने के तरीके को फिर से परिभाषित किया और हमें यादगार और हमेशा याद रहने वाली कहानियां दीं।
उन्होंने पांडे को लेकर कहा कि वे उनके एक ऐसे दोस्त थे, जिनकी चमक उनकी सच्चाई, गर्मजोशी और हाजिरजवाबी में दिखती थी।
केंद्रीय मंत्री गोयल ने लिखा, मैं हमेशा उनके साथ हुई अपनी दिलचस्प बातचीत को याद रखूंगा। वह अपने पीछे एक खालीपन छोड़ गए हैं, जिसे भरना मुश्किल होगा। उनके परिवार, दोस्तों और चाहने वालों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ओम शांति!
वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पीयूष पांडे के निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। वित्त मंत्री



ने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा, वह भारतीय एडवरटाइजिंग के एक दिग्गज और लेजेंड थे, उन्होंने रोजमर्रा के मुहावरों, देसी हास्य और सच्ची गर्मजोशी के साथ कम्युनिकेशन के तरीके को ही बदल दिया। मुझे उनसे कई मौकों पर बातचीत करने का मौका मिला।
वित्त मंत्री ने आगे लिखा कि उनके परिवार, दोस्तों और पूरी क्रिएटिव बिरादरी के प्रति मेरी दिली संवेदनाएं। उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।
दिग्गज उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने पांडे को लेकर कहा कि एक ऐसे इंसान थे, जिन्होंने ऐड इंडस्ट्री पर बहुत बड़ी छाप छोड़ी।
उन्होंने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा, मुझे जो सबसे ज्यादा याद रहेगा, वह उनके बनाए हुए कैंपेन या उनके बनाए हुए ब्रांड्स नहीं, बल्कि उनकी दिल खोलकर हंसी और जिंदगी को लेकर उनका जबरदस्त जोश होगा। अलविदा, मेरे दोस्त। तुमने हम सबकी जिंदगी को बेहतर बनाया।
पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने पीयूष पांडे को भारत के सबसे बेहतरीन कहानीकारों में से एक बताया।
उन्होंने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा, उन्होंने हमें सिखाया कि इमोशन ही क्रिएटिविटी की सबसे सच्ची भाषा है। उनके शब्दों ने ब्रांड्स को इंसान जैसा बनाया और आइडियाज को अमर कर दिया। एक ऐसे लेजेंड को अलविदा, जिन्होंने हमें महसूस कराया, सोचने पर मजबूर किया और हंसाया।

### स्टॉक मार्केट में मिडवेस्ट लिमिटेड की जोरदार एंट्री, मुनाफे में आईपीओ निवेशक

**नई दिल्ली।** नेचुरल स्टोन्स की माइनिंग और प्रोसेसिंग करके देश-विदेश में बेचने वाली कंपनी मिडवेस्ट लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मजबूत एंट्री कर-के अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 1,065 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग करीब 9 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 1,165.10 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 1,165 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली के सपोर्ट से इस शेयर की चाल में और तेजी आ गई। सुबह 10:15 बजे तक का कारोबार होने के बाद कंपनी के शेयर 1.180.65 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। इस तरह अभी तक के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 10.86 प्रतिशत का मुनाफा हो चुका है। मिडवेस्ट लिमिटेड का 451 करोड़ रुपये का आईपीओ 15 से 17 अक्टूबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से शानदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 22.36 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

# शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी की चाल में उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। आज के कारोबार की शुरूआत बढ़त के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों ने एक-दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू कर दी, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल भी ऊपर-नीचे होने लगी। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.05 प्रतिशत की कमजोरी और निफ्टी 0.0027 प्रतिशत की सांकेतिक मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।
सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, ओएनजीसी, श्रीराम फाइनेंस, टाटा स्टील और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 3.89 प्रतिशत से लेकर 0.66 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर सिप्ला, कोटक महिंद्रा, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, टाइटन कंपनी और एक्सिस बैंक के शेयर 2.66 प्रतिशत से लेकर 0.64 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।
अभीतक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,176 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,216 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 960 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 15 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 15 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 24 शेयर हरे निशान में और 26 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 110.83 अंक की मजबूती के साथ 84,667.23 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में उतार-चढ़ाव होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स 84,704.44 अंक तक उछला, वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर ये लाल निशान में 84,392.15 अंक के स्तर तक गिर भी गया। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 43.39 अंक की कमजोरी के साथ 84,513.01 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।
सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 43.70 अंक उछल कर 25,935.10 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही इस सूचकांक की चाल में उतार-चढ़ाव होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी 25,944.15 अंक तक पहुंचने में सफल रहा, लेकिन बिकवाली का दबाव बनने पर ये लाल निशान में 25,840.30 अंक तक गिर भी गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद निफ्टी 0.70 अंक की सांकेतिक उछाल के साथ 25,892.10 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन गुरुवार को सेंसेक्स 130.06 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की मजबूती के साथ 84,556.40 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 22.80 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की उछाल के साथ 25,891.40 अंक के स्तर पर गुरुवार के कारोबार का अंत किया था।